RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 69
फरीदाबाद, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रूपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



साल्ट का अर्धशतक, सुपर जाइंट्स को नाइट राइडर्स ने आठ विकेट से रौंदा

पेज - 12

## सप्तमी माता कालरात्रि



मां कालरात्रि काल का नाश करने वाली हैं, इसी वजह से इन्हें कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि की पूजा करने से हमारे मन का हर प्रकार का भय नष्ट होता है।

मंत्र- 'ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्यै नमः।'

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 38.00°C
न्यूनतम 26.00°C

# ईरान का इजराइल पर हमला, एअर इंडिया ने इजराइल जाने वाली फ्लाइट्स रोकी

### ईरान बोला- पलटवार किया तो और बड़ा हमला करेंगे

**एजेंसी।** तेहरान/तेल अवीव

**ईरान** की सेना ने शनिवार देर रात तीन बजे इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ऑपरेशन टू प्रॉमिस नाम दिया। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे।

इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी। ईरानी हमले पर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि वहां मौजूद भारतीय नागरिकों की रक्षा की की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक इजराइलियों से अलग नहीं है। इजराइल सब की सुरक्षा करेगा। एअर इंडिया ने इजराइल जाने वालीं अपनी फ्लाइट्स को अगली सूचना तक रद्द कर दिया है। एअर इंडिया की फ्लाइट्स मुंबई और दिल्ली से तेल अवीव जाती हैं।



इसके अलावा एअर इंडिया ईरान के एयरस्पेस का भी इस्तेमाल नहीं कर रहा है। इजराइल ने दावा किया है कि शनिवार देर रात ईरान की तरफ से किए गए हमले इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने 99फीसद नाकाम कर दिए। इसका सारा क्रेडिट आयरन डोम और एरो 3 डिफेंस सिस्टम को दिया जा रहा है। जानिए ये दोनों सिस्टम क्या हैं? न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू फिर से वॉर कैबिनेट की मीटिंग करेंगे। सुबह हुई मीटिंग में कुछ सदस्यों ने ईरान पर स्ट्राइक करने का सुझाव दिया था। हालांकि, बाइडेन से नेतन्याहू की बातचीत के बाद इस जवाबी कार्रवाई के फैसले रद्द कर दिया गया था।

ईरान के हमले को देखते हुए वहां मौजूद भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इससे पहले शनिवार को इजराइल में ऑपरेट होने वाली भारत की 2 प्रमुख एयरलाइन्स एयर इंडिया और विस्तारा ने ईरान के एयरस्पेस को इस्तेमाल न करने की घोषणा की थी। इजराइल पर हमले के बाद रविवार सुबह ईरान की संसद बुलाई गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कार्यवाही शुरू होते ही सांसदों ने डेथ टू इजराइल, डेथ टू अमेरिका के नारे लगाए। इजराइल पर हमला करने के लिए ईरानी सांसद सरकार को धन्यवाद कहते भी दिखे।

## सोनीपत के युवक की कनाडा में गोली मारकर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत के रहने वाले एक युवक की कनाडा में 12 अप्रैल की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। कनाडा पुलिस से इस संबंध में ई-मेल प्राप्त होने के बाद मृतक चिराग आंतिल के परिवार ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से न्याय की गुहार लगाते हुए शव को जल्द से जल्द भारत लाने में मदद की अपील की है। सोनीपत के सेक्टर-12 के रहने वाले 24 वर्षीय चिराग आंतिल के परिजनों ने बताया कि वह एमबीए की पढ़ाई करने के लिए सितंबर, 2022 में कनाडा के वैंकूवर शहर गए थे। आंतिल फिलहाल वर्क वीजा पर एक सिक्योरिटी कंपनी में काम करते थे।

## क्विक न्यूज

### त्रिलोकपुर माता से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी पलटी



**अंबाला।** अंबाला जिले में रविवार को श्रद्धालुओं से भरा मिनी ट्रक पलट गया, जिसमें 18 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा गाड़ी का टायर फटने के कारण हुआ है। ये सभी श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता के मंदिर में माथा टेकने के बाद अपने घर कैथल लौट रहे थे। इनमें से 3 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर है। मौके पर जांच के लिए पहुंचे बराड़ा थाने के एसआइ सतीश कुमार ने बताया है कि कैथल के गांव सांघण से 18 श्रद्धालु एक मिनी ट्रक में सवार होकर त्रिलोकपुर माता के दर्शन करने गए थे। रविवार को वे सभी वापस लौट रहे थे। जब उनका वाहन गांव अध्योया के पास पहुंचा तो गाड़ी का टायर फट गया। इससे गाड़ी सड़क किनारे पलट गई। गाड़ी पटलते ही श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने लोगों की सहायता से घायलों को बराड़ा के सामुदायिक केंद्र पहुंचाया।

### सरबजीत के हत्यारे सरफराज की हत्या

**लाहौर।** लाहौर के डॉन अमीर सरफराज की हत्या कर दी गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमीर को लाहौर में कुछ लोगों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। माना जाता है कि अमीर सरफराज और उसके साथी ने ही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के इशारे पर साल 2013 में लाहौर जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत सिंह की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। दिसंबर 2018 में पाकिस्तान की एक कोर्ट ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए सरबजीत की हत्या के 2 आरोपियों को रिहा कर दिया था। उनमें अमीर सरफराज और मुद्दसर शामिल थे। किसी ने इन दोनों के खिलाफ गवाही नहीं दी थी। दरअसल, पंजाब का सरबजीत 1990 में गलती से बॉर्डर क्रॉस कर पाकिस्तान चला गया था। पाकिस्तानी फौज ने उसे भारत का जासूस कहकर बंधक बना लिया था।

### वाणिज्यिक एसी बाजार में वृद्धि की संभावनाएं : उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक एयर कंडीशनिंग (एसी) बाजार में वृद्धि की पर्याप्त संभावनाएं हैं और तेजी से बढ़ते शहरीकरण, ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि के कारण इसे समर्थन मिल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माताओं के संगठन सीईएएमए के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने यह बात कही। सीईएएमए के अध्यक्ष ने कहा कि वाणिज्यिक सी (गर्मी पैदा करने वाले उपकरण, वायु संचार उपकरण और वातानुकूलन उपकरण) खंड में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है। कार्यालयों, खुदरा स्थानों, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं, आतिथ्य प्रतिष्ठानों और शैक्षिक संस्थानों सहित बुनियादी ढांचे के विकास से इसे बढ़त मिल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, घर के अंदर हवा की गुणवत्ता को लेकर बढ़ती जागरूकता, आईओटी और भवन स्वचालित प्रणाली जैसे कारक भी वाणिज्यिक परिदृश्य को नया आकार दे रहे हैं।

## 2019 के स्वच्छ गंगा समेत पांच अधूरे वायदों के साथ भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र जारी

# तीसरी बार सरकार बनी तो 'वन नेशन-वन इलेक्शन' लागू करेंगे : मोदी

- इस बार मर्यादा में बनाया घोषणा पत्र में ज्यादा खोखले वायदे नहीं
- पुरानी योजनाओं के विस्तार और उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया
- घोषणा पत्र के दस बड़े वायदों में कुछ नया नहीं लिया
- 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज,गरीबों के लिए 3 करोड़ घर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर से 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। 2019 में जो घोषणापत्र जारी किया गया था, उसमें स्वच्छ गंगा समेत पांच बड़े ऐसे वायदे हैं, जिन्हें भाजपा आज तक नहीं पूरा नहीं कर सकी। गंगा और यमुना की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं हैं। गरीबों को जितने मकान देने थे, वह भी खोखला वायदा रहा। मोदी 1.0 कार्यकाल में 15 लाख रुपये हर खाते में देने वाला भाजपा का जुमला देश भर में चर्चा का विषय है। इस सबके बीच भाजपा ने रविवार को जो घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें पिछले टर्म में की गई घोषणाओं का विस्तार और उन्हें पूरा करने का संकल्प है। घोषणापत्र को भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे।

संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वायदों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए।





इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी। मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के संकल्प पत्र पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है। पार्टी का ये संकल्प पत्र 76 पन्नों का है, जिसमें कई वादे किए गए हैं। घोषणा-पत्र जारी करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि घोषणा-पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं। इसमें ऑनलाइन माध्यम नमो एप से चार लाख और वीडियो से 10 लाख सुझाव मिले हैं।

घोषणा पत्र के मुताबिक पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा ने कहा कि हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अब, हम इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। भाजप ने कहा कि उसकी सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया है। हम आगे भी सरकारी भर्तियां समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करते रहेंगे। हम सरकारी परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए इच्छुक प्रदेश सरकारों को भी सहयोग देंगे। स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग का विस्तार, स्टार्टअप्स को-मेंटरशिप, सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन, मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से रोजगार के अवसर, हाई-वैल्यू सर्विसेज के लिए ग्लोबल सेंटर्स, उद्यमिता की भावना को बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके अलावा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी। प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी।

दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता। सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर, अनुसंधान और जागरुकता को भी बढ़ावा, प्राकृतिक खेती का विस्तार, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार इत्यादि कार्य होंगे।

एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचजी उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव। एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा।

यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार, अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी, टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी, टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता, कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार, विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण, आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा।

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। अयोध्या में विश्वभर से करोड़ों श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। अयोध्या नगरी कर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। भारतीय पांडुलिपियों का संरक्षण और अध्ययन। प्राचीन भारतीय सभ्यता, शास्त्रीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एक फंड स्थापित किया जाएगा। भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा।

भाजपा ने कहा कि पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे। भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परम्पराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाएगा।

## सलमान खान के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग

**मुंबई।** सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। दो बाइक से आए हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे।घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है।एक्टर के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी। इधर, सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के ठीक बाहर का एक दूसरा वीडियो सामने आया है। जिसमें दोनों हमलावर फायरिंग करते दिखे हैं।

## दिल्ली में बिजली-पानी पर सब्सिडी जारी रहेगी, एलजी की इस घोषणा के बाद कहा

# यही है केजरीवाल की ताकत, जिसे एलजी भी नहीं रोक पाएं : आप

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को कहा था कि दिल्ली में बिजली, पानी और बस किराया सब्सिडी जारी रहेगी क्योंकि ये योजनाएं किसी पार्टी की नहीं हैं। एक प्रेस बयान में एलजी ने कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि केंद्र सरकार और उपराज्यपाल सब्सिडी योजनाएं बंद कर देंगे। क्योंकि दिल्ली सीएम जेल में बंद हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि, जो लोग कहते थे कि वे केजरीवाल सरकार को जेल से नहीं चलने देंगे, उन्होंने हार मान ली है कि वह जेल से ही चलेगी और उनका काम जारी रहेगा। ये अरविंद केजरीवाल की ताकत है।



एलजी वीके सक्सेना को यह बयान इसलिए जारी करना पड़ा क्योंकि कुछ आप नेता जनता के बीच गलत अफवाह फैला रहे थे कि, दिल्ली में मुफ्त योजनाएं बंद हो जाएंगी। इस पर उप राज्यपाल ऑफिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया- इन योजनाओं के लिए जारी पैसा राज्य सरकार के सरकारी खजाने से किया जाता है, न कि किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के खाते से। सक्सेना ने आगे लिखा कि दिल्ली विधानसभा में पेश और पारित होने से पहले विशेष रूप से भारत सरकार और स्वयं उपराज्यपाल द्वारा अप्रूव्ड कोई भी योजना प्रभावित नहीं होती है।

### सीएम केजरीवाल के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है : सौरभ



**एलजी** के बयान का जिक्र करते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, यह सीएम केजरीवाल के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है कि जेल में रहते हुए भी उन्होंने एलजी को यह कहने के लिए मजबूर कर दिया है कि काम और मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी। आम आदमी पार्टी नेता ने आरोप लगाया कि सक्सेना ने अपने पसंदीदा अधिकारियों के माध्यम से हमेशा दिल्ली के लोगों के काम में बाधा डालने की कोशिश की। अब एलजी भी कह रहे हैं कि काम रोकने के बजाय दिल्ली में लोगों के काम और योजनाएं जारी रहेंगी। भारद्वाज ने आगे कहा, जो विचारधारा मुफ्त पानी और मुफ्त बिजली को रेवड़ी कहती थी, वह आज दिल्ली की जनता से वादा कर रही है कि अरविंद केजरीवाल की योजनाओं को कोई नहीं रोक सकता।

## सीकर में दो बच्चों समेत सात लोग जिंदा जले

**एजेंसी।** सीकर

**सीकर** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में आशीर्वाद चौराहे के पास स्थित पुल पर रविवार दोपहर कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार सात लोग जिंदा जल गए। कार में दो बच्चों और तीन महिलाओं सहित सात लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार पुल पर कार अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया और कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्कल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि कार सवार सभी लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले थे। सालासर बालाजी मंदिर से हिसार जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार सवार मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर मौजूद फतेहपुर शेखावाटी पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने में जुटी है।



# हरियाणा में कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट फंसी, सहमति के लिए 2 दिन का टाइम

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी ने बनाई सब कमेटी ने दिल्ली में मीटिंग कर मंथन किया। इस दौरान दो से लेकर तीन सीटों पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और एसआरके गुट में सहमति बन पाई। तीन सीटों पर अभी भी विवाद बना हुआ है। कमेटी अब मीटिंग की रिपोर्ट बनाकर एआइसीसी के अध्यक्ष खड़गे को अपनी रिपोर्ट देंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि आने वाले 1 से 2 दिनों में सहमति बनने के आसार हैं, इसके बाद ही प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया जाएगा। सब कमेटी के अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने लोकसभा टिकटों को लेकर फाइनल बात हुई है। अब रिपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास जाएगी, इसके बाद ही टिकटों पर फैसला किया जाएगा। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी भी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की शनिवार को हुई बैठक में सिर्फ तीन सीटों पर एक राय बन पाई थी। हालांकि घोषणा उनकी भी पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व नहीं कर पाया। अब बची 6 लोकसभा सीटों पर एक राय बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया था। रोहतक, सिरसा और अंबाला सीट को छोड़कर सब कमेटी बाकी 6 सीटों पर एक राय बनाने का टास्क दिया गया था। कमेटी में सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, दीपक बाबरिया (हरियाणा कांग्रेस प्रभारी), भक्त चरण दास, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को शामिल किया गया है।



हरियाणा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा सूबे की दो और लोकसभा सीटों अंबाला और हिसार पर अपना प्रभाव बरकार रखना चाहती हैं। हालांकि सिरसा से केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें उम्मीदवार बनाने पर अपनी सहमति जता दी है, लेकिन फिर भी वह 2 और सीटों पर अपना दावा ठोक रही हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि सिरसा और अंबाला से वह 2-2 बार सांसद रह चुकी हैं। हिसार में भी उनका अच्छा प्रभाव है। यही वजह है कि वह इन तीनों पर अपने अपने समर्थकों को टिकट दिलाने के लिए जुटी हुई हैं।

### हुड्डा गुट 5 सीटों पर ठोक रहा दावा

**नेता** प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी लोकसभा की पांच सीट गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत और करनाल में अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी में हैं। हालांकि रोहतक से उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा का नाम फाइनल हो चुका है, लेकिन इसके अलावा वह सोनीपत, करनाल, गुरुग्राम और फरीदाबाद पर दांव खेलना चाह रहे हैं। इसको लेकर पार्टी की अब तक छह से ज्यादा हो चुकी स्क्रीनिंग मीटिंग में कोई फैसला नहीं हो पाया है। हुड्डा गुट के नेताओं का कहना है कि इन सभी लोकसभा सीटों में जातीय समीकरण के आधार पर उम्मीदवारों को लेकर फेरबदल की तैयारी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने की हुई है। इस गुट के दो बड़े चेहरे पूर्व सीएम हुड्डा और हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पहले ही लोकसभा चुनाव से किनारा कर चुके हैं।

# दो दिवसीय जिलास्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर**-16 स्थित केएल मेहता दयानन्द स्कूल के बैडमिंटन हॉल में फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 23वीं जिला स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन हुआ।

फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फरीदाबाद जिला किक बॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि एकॉर्ड अस्पताल फरीदाबाद के चेयरमैन डॉ. आरसी सोनी थे तथा समारोह की अध्यक्षता अमृता अस्पताल के डॉ. साहिल गाबा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शतायु मल्टीस्पेशलिटी क्लिनीक के चैयरमेन डॉ. ललित अग्रवाल रहे।

# भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता में भारी रोष : अनिल गोयल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**नगर** परिषद के पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल गोयल ने रविवार को पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में देश व प्रदेश की बीजेपी सरकार को हर क्षेत्र में नाकामयाब बताया है। उन्होंने कहा कि हर मुद्दे पर बीजेपी की सरकार पूरी तरह से असफल रही है। बीजेपी व प्रधानमंत्री ने चुनाव से पहले जितने भी वायदे पूरे किए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार झूठे वायदे करके सत्ता में आई है। जनता को बीजेपी की असलियत पता चल गई है। बीजेपी की जनविरोधी नीतियों से जनता दुखी व परेशान है। आने वाले लोकसभा व विधानसभा में जनता बीजेपी पार्टी को सबक सिखायेगी व सत्ता से बेदखल कर देगी। उन्होंने बताया कि बीजेपी से सभी वर्ग के लोग नाराज हैं। इसका सबूत बीजेपी नेताओं का गांवों में भारी विरोध हो रहा है। कई जगह पर बीजेपी नेताओं को गांवों व बस्तियों में घुसने भी नहीं दिया जा रहा है।

गोयल ने कहा कि बीजेपी पार्टी व प्रधानमंत्री ने सत्ता में आने से पहले हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वायदा किया था। आज बीजेपी को सत्ता में आए दस वर्ष होने को हैं, परंतु रोजगार देने की जगह सरकार की तरफ से सरकारी विभागों व कंपनियों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है। जिससे रोजगार मिलने की जगह लोग नौकरी से हाथ धो रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश में पूंजी निवेश के लंबे-चौड़े दावे किए जा रहे हैं। परंतु धरातल पर कहीं कोई विदेशी पूंजी निवेश नहीं दिखाई दे रहा है। नई कंपनियां लगने की जगह कुछ कंपनियां प्रदेश व देश से जा रही हैं। इससे भी रोजगार मे कमी आई है।

गोयल ने बताया कि बीजेपी ने सत्ता में आने से पहले जनता से पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दाम आधे करने का वायदा जनता से किया था। परंतु सत्ता में आते ही इनके दाम कई गुणा बढ़ गए हैं। जिसका असर आम लोगों की जरूरत के सामान आटा, दाल, तेल, घी, सब्जियों आदि पर पड़ा है, इनके दाम आसमान छू रहे हैं। जिससे मंहगाई चरम पर है। मंहगाई बढ़ने से महिलाओं का रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। जिससे लोगों को जीवनयापन करने में कठिनाई हो रही है।

गोयल ने बताया कि बीजेपी ने बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं लोगों को देने का वायदा जनता से किया था। परंतु आज शिक्षा महंगी हो गई है। जिससे गरीब, ग्रामीण, किसानों की पहुंच से बाहर होती जा रही है। ज्यादातर शिक्षक संस्थाएं बीजेपी नेताओं के हाथों में होने की वजह से वे मनमर्जी से फीस, पुस्तकों के दाम, ड्रेस आदि निर्धारित कर रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों, स्टाफ व उपकरणों की कमी बनी हुई है। जिससे लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। यह लोगों के लिए बहुत ही खर्चीला साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि बीजेपी सरकार में विधायकों, सांसदों की पेंशन कई गुणा बढ़ी है। परंतु सरकार सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस देने से आनाकानी कर रही है। गोयल ने बताया कि पहले हजारों की संख्या में बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग लोग पेंशन का लाभ लेते थे। परंतु बीजेपी ने सत्ता में आते ही 90 प्रतिशत पेंशन धारकों की आर्थिक हालात का बहाना बनाकर काट दिया है, जिससे लोग बीजेपी से नाराज हैं। आज देश व प्रदेश में सड़कों की हालात दयनीय है। स्कूलों के भवन जर्जर हैं, अस्पताल व डिस्पेंसरी की हालात भी दयनीय है। दस साल बाद भी पलवल का जिला स्टेडियम नहीं बना है। सरकार द्वारा सेनाओं में अगिनवीर भर्ती योजना शुरू करने से सेनाओं में भर्ती के लिए कोई जाने को उत्सुक नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के दस साल के शासनकाल में जनता दुखी व परेशान है। इसलिए जनता ने बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है।

# जेसीबी उत्पादन में अव्वल, स्वास्थ्य सुविधाओं में पिछड़ा फरीदाबाद

## बीके में आईसीयू की सुविधा नहीं होने से मरीजों को होती है परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद







**जेसीबी** उत्पादन में फरीदाबाद शहर अव्वल स्थान पर आता है। परंतु इसका बीके अस्पताल आज भी आईसीयू जैसी जन सुविधाओं से वंचित है। जिसकी वजह से इस अस्पताल में आने वाले मरीजों को इलाज में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि आईसीयू की सुविधा नहीं होने से यहां पर आए मरीजों को दूसरे शहरों को रेफर कर दिया जाता है, इससे उन्हें इलाज में समय लगता है। कई बार तो वे रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। लोगों ने बगैर देरी के आईसीयू की सुविधा की मांग बीके अस्पताल के लिए की है। जिससे लोगों को दूसरे शहरों को इलाज के लिए धक्के खाने से छुटकारा मिल सके।

जेसीबी उत्पादन में फरीदाबाद शहर देश के अव्वल शहरों में आता है। बल्लभगढ़ स्थित जेसीबी औधोगिक इकाई में हर महीने सैकड़ों जेसीबी तैयार होकर पूरे देश के अलावा कई देशों को भी भेजी जाती हैं। जेसीबी की बिक्री से फरीदाबाद को सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। परंतु उसके बाद भी फरीदाबाद का बीके अस्पताल आईसीयू की सुविधा से वंचित है।

लोगों का कहना है कि बीके अस्पताल में हर रोज सैकड़ों मरीज फरीदाबाद-पलवल जिलों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। उनमें से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को आईसीयू की सुविधा नहीं होने से दिल्ली व रोहतक के अस्पतालों को रेफर होना पड़ता है। जिससे मरीज को अस्पताल तक पहुंचने में घंटों लग जाते है। जिससे कई बार अधिक खून बहने से वे बीच रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। जो पहुंच भी जाते हैं तो वे वहां पर इलाज में लगने वाले समय और धन के खर्च से टूट जाते हैं। फरीदाबाद-पलवल के लोगों ने कई बार क्षेत्र के सांसद, विधायकों से बीके अस्पताल में आईसीयू सुविधा शुरू करवाने की मांग की है, परंतु उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

फरीदाबाद जेसीबी उत्पादन में देश में अव्वल शहरों में से एक है। इससे फरीदाबाद को सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व मिलता है। परंतु उसके बाद भी फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा नहीं है। जिससे लोगों को दिक्कत होती है।

**-राहुल सिंह,** अटाली

फरीदाबाद के बीके अस्पताल में बगैर देरी के आईसीयू की सुविधा शुरू की जाए। जिससे बीके अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का यहीं पर इलाज हो सके और उन्हें बाहर न भटकना पड़े।

**-अरूण अत्री,** मोहना

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई




**फरीदाबाद।** भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर फरीदाबाद स्थित हार्डवेयर चौक पर दीनदयाल गौतम, विजय कृष्ण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चौधरी करण सिंह दलाल ने प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जगन डागर, ऋषि चौधरी, अनिल शर्मा, रोहित सिंगला, योगेश तंवर, सुदेश डागर, अनिल पोसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सभी आयोजनकर्ताओं का हार्दिक आभार जताया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया।

# दस साल बाद भी नहीं तैयार हुआ पलवल का जिला स्टेडियम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद






**लोकसभा** चुनाव की घोषणा होते ही एकाएक हर जगह चुनाव व राजनीतिक पार्टियों के नितियों और वायदों पर चर्चा शुरू हो गई है। कुछ लोग बीजेपी की नीतियों को देश के लिए हितकर बता रहे हैं तो कुछ लोग बीजेपी की नीतियों को लोगों के लिए खतरनाक बता रहे हैं। खेल से फुर्सत के समय चुनावी चर्चा के दौरान हुडा सेक्टर दो में अमित कुमार का कहना था कि बीजेपी के शासन में एशियाड, वर्ल्ड स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बीजेपी सरकारी की तरफ से करोड़ों रपये के इनाम दिए जा रहे हैं। जिसका असर खेलों में भी पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं कई मेडल जीते हैं। उनकी बात को काटते हुए सचिन व राहुल खान का कहना था कि दस साल पहले कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय में पलवल में जिला स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी। परंतु दस साल बीत जाने के बाद भी पलवल का जिला खेल स्टेड़ियम आज भी अधूरा है। जिसकी वजह से आज भी यहां के खिलाड़ियों को खेलों की तैयारी के लिए दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद स्टेडियमों में जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इनेलो सरकार के समय खेलों की बेहतरी के लिए गांव स्तर पर स्टेडियमों का निर्माण किया गया था। परंतु बीजेपी के दस साल के शासनकाल में इन स्टेडियमों की हालात दयनीय है। स्टेडियम में न खेलों का सामान है और न ही कोचिंग की सुविधा के लिए खेल प्रशिक्षक हैं।

इस अवसर पर युधिष्ठिर का कहना था कि पहले खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर खेल की नर्सरी पलवल में थी। परंतु अब उनको खत्म कर दिया गया है। जिससे खेलों में गिरावट आई है। सरकार को खेलों की नर्सरियों को दोबारा से खोला जाना चाहिए। जिससे छोटी उम्र में ही खिलाड़ी यहां से खेलों का प्रशिक्षण लेकर आगे जा सकें। उन्होंने बताया कि नर्सरियों में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ खाने की डाइट के पैसे भी मिलते थे। इससे गरीब के बच्चे भी खेलों में आगे जाने लगे थे। परंतु अब ये सुविधा नहीं है। उनका कहना था कि प्रत्याशी खेल की तरफ ध्यान देने का भरोसा दिलाएं तो बात बने।

# रोटरी एनआईटी ने साईं धाम की बेटियों को दिया तोहफा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्वाइकल** कैंसर को लेकर रोटरी क्लब एनआईटी व साईं धाम द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय है। उक्त वाक्य विधायक नरेंद्र गुप्ता ने साईं धाम में आयोजित विशाल सर्वाइकल वैक्सीनेशन कैंप में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर डीजी रोटरी जितेंद्र गुप्ता, दीप्ती गुप्ता, साईं सेवक मोतीलाल गुप्ता, भाजपा मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब एनआईटी के प्रधान वीरेंद्र मेहता ने की। इस मौके पर सम्मानीय अतिथि के रूप में अजीत जालान डीजीएनडी, वंदना भल्ला, विनय भाटिया, संजीव जवाहर, राजन गेरा, प्रेम पसरीचा, अमरजीत, वीनू शर्मा, संदीप सिंघल, धीरज भूटानी, मनोज सिंधु, सुनील मंगला, विपिन चंदा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने साईं धाम देश का पहला सर्वाइकल वैक्सीनेशन वाली छात्राओं वाला स्कूल बनने पर मोतीलाल गुप्ता व रोटरी एनआईटी की टीम को बधाई दी। इस मौके पर प्रधान वीरेंद्र मेहता ने बताया कि यह अब तक का सबसे बड़ा वैक्सीनेशन कैंप है तथ कैंप में रोटरी कैंसर फाउंडेशन, साईं धाम व रोटरी एनआईटी के संयुक्त सहयोग से 526 बेटियों को वैक्सीन लगाई।

# शहर के विकास की ओर ध्यान देने वाला हो सांसद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

लोकसभा चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। तिथि की घोषणा होने के बाद प्रत्याशी अपने-अपने एजेंडे पर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं। मतदाता भी अपने-अपने हिसाब से सांसद प्रत्याशी को तौलेंगे। हालांकि सबकी प्राथमिकता साफ छवि व सुशिक्षित प्रत्याशी को जिताने की रहेगी, लेकिन लोग स्थानीय मुद्दों पर भी प्रत्याशियों को कसने की तैयार रहेंगे।






क्षेत्रीय सांसद आमजन के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। सबका हित ऐसे सांसद के निर्वाचन में है, जो जनसमस्याओं को समझ उनका समय रहते निराकरण करा सके। इसलिए सांसद वही बने, जिसे आम लोगों की समस्या का अहसास हो। **-रचना**



सांसद आम समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए। मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सांसद की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए सांसद वही निर्वाचित हो जिसे आम लोगों की मूलभूत समस्याओं जैसे-पानी, पथ प्रकाश व सफाई आदि की आवश्यकताओं का ज्ञान हो। **-नगेंद्र**



सांसद में सामाजिक सद्भाव होना चाहिए। सद्भाव ऐसा गुण है जो लोगों की समस्याओं को समझ उनका निराकरण कराने के प्रति प्रेरित करता है। सामाजिक सद्भाव का भाव होने से वह लोगों की समस्याओं का निराकरण कराएगा। **-पूनम**



सांसद संवेदनशील होना चाहिए। उसकी संवेदना शहर के प्रत्येक नागिरक के प्रति समान हो। उसे इस बात का ज्ञान हो कि कौन सी समस्या लोगों को अधिक परेशान करती है। वह आम लोगों के बीच का ही होना चाहिए, जिसे किसी दिक्कत पर ढूंढना न पड़े। **-कमल**

# हॉमर्टन स्कूल संस्थापक कुलदीप के निधन पर जताया शोक



**फरीदाबाद।** कुलदीप सिंह, हॉमर्टन ग्रामर स्कूल, सेक्टर-21ए, फरीदाबाद के दूरदर्शी संस्थापक, 13 अप्रैल को शिक्षा के प्रति उत्कृष्टता और समर्पण की विरासत छोड़कर शांतिपूर्वक इस दुनिया से चले गए।

उल्लेखनीय दूरदृष्टि और अटूट प्रतिबद्धता के व्यक्ति, एसडीआर, कुलदीप सिंह, फरीदाबाद शिक्षा परिदृश्य में एक मार्गदर्शक रहे हैं। युवा दिमागों को पोषित करने की उनकी अग्रणी भावना और जुनून ने हॉमर्टन ग्रामर स्कूल को फरीदाबाद के प्रमुख संस्थानों में से एक में बदल दिया है।

अंग्रेजी में मास्टर स्नातक, एसडीआर, कुलदीप सिंह जी शिक्षण के प्रति अपने नवीन दृष्टिकोण और अवधारणा-आधारित शिक्षा पर जोर देने के लिए जाने जाते थे। उनके अथक प्रयासों ने अनगिनत जिंदगियों को आकार दिया है और छात्रों की पीढ़ियों को उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। एसडीआर, कुलदीप सिंह का अंतिम संस्कार रविवार को शाम चार बजे अजरौंदा श्मशान घाट पर किया गया। इस अवसर पर उनके परिजनों ने शोक संवेदना व्यक्त कीं।

# छठ पर्व पर सूर्य को दिया अर्ध्य



**फरीदाबाद।** चैत्र मास के छठ पर्व के अवसर पर जगह जगह घाट बनाए गए। घाट बनाकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया और मन्नतें मांगी। पूर्वांचल के लोगों द्वारा सभी के लिए मंगलकामना की गई। इस अवसर पर अनेक महिला श्रद्धालुओं ने बच्चों की दीर्घायु की मन्नत मांगी। उन्होंने प्रसाद वितरित कर सभी को पर्व की बधाई दी।

# श्री महारानी वैष्णो देवी मंदिर में छठे नवरात्र पर हुई मां कात्यायनी की पूजा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**महारानी** वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्रों के छठे दिन मां कात्यायनी की भव्य पूजा अर्चना की गई। प्रात:कालीन आरती व हवन यज्ञ में माता के समक्ष पूजा अर्चना कर भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाई। इस अवसर पर मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने हवन यज्ञ का शुभारंभ करवाया और भक्तों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उद्योगपति आरके बत्रा, मंदिर संस्थान के अध्यक्ष प्रताप भाटिया, अमिताभ गुलाटी, नवीन दुबे, कैलाश एवं अजय ने मां के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई और पूजा अर्चना में शामिल होकर मां कात्यानी का आशीर्वाद लिया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने आए हुए सभी अतिथियों को माता रानी की चुनरी एवं प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर श्री भाटिया ने भक्तों को मां कात्यानी की महिमा से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उनके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती परांबा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया।

इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है। इनकी कृपा से ही सारे कार्य पूरे जो जाते हैं। ये वैद्यनाथ नामक स्थान पर प्रकट होकर पूजी गईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं।

भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा की थी। यह पूजा कालिंदी यमुना के तट पर की गई थी। इसीलिए ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। ये स्वर्ण के समान चमकीली हैं और भास्वर हैं। इनकी चार भुजाएं हैं। दाईं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। मां के बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




दिलों पर राज करते हैं करोड़ों के चहेते हैं
उन्हें दिल से दुआएं रात दिन सब लोग देते हैं
चमक उठती हैं आँखें कैमरों को देखकर लेकिन
हमारी दुर्दशा को देख मुख वो फेर लेते हैं

# इतनी भीड़ चाय पर मिलेगी तो हर महीने यहां आते

## बीजेपी से गठबंधन टूटने के बाद दुष्यंत चौटाला का फरीदाबाद का पहला दौरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जननायक** जनता पार्टी के प्रेरणास्रोत्र और मार्गदर्शक व हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रविवार को फरीदाबाद तिगांव विधानसभा में सराय अशोक एंक्लेव पार्ट-2 में जेजेपी प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी के निवास स्थान पर पहुंचे।

बीजेपी से गठबंधन टूटने कर बाद दुष्यंत चौटाला का पहली बार फरीदाबाद में दौरा था। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से पूर्व डिप्टी सीएम का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने की कड़ी में तिगांव विधानसभा से जेजेपी कार्यकर्ताओं ने उमेश भाटी के नेतृत्व में बड़ी माला से दुष्यंत चौटाला का स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ता भाई दुष्यंत तुम संघर्ष करो हम तुम्हरे साथ हैं के नारे लगाते दिखाई दिए।

इस मौके पर तिगांव विधानसभा के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने दुष्यंत चौटाला का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जाट समाज की ओर से लाखन सिंह, ब्राह्मण समाज से अनिल शर्मा, क्षत्रिय समाज से गगन सिसोदिया, वैश्य समाज से लोकेश गोयल, आर्यसमाज से डॉ. वेद प्रकाश, जैन समाज से अनुराग जैन, अयोध्या धाम सेवा समिति से गोपाल चौहान के अलावा आरडब्ल्यूए सेक्टर-37 प्रवीण चौहान, गुर्जर समाज की ओर से राजेंद्र मावी, अशोक, अनिल शर्मा, आजाद लेन से नरेश साहनी, अग्रवाल समाज से लोकेश गोयल। शिव एंक्लेव थर्ड, राजीव नगर , स्माइल पर, पल्ला, शिव कॉलोनी, सराय से काफी संख्या में लोगों ने पगड़ी पहनाकर और फूल मालाओं से स्वागत किया ।

इस अवसर पर उमेश भाटी ने स्वागत करते हुए कहा कि देर ही सही लेकिन दुष्यंत चौटाला उनके घर पहुंचे हैं, जिसके बाद विधानसभा के कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है। कार्यकर्ता हरियाणा के भविष्य को एक झलक देखना चाहते थे। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इतने ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता और आम जनता उनके स्वागत के लिए यहां पहुंची है ये उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उन्हें अगर पता होता कि उन्हें ऐसी चाय मिलेगी तो वह हर महीने यहां आ जाते।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि फरीदाबाद के गूंगे बेहरे सांसद को हटाने का समय आ गया है। आप ऐसा सांसद लोकसभा में भेजें जोकि लोकसभा में आपकी बात को मजबूती से रख सके, जेजेपी पार्टी को मजबूत करे और आने वाले लोकसभा के चुनाव में जेजेपी पार्टी को वोट देकर अपने विकास के सपने को पूरा करे। इस मौके पर जेजेपी नेताओं में ऋषिराज राणा लोकसभा प्रभारी, कृष्ण जाखड़ आदि मौजूद थे।

## मृतक की पहचान



आप सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12-04-2024 को शमशान घाट रोड धीरज नगर तिलपत एक झाड़ी के पास किसी नाम पता नामालूम व्यक्ति की नाश पड़ी मिली जिसके सिर व मुंह पर चॉट लगी हुई थी। जिसका रंग सांवला, लंबूतरा चेहरा, दुबला-पतला शरीर, कद 5-5 उम्र करीब 35/40 वर्ष जिसने नीले कलर की पेंट जिस पर भूरे कलर बेल्ट, जिसने आसमानी कलर की फूल बाजू टी-शर्ट जिसमे काली धारी, उसके नीचे पीले कलर की हाफ टी-शर्ट, नीचे सँडो बनियान पहनी है। गले में ताबीज व जनेऊ पहने हुए था व पैरो में हवाई चप्पल पहने हुये था। DD No 354, dt. 12-04-2024,अगर किसी थाना या चौकी में कोई गुमशुदगी हो तो चेक करके प्रबन्धक थाना पल्ला फरीदाबाद को सूचित किया जावे ताकि नामपता नामालूम व्यक्ति की पहचान हो सके ।

**प्रवन्धक अफसर थाना पल्ला फरीदाबाद मो० 9582200139**

# बारिश के कारण आधे शहर में कई घंटे बिजली आपूर्ति रही ठप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रविवार** तड़के व शनिवार शाम को बारिश से जहां एक ओर मौसम खुशनुमा हो गया, वहीं कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। ज्यादातर इलाकों के फाल्ट के चलते कई घंटे बिजली नहीं आई। फाल्ट और ब्रेक डाउन के चलते कई इलाकों में फ्लक्चुएशन के कारण कार्यालय में कामकाज ठप रहा। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शनिवार शाम को बारिश शुरू होते अलग-अलग इलाकों में अचानक बिजली चली गई। सबसे ज्यादा दिक्कत एनआईटी एक, दो, तीन, पांच, राजीव कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, संजय कॉलोनी व सेक्टर 22, 23, मेवला महाराजपुर, जवाहर कॉलोनी, एसजीएम नगर, तिलपत, जनता कॉलोनी, जीवन नगर, इंद्रा कॉलोनी, बसेलवा कॉलोनी, तिगांव समेत अन्य कई इलाकों में देखने को मिली। एनआईटी-5 में करीब तीन घंटे बिजली के आने जाने का खेल चलता रहा। दोपहर तीन बजे गई बिजली शाम करीब साढ़े छह बजे आई। लोगों ने बताया कि बारिश शुरू होने के बाद लाइट चली गई, जिससे लोगों को काफी परेशान हुई।



वहीं कई दिनों से बिजली फाल्ट और ब्रेक डाउन की समस्या काफी बढ़ गई है। मथुरा रोड और पाली सबस्टेशन में दो दिनों से फाल्ट और ब्रेक डाउन की घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को भी दोनों सबस्टेशन से जुड़े दो दर्जन इलाकों में कई घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे लोग काफी परेशान रहे।

मथुरा रोड और पाली सब स्टेशन में गांव पाली, धौज, सरूरपुर, नंगला, गौंछी, जीवन नगर, राजीव नगर, प्रतापगढ़, सेक्टर-16, सेक्टर-29, 30 आदि इलाके शामिल हैं। पिछले कई दिनों से तापमान बढ़ने के साथ ही घरों में एसी, फ्रिज, कूलर, पंखे आदि चलने लगे हैं। इससे बिजली की मांग बढ़नी शुरू हो गई है। शहर में बिजली की मांग करीब 200 लाख यूनिट तक पहुंच गई है, लेकिन आपूर्ति करीब 170 लाख यूनिट ही हुई है। मांग और सप्लाई में अंतर आने और ओवरलोडिंग के कारण फाल्ट और ब्रेक डाउन की समस्या बढ़ने लगी है। रविवार को नंगला, सरुरपुर, गाजीपुर आदि इलाकों में सुबह ही बजे बिजली गई। इसके बाद दोपहर करीब एक बजे आई। इसके बाद दोपहर तीन बजे गई बिजली शाम को आई। ऐसे में जिन घरों में इनवर्टर लगे हैं उन्हें तो ज्यादा परेशानी नहीं झेलनी पड़ी, लेकिन अन्य लोगों को काफी दिक्कत हुई।

> **बारिश** को लेकर सभी कार्यकारी अभियंता, एसडीओ और जेई को अलर्ट जारी किया है। बारिश से कुछ इलाकों में फाल्ट या ट्रिपिंग के सूचना मिली थी, बारिश रुकने के बाद तुंरत मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया गया।
> **नरेश कक्कड़,** अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम

## विवाहिता का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला

**पलवल।** गांव कुमरेहडा में 25 वर्षीय विवाहिता मेहरम का शव कमरे में लटका मिला। उसके दो बच्चे घर में रो रहे थे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर घर वाले एवं पड़ोसी पहुंचे। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। मृतक का पति ड्राइवर है। वह घटना के समय बाहर था। थाना प्रभारी टेक सिंह डागर ने बताया कि अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष ने कोई शिकायत नहीं दी है। मृतक के मायके वाले भी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जलियांवाला बाग के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि



**पलवल।** हथीन के विश्रामगृह में अखिल भारतीय शहीदाने सभा के तत्वावधान में जलियांवाला बाग नरसंहार में बलिदान हुए क्रांतिकारियों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि 13 अप्रैल 1919 के नरसंहार में हजारों भारतीयों को अंग्रेजी जनरल डायर ने मौत के घाट उतार दिया था। जनरल डायर की यह कायराना करतूत इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हमारे देश के युवाओं को शहीद उधम सिंह के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए की कैसे उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित करके जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लंदन में जाकर जनरल माइकल ओ डायर को मारकर लिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने बलिदानियों के बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि हमें समाज में व्याप्त बुराइयों को लेकर भी आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि आज का युवा नशे, जुआ और लूटपाट सहित अन्य वारदातों को अंजाम देने में लगा हुआ है। इस मौके पर सभा के कार्यकारी राष्ट्रीय प्रधान डॉ. असगर हुसैन, जिला प्रधान जवाहर सिंह रावत, डॉ. प्रभुदयाल आर्य, पूर्व सरपंच उदयसिंह, मोहम्मद जकरिया, सुभाषचंद्र, समाजसेवी गजराज आर्य, कवि केसरीलाल, निसार, हनीफ, छोटे लाल, लोकेश कुमार, ओमबीर, बिलाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### फरीदाबाद को कृष्णपाल पर पूरा भरोसा : भड़ाना



**फरीदाबाद।** पूरे फरीदाबाद लोकसभा की क्षेत्र की जनता जिस तरह से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल को अपना प्यार दे रही है उसे देख लग रहा है कि इस बार भी वह जीत का बड़ा रिकॉर्ड बनाएंगे। यह विचार भाजपा नेता धर्मवीर भड़ाना ने रविवार सेक्टर-21 में समाजसेवी जीतराम वशिष्ठ के आवास पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेक्टर हो या कॉलोनी हर जगह केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर जो फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के उम्मीदवार हैं, उनका स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने कहा पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार कृष्ण पाल गुर्जर पर भरोसा जताया है और इस बार मंत्री जी केंद्र में केबिनेट मंत्री बनेंगे और फरीदाबाद में और ज्यादा विकास कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा देश को मोदी पर और फरीदाबाद को कृष्णपाल गुर्जर पर पूरा भरोसा है। इस मौके पर समाजसेवी जीतराम वशिष्ठ ने कहा कि मंत्री के आशीर्वाद से हमारे सेक्टर में विकास कार्यों की झड़ी लगी है। मंत्री ने यहां हर तरह के विकास कार्य करवाए। हम तीसरी बार भी मंत्री को भारी मतों से जिताने का संकल्प लेते हैं। इस मौके पर मेहर चंद हरसाना, तेजवंत सिंह बिट्टू, बृजमोहन भड़ाना, आकाश गुप्ता, पंडित स्वामी, पंडित बक्शी एन अल जांगीर, एचपी सिंह, कुलदीप वशिष्ठ, केसी अग्रवाल, गिरीश शर्मा, राकेश भाटी, गजराज नागर, विनोद भड़ाना, मनोज भड़ाना, महेंदर शर्मा, आरके तिवारी, आरके शर्मा, कौशल वशिष्ठ शाहिद सेक्टर-21 के तमाम लोग मौजूद थे।

### डीकेआरके मोटर्स प्रबंधन को यातायात के नियम बताए



**पलवल।** पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला के निर्देशानुसार यातायात थाना पलवल प्रबंधक निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने डीकेआरके मोटर्स पलवल प्रबंधन एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में जिला पलवल पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला चुकी हैं। टीम ने जानकारी देते हुए बताया कि माता-पिता 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों को मोटरसाइकिल इत्यादि सार्वजनिक स्थान पर चलाने के लिए न दें। ड्राइविंग सीखते समय अपनी कार के पीछे एल का निशान जरुर लगवायें। वाहन का प्रयोग करते समय दो पहिया वाहन पर हेल्मेट और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग जरुर करें, क्योंकि यह दो सुरक्षा कवच वाहन चलाते समय किसी प्रकार से असुविधा के कारण दुर्घटना हो जानें पर अपनी जिंदगी को बचाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों को सुचारू रूप से आवगमन हेतू यह जरूरी है कि वे सभी यातायात नियमों का पालन करें। दुपहिया, ऑटो, कार, भारी वाहन अपनी निर्धारित लेन में ही वाहन चलाएं। निर्धारित सीट के अलावा सवारी न बैठायें, क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन भी होता है। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की पालना करने के बारे में शपथ भी दिलाई गई।

### शराब पीकर मोहल्ले को किया परेशान तो थाने में कटेगी रात

**फरीदाबाद।** शराब पीकर हुड़दंग करने और शोर शराबा कर लोगों को परेशान करने वालों की अब खैर नहीं। ऐसे लोगों से निपटने के लिए एनआईटी जोन में डीसीपी ने एक कमेटी का गठन किया है। इसमें थाना प्रभारी, बीट प्रभारी सहित आरडब्लूए के पदाधिकारी व अन्य मौजिज लोग शामिल रहेंगे। शांति भंग करने वालों की जानकारी कमेटी के लोग ग्रुप पर देंगे, इसके बाद पुलिस की टीम हुड़दंगियों की खबर लेगी। डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह ने एनआईटी पांच थाने में वरिष्ठ नागरिकों के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसमें वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनके भरण-पोषण तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड, डायल-112 और नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक किया गया। मीटिंग में थाना एनआईटी प्रभारी राजेश कुमार, एसजीएम नगर से सुनील, कोतवाली से मनोज और महिला थाना एनआईटी प्रभारी सविता मौजूद रहीं। डीसीपी ने लोगों को बताया कि पुलिस अब लोगों की शांति भंग करने, शराब पीकर हंगामा करने और पड़ोसियों को परेशान करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने जा रही है। ऐसे लोगों के कारण आमजन को परेशानी होती है। उन्होंने एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा है।

### यमुना जयंती पर यमुना रक्षक दल की पुस्तिका का लोकार्पण



**फरीदाबाद।** यमुना रक्षक दल ने यमुना जयंती तथा मेष संक्रांति के पावन अवसर पर फरीदाबाद के मंझावली यमुना तट पर यमुना आरती तथा मेष संक्रांति महोत्सव का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर एनएच-3 स्थित शहीद भगत सिंह कॉलेज में यमुना रक्षक दल के पुस्तिका का लोकार्पण भी किया गया। मंझावली यमुना तट पर यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जयकृष्ण दास महाराज, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह, राष्ट्रीय महासचिव राव नारायण सिंह के साथ दर्जनों यमुना भक्त यमुना आरती तथा मेष संक्रांति महोत्सव में हर्षोल्लास पूर्वक सम्मलित हुए। इस अवसर पर संत जयकृष्ण दास ने कहा जन आकांक्षाओं के अनुरूप जल्द ही यमुनाजी अविरल व निर्मल होंगी, यमुना रक्षक दल इसके लिए सतत प्रयत्नशील है। यमुना रक्षक दल के पुस्तिका के लोकार्पण के अवसर पर दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह ने कहा कि यमुना रक्षक दल के द्वारा यमुना जी की अविरलता तथा निर्मलता के लिए लगभग डेढ़ दशक से अभियान चलाए जा रहे हैं।

# गो तस्करों ने पुलिस पर चलाई गोलियां, बाल-बाल बचे दो हवलदार

### गंदे नाले में कूदे आरोपी काबू, हथियार बरामद



**पलवल।** गो तस्करों को पकड़ने पहुंची पुलिस टीम तस्करों ने फायर कर दिया। इसके बाद वे भागने के लिए गंदे नाले में कूद गए। पुलिस ने खुद को बचाते हुए तीन तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि एक भागने में कामयाब हो गया। पकड़े गए गोतस्करों से पुलिस ने एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस व एक खाली खोल के अलावा क्रेटा गाड़ी बरामद की है। सिटी थाना में इन पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

पलवल सिटी थाना प्रभारी राजेश कुमार के अनुसार, एएसआई उपदेश ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। उसी समय मुखबिर ने सूचना दी कि उटावड़ निवासी शरीफ, हामिद, शमशाद व जैकम उर्फ फितना गऊकसी का धंधा करते हैं। ये अपने पास अवैध हथियार रखते है। आरोपी सफेद रंग कि क्रेटा कार में सवार होकर गायों की तलाश में गंदे नाले पर घूम रहे हैं। सूचना पर बताए गए रास्ते पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार उसी दौरान एक क्रेटा कार आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रुकते ही घेराबंदी की तो कार से चार लोग एक साथ उतर कर भागने लगे। एक ने कहा कि गोली मारो। इसके बाद दो जनों ने पुलिस पर सीधी गोली चला दी। इसमें एक गोली हवलदार यशवीर के कान के पास से निकली तथा दूसरी गोली हवलदार रविंद्र के सिर के ऊपर से बालों को छूते हुई निकल गई। दोनों पुलिस कर्मचारी बाल-बाल बचे। इसके बाद पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो वे चारों गंदे नाले में कूद गये। इनमें से एक व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया, जबकि तीन को पुलिस कर्मियों ने मौके पर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों में क्रेटा गाड़ी का चालक उटावड़ निवासी हामिद व साथी शमशाद व शरीफ थे।

पुलिस के अनुसार तलाशी में शरीफ के पास एक देसी कट्टा चार जिंदा कारतूस, एक खाली खोल बरामद हुआ। जबकि पकड़े गए आरोपियों ने भागने वाले का नाम उटावड़ निवासी जैकम उर्फ फितना बताया। पुलिस टीम फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। शहर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 34 व आर्म्स एक्ट 25.54.59 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अनाज मंडियों से एक सप्ताह में किया जाए गेहूं का उठान : एसीएस सुधीर

### संबंधित अधिकारियों की बैठक में की खरीद इंतजामों की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**अतिरिक्त** मुख्य सचिव एवं जिला पलवल के नोडल अधिकारी सुधीर राजपाल ने गेहूं की फसल की खरीद को लेकर जिला के अधिकारियों के साथ पलवल की अनाज मंडी का दौरा किया। इससे पहले उन्होंने जिला सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने फसल खरीद के इंतजामों की समीक्षा की। जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला में पहुंचने पर अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल का स्वागत किया और जिला प्रशासन की ओर से फसल खरीद से जुड़े इंतजामों के बारे में जानकारी दी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला में फसल खरीद से जुड़े इंतजामों की समीक्षा करते हुए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज जानकारी, किसानों की सुविधा के लिए मंडीवार इंतजामों, खरीद एजेंसी की तैयारियों, फसल की आवक व उठान तथा किसानों को फसल के भुगतान आदि से संबंधित विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों को तय समय सीमा के भीतर भुगतान किया जाए। साथ ही मंडी में खरीद के साथ उठान के कार्य को भी तेज किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला पलवल के नोडल अधिकारी सुधीर राजपाल ने पलवल की अनाजमंडी का दौरा करते हुए फसल की आवक का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को कहा कि मंडी से गेहूं की आवक का उठान एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा मंडी में आई गेहूं की आवक को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि मंडी में लाने वाली आवक को अच्छी तरह से सुखाकर लाएं द्य इस दौरान उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत की। इस अवसर पर एसडीएम नरेंद्र कुमार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा, किसान एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अलग-अलग** स्थानों पर हुए रोड एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत हो गई। एक की मौत रोडवेज बस द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुई है, जबकि दूसरे को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसों की सूचना मिलने पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायतों पर मुकदमे दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया।

चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह के अनुसार, चांदहट गांव निवासी प्रीतम ने दी शिकायत में कहा है कि वह मेहनत-मजदूरी करता है। 13 अप्रैल को देर शाम वह चांदहट चौक के पास होटल पर खड़ा हुआ था। उसके चाचा गुलाब बाइक से उसे लेने के लिए होटल पर आ रहे थे। लेकिन उसी दौरान पलवल-अलीगढ़ मार्ग पर यूपी रोडवेज की बस का चालक बस को लापरवाही से चलाता हुआ आया और उसके चाचा की बाइक में सीधी टक्कर मार दी। इसके कारण उसके चाचा को सडक पर गिरने के कारण लगी गंभीर चोटों से मौत हो गई। जिसके बाद यूपी रोडवेज की बस का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, लोहसिघानी (सोहना) निवासी कविता ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पिता बंचारी गांव निवासी श्याम अपनी स्कूटी पर किसी काम से पलवल आ रहे थे। लेकिन जब उनकी स्कूटी नेशनल हाईवे-19 पर वरदान नर्सिंग होम के निकट पहुंची, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## बैसाखी पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन

**पलवल।** बैसाखी के अवसर पर भारत विकास परिषद पलवल शाखा की महिला सदस्यों द्वारा मासिक रामचरितमानस से सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। पलवल के डॉ. जेपी पाराशर और डॉ. उर्मिल पाराशर के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों के साथ अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर परिषद की महिला संयोजक और कार्यक्रम संयोजिका अल्पना मित्तल ने बताया कि कलियुग में राम भक्त हनुमान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। सुंदरकांड का पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। विश्व के कल्याण की भावना से भारत विकास परिषद के सदस्य इस कार्यक्रम के अलावा पशुओं को चारा, तुलसी वितरण आदि का भी आयोजन समय समय पर करते हैं। विकास मित्तल ने शाखा द्वारा कई वर्षों से प्रत्येक माह सुंदरकांड होता है।

# आम आदमी पार्टी ने मनाया डॉ. अंबेडकर जन्मोत्सव



**पलवल।** आम आदमी पार्टी की ओर से संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ और इंडिया जिताओ नारे के साथ रविवार को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन की सभी पार्टी के पदाधिकारियों ने डॉ. आंबेडकर को याद किया।

जिला अध्यक्ष अधिवक्ता चन्द्रशेखर रावत ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का गुणगान न केवल हिंदुस्तान बल्कि पूरा विश्व करता है। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से बताया है कि किस प्रकार न्यायपालिका चले, प्रशासन चले, कैसे शिक्षा का प्रबंध हो और कैसे देश की संसद चले। परंतु आज भाजपा सरकार बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने में लगी है। इसलिए भाजपा को अब इस देश की सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा घमंडी सरकार है। भाजपा सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटती है, दो दो सिटिंग मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार करती है। चलते चुनाव में मुख्य दल कांग्रेस के खाते सीज करती है। बाबा साहेब ने जो वोट डालने का अधिकार सबको दिया था, भाजपा उसको खत्म करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले भाजपा ने देश से आरक्षण खत्म करने का भी षड्यंत्र रचा था। उस समय भी सारा विपक्ष इकट्ठा हुआ था और भाजपा को अपनी बात वापस लेनी पड़ी थी। आज भी संविधान को बचाने के लिए सारा विपक्ष इकट्ठा हुआ है।

# फरीदाबाद में बिट्टू बजरंगी की भगवा रैली में तनाव

### अंबेडकर जयंति मना रहे युवा भिड़े, दोनों ओर से नारेबाजी, हथियार लहराए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हार्डवेयर** चौक पर रविवार को दो वर्गों के युवा आपस में टकरा गए। यहां पर भगवा रैली निकाल रहे हिंदू कार्यकर्ताओं और अंबेडकर जयंती मना रहे दलित संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच तनातनी हो गई। दोनों तरफ से नारेबाजी की गई। इसके बाद माहौल गर्मा गया तो पुलिस को हस्तक्षेप करके दोनों तरफ के युवाओं को अलग किया गया।

जानकारी के अनुसार रविवार को दशहरा ग्राउंड से नूह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी की अगुआई में एक भगवा रैली का आयोजन किया गया था। यह रैली दशहरा ग्राउंड से शुरू होकर हार्डवेयर चौक होते हुए प्याली चौक की ओर जा रही थी। जैसे ही भगवा रैली हार्डवेयर चौक पर पहुंची, वहां पर पहले से ही अंबेडकर जयंती मना रहे दलित संगठन के कुछ कार्यकर्ता बाहर आ गए।

बताते हैं कि दलित संगठनों के युवकों ने भगवा रैली में शामिल लोगों को देख कर जय भीम के नारे लगाने शुरू कर दिए। इससे दोनों तरफ से नारेबाजी शुरू हो गई। कुछ लोग हाथों में तलवार आदि हथियारों का प्रदर्शन करते दिखे। इससे दोनों तरफ का माहौल गर्मा गया।

दो संगठनों में विवाद बढ़ता देख कर पुलिस भी तुरंत अलर्ट हो गई। पुलिस कर्मी बीच में आए और दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं को वहां से अलग अलग किया गया। भगवा रैली के दौरान फरीदाबाद पुलिस पहले से ही अलर्ट मोड में थी। पुलिस कर्मी रैली के साथ ही चल रहे थे।

# मोदी ही कर सकते हैं देश के गरीब, महिला और किसान का भला : गुर्जर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**देश** की जनता अच्छे से जानती है कि भाजपा और मोदी ही देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला कर सकते हैं, इसलिए देश की जनता ने मोदी को मत देने का पक्का मन बना लिया है । हर ओर मोदी की लहर है और जनता के आशीर्वाद के दम पर 400 सीटों पर कमल खिलाएंगे और तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने एनआईटी के 3फ ब्लाक की आरडब्लूए द्वारा आयोजित कार्यक्रम चाय पर चर्चा में कहा कि मोदी को गरीब की चिंता है, आज गरीब के चेहरे पर मुस्कान मोदी की नीतियों के कारण आई है। देश के विकास पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे सड़कों की बात हो, चाहे रेलवे की बात, चाहे एयर कनेक्टिविटी की बात हो, हेल्थ की बात हो, नए एम्स और आईआईटीआई, आईएम बनाने की बात हो, भाजपा और मोदी ने विकास के नए आयामों को छुआ है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, सतीस फागना, राजन मुथरेजा, अमित आहूजा, पंडित सुरेंद्र शर्मा आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। कृष्णपाल गुर्जर ने शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के साथ पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर पंजाबी समाज ने राजकुमार वोहरा को जिला अध्यक्ष बनने पर कृष्णपाल गुर्जर का विशेष धन्यवाद दिया। जिस प्रकार अपने पंजाबी समाज का अध्यक्ष फरीदाबाद में बनाया है, उसे पंजाबी समाज बहुत खुश और संतुष्ट है और पूरा पंजाबी समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या में 25 मई को कमल के निशान का बटन दबाकर चौधरी कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा वोटो से जीत करने में पूर्ण सहयोग करेगा। पंजाबी समाज सदैव भाजपा संगठन और मनोहर लाल का ताउम्र इस बात के लिए आभारी रहेगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कि फरीदाबाद में भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के मुकाबले में कोई नहीं है। फरीदाबाद की जनता के आशीर्वाद से कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कर तीसरी बार संसद में पहुंचेंगे और मोदी के 400 पार के नारे को पूर्ण करने में अपना अहम योगदान देंगे। इस अवसर पर उधोग मंत्री सीमा त्रिखा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कृष्णपाल गुर्जर फरीदाबाद के विकास पुरुष हैं और पिछले 10 वर्षों में फरीदाबाद का विकास करने में उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी।

फरीदाबाद की जनता भी कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख से ज्यादा मतों से जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर आरडब्लूए के प्रधान परविंदर सिंह, राजकुमार मदान, श्यमा सुंदर मुथरेजा, यशपाल जयसिंह, रितेश भाटिया ओमप्रकाश विरमानी, पीडी मुंजाल, राधेश्याम भाटिया, तरनजीत सिंह भाटिया, सुभाष मक्कड़, सुभाष चंद्र मेंहदीरत्ता, श्याम सुंदर मुथरेजा, अमन वोहरा, एडवोकेट वरुण, चंचल वोहरा, खुशबू शर्मा, सरिता, पंडित आत्म प्रकाश, अरुण वोहरा, संजय अरोड़ा, दीपक सेठी, हंसराज कुकरेजा, अणु, पंडित श्याम सुंदर, राजकुमार अरोड़ा, बब्बू मदान, संजय मदान, रमेश मदान, अरुण गुप्ता, सरदार सोढ़ी आदि उपस्थित रहे।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024



# संविधान निर्माता के साथ-साथ महान समाज सुधारक भी थे डॉ. अम्बेडकर

## पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के झाड़सा स्थित अपने कार्यालय में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव व कार्यकर्ता।

**बाबा** साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ झाड़सा स्थित कार्यालय पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एक महान दार्शनिक, बुद्धिजीवी, समाज सुधारक व स्वतन्त्र भारत के संविधान निर्माता थे। उन्होंने भारत रत्न बाबा भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके द्वारा बताये गये मूल मंत्रों पर चलने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को जागृत किया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों को प्राप्त करें, ताकि उत्थान व कल्याण हो। कैप्टन यादव ने कहा कि डा. भीम राव अंबेडकर संविधान निर्माता तो थे ही, इसके अलावा वे महान समाज सुधारक थे। उन्होंने विशेष तौर पर दलित व पिछड़े वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए बहुत से कार्य किए थे। हमें डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें शत-शत नमन करते हुए, उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि बाबा साहेब समानता और समरसता समाज में देखना चाहते हैं। उन्होंने अपना जीवन सदैव दुसरों के लिए जीया। उन्होंने गरीब, कमजोर व बेसहाराओं के अनेक कार्य किये इसलिए प्रत्येक वर्ग उनका आदर करता है। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने तथा पिछड़े वर्गों को समानता, सम्मान और न्याय दिलाने के लिए साहसपूर्ण संघर्ष किया, जोकि मानवता के प्रति उनके गहरे लगाव को दर्शाता है।

इस मौके पर अधिवक्ता सूबे सिंह यादव, अशोक टांक, पर्ल चौधरी, रतन दहिया, गुडगांव उद्योग संगठन के अध्यक्ष प्रवीण यादव, कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर लाल सिंह यादव, हरीश वत्स, राजपाल यादव, पीएल कटारिया, मुकेश सिंगला, एमएस चौधरी, पंकज शर्मा, जय सिंह हुड्डा, सुमित यादव चकरपुर, गुरजिंदर सिंह, अनिल राजेंद्रा पार्क, राकेश राजेंद्रा पार्क, चुन्नीलाल सूरत नगर इत्यादि ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नर सेवा, नारायण सेवा के ध्येय को सार्थक करता भारत विकास परिषद : बोधराज सीकरी



**गुरुग्राम।** भारत विकास परिषद, लाल बहादुर शास्त्री शाखा गुरुग्राम के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी ने सुशांत आर्केड एसोसिएशन एवं ओम आई केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में सुशांत आर्केड मार्केट के प्रांगण में नि:शुल्क आंखों की जांच का शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद आरती यादव, भाजपा नेता अनिल यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। आयुर्वेदिक पद्यति से उपचार करने वाले डॉक्टर भारत भूषण और उनकी टीम ने आधुनिक मशीन से रोगियों की जांच की। उचित उपचार भी सभी को बताया। क्षेत्र गरीब वर्ग के लोगों ने इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाया। लगभग 65 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

बोधराज सीकरी ने बताया कि भारत विकास परिषद लाल बहादुर शाखा निरंतर कोई न कोई सामाजिक प्रकल्प करती रहती है। समाज के हर वर्ग को मूलभूत सुविधा प्राप्त हो, उनका जीवन बेहतर बने इसी सेवा भावना से भारत विकास परिषद कार्यरत है। इस आयोजन में परिषद के प्रधान राजीव छाबड़ा के अलावा संरक्षक जगदीश बंसल, सलाहकार तीश चावला, मंत्री अजय भार्गव, कोषाध्यक्ष सुभाष सचदेव, प्रोजेक्ट संयोजक नितिन आर्य, मोहित वत्स, डॉक्टर नवीन शर्मा, बृजेश गुप्ता, राजेश सचदेव, संजय जैन और दीपक भाटिया मौजूद रहे। महिला वर्ग की ओर से श्रीमती सुरेश सीकरी, विणु छाबड़ा, सोनिया सचदेव, अशिमा भार्गव, सोनू जैन ने सेवा कार्य किए।

## संक्षिप्त समाचार

### महात्मा फुले, डॉ. अंबेडकर की जयंती पर कॅरियर काउंसलिंग



**गुरुग्राम।** समाज उत्थान न्यास के तत्वावधान व समस्त ग्रामवासी कारोला गांव के सहयोग महात्मा ज्योतिबा फुले एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए प्रधान जयवीर सैनी की अध्यक्षता में काउंसलिंग क्लास लगाई गई। इस दौरान दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने की सभी ने प्रेरणा ली। इस कार्यक्रम में अनेक ग्रामीणों व बच्चों ने शिरकत की। इस दौरान डिफेंस एवं बैंकिंग क्षेत्र से बुधराम सैनी, फाइनेंस क्षेत्र से कुलवंत, तकनीकी क्षेत्र से आईटीआई इंस्ट्रक्टर राजकुमार, देवेंद्र सैनी मास्टर जी, प्रो. सतबीर सिंह, सीएससी सेंटर एक्सपर्ट राकेश, महावीर ने बच्चों को अपना भविष्य बनाने के लिए जरूरी टिप्स दिए। उन्हें पढ़ाई में एकाग्र होने का संदेश दिया। चाहे कम समय पढ़ो, लेकिन उस समय में ध्यान पूरा पढ़ाई में होना चाहिए। अपने जीवन में ऐसा अनुशासित नियम बनाने वाले बच्चे ही कामयाबी की सीढ़ी चढ़ते हैं। प्रधान जयवीर सैनी ने कहा कि समाज उत्थान न्यास समय-समय पर समाज हित के कार्यों को करता रहता है। समाज में महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी शिक्षा पर जोर दिया और बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर के भी विचार यही थे। समाज उत्थान न्यास संस्था के प्रधान गगन दीप सैनी ने कहा कि संस्था का सदा प्रयास यही रहता है कि कम संसाधनों में भी बच्चों को बेहतर काम कराया जाए। उनकी शिक्षा में मदद की जाए। इस अवसर पर रामफल, रोहतास, महिपाल, बिजेंद्र, सुरेश स्वामी, नरेश, रामनिवास, राजेश समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई



**सोहना।** सोहना में भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। शहर में जगह-जगह भंडारे चलाए गए। प्रदेश खेल एवं वन-पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने भी जयंती समारोह में भाग लिया। रविवार को देश की संविधान निर्माता कमेटी के प्रभारी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को क्षेत्रवासियों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शहर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के दौरान बाजार में शौभा यात्रा निकाली। जिसमें बच्चों से लेकर महिला व भारी संख्या में पुरुषों ने भाग लिया। शहर में वार्ड 5, 6 और 13 में भंडारे चलाए गए। स्थानीय उपमंडलीय न्यायपालिका परिसर में स्थापित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूलमालाएं चढ़ाई गई। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में खेल एवं वन पर्यावरण मंत्री संजय सिंह भी माल्यापर्ण किया। इसके बाद वार्ड-5 में स्थित डॉक्टर भीम राव अंबेडकर भवन में पहुंचने पर प्रदेश मंत्री संजय सिह का अंबेडकर सभा द्वारा जोरदार स्वागत किया। अंबेडकर सभा द्वारा भवन निर्माण से लेकर अन्य कई मांगों प्रदेश मंत्री संजय सिंह के समक्ष रखी। लेकिन प्रदेश खेल मंत्री ने आचार संहिता होने के कारण मंच के माध्यम से किसी भी मांग को लेकर कोई घोषणा नहीं की। कमेटी को आचार संहिता समाप्ती के बाद मांगों को पूरी कराने का आश्वासन दिया।

### डॉ. अम्बेडकर के दिखाए मार्ग पर चलें युवा : कल्पना रंगा



**गुरुग्राम।** जाटोली मंडी की कबीर दास धर्मशाला में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती केक काट कर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में उप-निदेशक डा. कल्पना रंगा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्टिस्ट निशा सोनी रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुखबीर तंवर, सुधीर चौधरी, सुनीता वर्मा, पूर्व प्रधान जगदीश सिंह, अमित पहलवान ने भी शिरकत की। मुख्य अतिथि कल्पना रंगा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब ने महिलाओं के लिए समाज में जो योगदान दिया, वो कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वो एक सच्चे समाज सुधारक थे, जो समानता के अधिकार में विश्वास रखते थे। इस अवसर पर काफी समाज में अहम योगदान देने वाली महिलाओं और मेरिट में आने वाली छात्राओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में मंच संचालन मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से सहयोगी युवा समाजसेवी सतबीर पंवार सहित जय नारायण बजरिया, मनोज मोरवल, कृष्ण सोनी, रविंद्र कुमार, अशोक कुमार, पवन बोहरा, करण लखेरा, प्रेम कुमार, देबी सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### वैदिक कन्या गुरुकुल व खेल प्रशिक्षण संस्थान होगा स्थापित

**गुरुग्राम।** महर्षि दयानंद धाम स्वामी इंद्रवेश योग आश्रम शुक्रताल में बैसाखी महापर्व के अवसर पर राष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राष्ट्र एवं सामाजिक उत्थान हेतु धाम में आजाद हिंद फौज की सेनापति वीरांगना नीरा आर्या के नाम से वैदिक कन्या गुरुकुल और खेल प्रशिक्षण संस्थान की घोषणा की गई। इस अवसर पर आचार्य रामानन्दवेश, स्वामी विश्वानन्द सरस्वती, जसबीर सिंह मलिक, एनसीआर मीडिया क्लब के अध्यक्ष अमित नेहरा, डॉ. धर्मवीर दहिया पूर्व डायरेक्टर लुवास, डॉ. विजय सनसनवाल डिप्टी डायरेक्टर, डॉ. दिनेश सनसनवाल प्रख्यात सर्जन, अनिल सांगवान, कुलदीप आर्य, स्वामी भजनानन्द, ऋषभ, उज्जवल, विदुषी आर्य, म्यांमार से आये मनीष महल, मदन गिर, धर्मवीर सिंह, डॉ. सत्यवीर सिंह चौधरी, शेरसिंह, राजवीर सिंह, बाबा परमिंदर आर्य, जयपाल सिंह, देवेन्द्र आर्य, ब्रह्मचारी श्रीपाल, ओम प्रकाश आदि ने अपने विचार रखे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजवीर राज्यान, गुलाब वर्मा, गोवर्धन सिहाग, राजवीर आर्य ने भाग लिया। इस मौके पर हेमा, हिमानी, प्रिया, संजना, सोनिया, हर्ष आर्य सूर्यांश, अनुज आदि बच्चों की टीम ने रस्से पर चक्रासन, पद्मासन, नटराजासन, हलासन आदि आसनों का बेहतरीन प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय बौद्धिक सम्मेलन में अमित नेहरा ने कहा कि महर्षि दयानंद धाम स्वामी इंद्रवेश योग आश्रम में राष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती, कबड्डी, खेल नर्सरी अखाड़ा, योग साधना, साप्ताहिक पारिवारिक मेडिटेशन कैंप व योग प्रशिक्षण केंद्र के आयोजन होते रहने चाहिए। जसबीर मलिक ने कहा कि भारत के विकास का रास्ता गांव के खेत और खलिहानों से होकर गुजरता है। इसलिए ग्रामीण प्रतिभाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर चौ. छोटूराम, किसान मसीहा चौ. चरण सिंह व चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत के योगदान को याद किया गया। सम्मेलन में स्वामी विश्वानन्द सरस्वती ने कहा कि गंगा किनारे प्रदूषणमुक्त प्राकृतिक वातावरण में रहना अद्भुत अनुभव है। इस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। कार्यकम में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब व मध्यप्रदेश के सेंकड़ों गणमान्य महिला व पुरुषों ने भाग लिया।

# डॉ. संदीप सिंहमार ने 1096 आर्टिकल व रिसर्च पेपर के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## प्रोलिफिक राइटर बने डॉ. सिंहमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डॉ. संदीप सिंहमार व वर्ल्ड रिकॉर्ड का उनका सर्टिफिकेट।

**साहित्य** लेखन व शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखने वाले डा. संदीप सिंहमार को प्रोलिफिक राइटर और एजुकेशन लीडर अवॉर्ड मिला है। इसी के साथ डॉ. सिंहमार का नाम वेब बुक का रिकॉर्ड में वर्ल्ड रिकॉर्ड के तौर पर शामिल हो गया है। मूलरूप से हिसार जिले के जिला के गांव कुलाना में जन्में डॉ. संदीप सिंहमार के नाम और भी अनेक उपलब्धियां हैं।

हरियाणा या भारत ही नहीं, बल्कि विदेशी धरती पर भी डा. संदीप सिंहमार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। डॉ. सिंहमार को इससे पहले नवंबर 2023 में शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में ही द यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (यूनेस्को) हेडक्वार्टर पेरिस में ग्लोबल अवॉर्ड-2023 से भी नवाजा जा चुका है। यूनेस्को से ग्लोबल अवॉर्ड प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव भी डॉ. सिंहमार के ही नाम है। संयुक्त राष्ट्र की थीम विश्व शांति चाहिए, युद्ध नहीं विषय पर अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका अक्षरवार्ता में भी उनका शोध पेपर प्रकाशित हुआ है। डॉ. सिंहमार को परंबलुरु में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में उच्चतर शिक्षा में सराहनीय योगदान को देखते हुए यूनेस्को व यूएनओ से प्रमाणित संस्था अमेरिकन रिसर्च काउंसिल व यूरोपीय काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन एंड एक्रीडिटेशन यूनाइटेड किंगडम से भी इंटरनेशनल अवॉर्ड मिल चुके हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाने वाले शिक्षकों एवं शोधार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाते है। डॉ. संदीप कुमार सिंहमार का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में शामिल होने पर एन. आई.आई.एल.एम. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डा.) शमीम अहमद व कुलसचिव डॉ. राजीव दहिया, चेयरमैन संदीप चहल, निदेशक डॉ. बलराज ढांडा व संदीप कुमार चहल व राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने खुशी जताते हुए डॉ संदीप सिंहमार को बधाई दी।

कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) शमीम अहमद ने कहा कि इस तरह के अवॉर्ड मिलने से जहां अन्य लेखकों को प्रेरणा मिलती है, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव भी बढ़ा है। ज्ञात रहे कि डा. संदीप कुमार सिंहमार इंटरनेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग के चेयरमैन होने के साथ-साथ एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर हैं। डॉ. संदीप सिंहमार 400 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शोधपत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके अलावा 152 शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। स्वतंत्र लेखक व टिप्पणीकार के तौर पर भी उनके अब तक 1096 लेख/स्तंभ लेख व टिप्पणी विभिन्न समाचार पत्रों व संपादित पुस्तकों में प्रकाशित हो चुके हैं। डॉ. सिंहमार सामरिक विषयों सहित समसामयिक मुद्दों पर अपने लेख लिखते रहते हैं। इन्हीं लेखों व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान के आधार पर अब सम्मान मिल रहा है।

# फसल उठान नहीं होने पर दो ठेकेदारों पर डीसी ने मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए

## डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी निशांत कुमार यादव।

**मंडी** से फसल उठान के कार्य में ढिलाई बरत रहे पटौदी और फर्रूखनगर मंडी के दो ठेकेदारों के खिलाफ डीसी निशांत कुमार यादव ने एसडीएम पटौदी को मुकदमा दर्ज करवाए जाने के निर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा कि जो भी ठेकेदार मंडियों में फसल उठाने का काम सुचारू रूप से नहीं करेगा, जिला प्रशासन द्वारा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद की फसल खरीद और उठान के कार्य की वीडियो कांफ्रेंस के बाद डीसी रविवार को लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला की मंडियों में अभी तक फसलों की आवक को देखते हुए फसल उठान का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है, जो कि उचित नहीं है। खासतौर से फरुखनगर और पटौदी की मंडी में उठान का कार्य मंद गति से किया जा रहा है। जिसके लिए सीधे तौर पर वहां के ठेकेदार जिम्मेदार हैं। डीसी ने श्रमिकों व ट्रांसपोर्ट के ठेकेदार पवन कुमार तथा राजेश कुमार के खिलाफ पटौदी एसडीएम होशियार सिंह को कानूनी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटौदी थाना प्रभारी को इन दोनों ठेकेदारों के खिलाफ एसडीएम की ओर से लिखित में शिकायत दी जाए।

वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य सचिव टी.वी.एस. एन. प्रसाद ने कहा कि मंडियों में किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए और यह प्रयास किया जाए कि उनकी फसल का भुगतान तत्परता से हो। इसके लिए उन्होंने प्रदेश स्तर पर उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की एक कमेटी गठित किए जाने के भी निर्देश दिए। डीसी निशांत कुमार यादव ने मुख्य सचिव को बताया कि गुरुग्राम जिला में अभी तक हैफेड और हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन द्वारा 28 हजार 927.45 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 8 हजार 34 मीट्रिक टन सरसों का उठान हो चुका है। पटौदी, सोहना व फरुखनगर मंडी में 14 हजार 598 किसान सरसों लेकर आए हैं। इसी प्रकार फर्रूखनगर, पटौदी, खोड़ और सोहना मंडी में दोनों एंजेसियों ने 28 हजार 258.90 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। जिसमें से 320 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है।

# फिरोजपुर झिरका में 36 घंटे बिजली सप्लाई रही बंद

**फिरोजपुर झिरका।** फिरोजपुर झिरका में 36 घंटे के लिए बिजली बाधित हो गई लोगों के इनवर्टर खत्म हो गए राम अवतार फोरमैन बिजली विभाग बताया कि एक डंपर गुड़गांव अलवर रोड पर एक खंभे को टक्कर मार कर फरार हो गया, जिससे शहर की लाइट बाधित हो गई रात में काफी कोशिश करने के बाद भी लाइट को बिजली कर्मचारी जोड़ नहीं सके और सुबह नया बिजली का खंबा खड़ा कर उसे तारों को जोड़ा गया लेकिन फिर भी लगभग 2:00 बजे लाइट चालू हो हो सकी। उन्होंने बताया कि डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया है क्योंकि वह डंपर को लेकर के भाग गया था लोगों की परेशानी को देखते हुए जल्द से जल्द कार्य पूरा कर बिजली सप्लाई शुरू की। डंपर मालिक का कोई आता पता नहीं मिल सका वह तो खंभा तोड़कर फरार हो गया शहर के लोगों की परेशानी को देखते हुए नए खंभा लगवाया गया है। लोगों का कहना है कि गर्मी ज्यादा पड़ रही है बिजली विभाग को जल्द से जल्द यह कार्य करना चाहिए।

# कानून और शिक्षा के क्षेत्र में बाबा साहेब का है उल्लेखनीय योगदान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सूरत नगर फेस-1 में डा. अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में डॉ. अम्बेडकर व ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते नवीन गोयल।

**रविवार** को बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती के अवसर पर सूरत नगर फेस-1 आरडब्ल्यूए प्रधान राकेश तंवर, एससी मोर्चा भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद गहलोत व अम्बेडकर सभा सूरत नगर के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यहां के अलावा नवीन गोयल ने महेश सारवान की ओर से अम्बेडकर जयंती में शिरकत की।

नवीन गोयल बाबा साहेब को नमन करते हुए बाबा साहेब की शिक्षाओं पर चलते हुए देश, समाज को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओं और मजदूरों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिया। देश के संविधान का मसौदा तैयार करने के अलावा डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी ने भारत के भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और वकील के रूप में उन्होंने भारत के सबसे महत्वपूर्ण आंदोलनों में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन में भी अहम भूमिका निभाई थी। नवीन गोयल ने कहा कि डॉ. भीम राव अंबेडकर को समानता और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वह एक महान सामाजिक कार्यकर्ता थे। सभी भारतीयों में समानता लाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। नवीन गोयल ने कहा कि संविधान को सर्वोपरि मानते हुए ही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को एकजुट करने केप्रयास में लगे हैं। समान विकास करके वे देश के हर नागरिक के हित में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, देश को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए तीसरी बार फिर से हमें प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी चाहिए। आम आदमी के हित, देश की मजबूती के लिए पीएम मोदी ने अब तक जो काम किए हैं, उनके परिणाम सबके सामने हैं। इस अवसर पर दयानंद मंडल के अध्यक्ष अजीत भारद्वाज, दयानंद मंडल के प्रभारी महेश वशिष्ठ, मंडल की महामंत्री कुंजल राठौर, मदन, सोमबीर, अनिल बिल्लू, हंसराज, शिव धन, ओम दत्त, मोहित, हिमांशु आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस के दुष्प्रचार को जनता के सामने एक्सपोज करें कार्यकर्ता : कमल यादव



गुरुग्राम भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## जिला अध्यक्ष कमल यादव ने नव गठित जिला कार्यकारिणी की बुलाई बैठक

**रविवार** को कमल यादव ने नव गठित जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाई। बैठक में परिचय व चर्चा के बाद जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को फिल्ड में उतरकर सक्रियता के साथ काम करने की बात कही।

भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र पर बोलते हुए कमल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पेश किया गया संकल्प पत्र विकसित भारत का रोडमैप है। पीएम मोदी ने संकल्प पत्र में अगले पांच साल में युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त करने और आत्मनिर्भर बनाने का वादा किया है। बैठक में कमल यादव ने पीएम मोदी द्वारा जारी किए संकल्प पत्र पर कहा कि कि भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत की गारंटी है। जिला मीडिया सह प्रभारी पवन यादव ने बताया कि रविवार को गुरुकमल कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष ने नई जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ पार्टी की रीति-नीति और लोकसभा चुनाव को प्रचंड बहुमत से जीतने की रणनीति पर चर्चा की। इस मौके पर जिला महामंत्री रामबीर भाटी व सर्वप्रिय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, सीमा पाहुजा, अर्जुन शर्मा ,जिला सचिव महेश वशिष्ट, पवन जांघू, निधि कोटिया, गगन गोयल, पी. सी. सैनी, जिला सह मीडिया प्रमुख पवन यादव, नेहा अग्रवाल, जिला कार्यालय सचिव यादराम जोया, सह-कार्यालय सचिव ओम प्रकाश ठाकरान, प्रवक्ता सुरेंद्र गहलोत और सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# 1260 स्कूल बसों की जांच, 406 चालान, तीन बसें की जब्त

## एक भी खराब स्कूल बस को चलाने की अनुमति नहीं होगी : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दो दिवसीय स्कूलों की बसों की जांच के दूसरे दिन कागजात जांचते अधिकारी।

**जिला** की स्कूल बसों की चेकिंग का कार्य दूसरे दिन रविवार को भी दिनभर जारी रहा। बच्चों को सुरक्षित स्कूल वाहन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला में पांच स्थानों पर स्कूली बसों का सघन जांच अभियान चलाया गया। रविवार को 143 स्कूलों की 1260 बसों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 406 बसों का चालान किया गया और तीन को जब्त किया गया है।

डीसी निशांत कुमार यादव और पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की निगरानी में इस अभियान के तहत रविवार को जिला में बसों की जांच की गई। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। स्कूली विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए एक भी खराब वाहन को चलने नहीं दिया जाएगा। जांच के दौरान सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी की चेक लिस्ट के 24 बिंदुओं को पूरा न करने वाली बसों का आरटीए व पुलिस विभाग द्वारा चालान किया गया। जिला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 527 स्कूलों की 26 सौ बसों की चेकिंग पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। शहर में लघु सचिवालय के सामने की पार्किंग, लेजर वैली ग्राउंड, ताऊ देवीलाल स्टेडियम की पार्किंग, पटौदी में एचएसवीपी सेक्टर एक तथा सोहना के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आरटीए, यातायात पुलिस, हरियाणा रोडवेज और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम ने स्कूल बसों की जांच की। लघु सचिवालय की पार्किंग में 55 स्कूलों की 635 बसों की जांच की गई, जिनमें 131 बसों में खामियां मिलने पर आरटीए व पुलिस विभाग द्वारा उनका चालान किया गया तथा दो बसों को इंपाउंड किया गया है। इसी प्रकार लेजर वैली ग्राउंड में 30 स्कूलों की 270 बसों की जांच कर 49 बसों का चालान किया गया। इनमें से एक को जब्त कर लिया गया है। गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 8 स्कूलों की 57 बसों की जांच की गई जिसमें 36 बसों का चालान किया।

फिरोजपुर झिरका में पानी के लिए मचा हाहाकार

# लोगों को खारा पानी भी समय पर उपलब्ध नहीं करा पा रहा विभाग

**चिराग गोयल।** फिरोजपुर झिरका

**करेला** ऊपर से नीम चढ़ा वाली कहावत कस्बा नगीना में प्राचीन शिव मंदिर अस्थल पर बने पेयजल वितरण केंद्र पर पर सही चरितार्थ हो रही है। क्योंकि जन अभियांत्रिकी व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इस वितरण केंद्र से कई मोहल्लों व वार्डों में दिया जाने वाला खारा पानी वे भी सही समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।


सर्व जातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष रजत जैन, हरीश शर्मा,ने बताया की कस्बा के कई वार्डो व मोहल्लों में जलापूर्ति विभाग के द्वारा प्राचीन शिव मंदिर अस्थल पर बने जलापूर्ति केंद्र से की जाती है। लेकिन एक एक सप्ताह तक जलापूर्ति ठप रहती है। विभाग के द्वारा खारा पानी की आपूर्ति की जाती है और दुर्भाग्यवश वह पानी भी समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है। मोहल्ला व वार्डवासियों को 800 से एक हजार रुपया प्रति टैंकर पानी मंगाकर अपना गुजारा करने को मजबूर हैं। जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक नुकसान वहन करना पड़ रहा है। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है। वे अपनी व्यथा किसे सुनाएं। जनता का कहना है कि विभाग के द्वारा जब मोहलों व वार्डों में समय पर मीठे पानी की आपूर्ति भी ठीक प्रकार से नहीं की सकती है तो ऐसे में सरकार व प्रशासन से किसी भी विकास की उम्मीद करना बेमानी होगा।













**झबला मोहल्ला में पानी की अधिक समस्या :** वैसे तो प्राचीन शिव मंदिर आस्थल पर बने पानी वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्लों व वार्डों में अधिकांश समय पेयजल संकट बना रहता है, लेकिन झबला मोहल्ला कस्बा का मुख्य मोहल्ला है यहां पानी की समस्या और भी गंभीर बनी हुई है, जिसकी वजह से मोहल्ला वासियों में विभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

**नहीं जोड़ा गया रेनीवेल से कुंडा :** समाजसेवी रजत जैन ने बताया की कस्बा में चार पानी वितरण केंद्र है जिनमें से एक ईदगाह के समीप, एक स्कूल का टैंक के नाम से ,एक सैनी मोहल्ला, एक प्राचीन शिव मंदिर अस्थल पर पानी वितरण केंद्र बनाए गए हैं। वहीं एक मुख्य टैंक कॉलोनी में बनाया गया है जहां से पानी वितरण का कार्य किया जाता है। प्राचीन शिव मंदिर स्थल को छोड़कर अन्य तीन कुण्डों को मुख्य टैंक से जोड़ दिया गया है और अस्थल पर बना कुण्डा आज भी ट्यूबवेल व्यवस्था पर ही निर्भर है। जिसकी वजह से इस कुण्डा में खारा पानी आता है मुख्य टैंक से अस्थल को न जोड़े जाने की वजह से रेनीवेल का मीठा पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसकी वजह से अस्थल टैंक पर पेयजल के लिए निर्भर जनता में सरकार व प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।जन समस्या को देखते हुए अस्थल पर बने पेयजल वितरण केंद्र को भी तुरंत प्रभाव से कॉलोनी में बकिने मुख्य टैंक से जोड़ा जाए, जिससे की इस पेयजल वितरण केंद्र पर आश्रित जनता को भी रेनीवेल का मीठा पानी उपलब्ध हो सके।

## शिक्षा वो शेरनी का दूध है जिसे पीते ही इंसान शेर की तरह दहाड़ता है :गोल्डी शर्मा



बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करती महिलाएं।


**फिरोजपुर झिरका।** अप्रैल रविवार के दिन समाज सुधारक एवं संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दलित समाज के लोगों ने बड़े पैमाने पर धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर गुरुग्राम अलवर हाईवे रोड पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा को रंग-बिरंगे पुष्प, लड़ियों एवं गुब्बारों से सजाया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित समाज विकास समिति द्वारा नजदीकी सब्जीमंडी,अम्बेडकर भवन में सुबह दस बजे भारत रत्न डॉ. अंबेडकर का 134 वाँ जन्मोत्सव समारोह धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत भंडारे प्रसाद का आयोजित किया गया। इसी कड़ी भाजपा महिला मोर्चा की टीम ने बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं माल्यार्पण किया।

वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गोल्डी शर्मा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक प्रमुख भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहे। जिसके लिए उन्होंने शिक्षा पर बल दिया। गोल्डी शर्मा ने बाबा साहब अंबेडकर के विचारों प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जिसे पीते ही इंसान शेर की तरह दहाड़ता है। क्योंकि एक घड़ी पढ़ा लिखा इंसान दब जाएगा,लेकिन शिक्षित इंसान नही दबेगा। हमें बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए और पढ़ लिखकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी आरती, जिला आईटी सेल प्रमुख ममता,जिला महामंत्री नीरज,जिला कोषाध्यक्ष सुजाता, मंडल अध्यक्ष मीना सैनी, लक्ष्मी, मोना,चंद्रवती, लक्ष्मी, सीमा, टीनू, कविता, आरती, पिंकी, सोमा, गीता, राजबाला, सोमा व सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजस्थान से आ रही सरसों के तीन वाहनों को पकड़ इम्पाउंड कर लगाया भारी भरकम जुर्माना

### 12 दिनों में अनाज मंडी में लगभग 74 हजार क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद की जा चुकी है

### देर रात एसडीएम डॉ. चिनार चहल ने मंडी में छापामारी की, सरसों की जमाखोरी करने वालों के उड़े होश



एसडीएम द्वारा पकड़ी गई सरसों से भरी पिकअप गाड़ी।

**चिराग गोयल।** फिरोजपुर झिरका

**विगत** कई दिनों से फिरोजपुर झिरका की अनाज मंडी में नियमानुसार सरसों की सरकारी खरीद जारी है, लेकिन इस खरीद मैं लगातार राजस्थान से सरसों की खरीद फरोक्त कर कुछ मुनाफाखोर लोग सरकार को चूना लगाते हुए स्थानीय मंडी में बेच पाने में कामयाब हो रहे हैं । उपमंडल अधिकारी ना0 को सूचना मिलने के बाद देर रात एसडीएम डॉ. चिनार चहल ने छापामारी कर राजस्थान नंबर के ऐसे तीन वाहनों को पकडा जिनमें राजस्थान से सरसों लाकर स्थानीय मंडी में बेची जा रही थी। पकड़े गए इन वाहनों की गहनता से जांच की गई तो यहां मार्किट फीस चोरी करने का मामला सामने आया।

प्रशानिक टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जब्त कर लिया और इनसे मार्किट फीस वसूलकर इन पर ओवरलोड सहित अन्य प्रकार के जमाने के साथ वाहन को इम्पाउंड कर दिया गया है कई प्रकार के जुर्माने लगाए हैं। एसडीएम द्वारा की गई इस कार्रवाई से जमाखोरों में हडकंप मच गया।

**सरकार को लगाया जा रहा है चूना:** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फिरोजपुर झिरका में कुछ मुनाफाखोरों द्वारा बडे पैमाने पर सरसों का भंडारण यानी स्टॉक किया जा रहा है। ऐसा कर कुछ लोग सरकार को चूना लगाकर मार्किट फीस चोरी कर रहे हैं। जोकि कानूनन अपराध है। नियमानुसार यदि कोई प्राइवेट एजेंसी सरसों का स्टॉक करती है तो उसे प्रति क्विंटल के हिसाब से मार्किट फीस जमा करानी होती है। एसडीएम ने इस बाबत कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्टॉक कर मार्किट फीस चोरी कर रहा है तो उसपर कानूनी कार्रवाई कर मार्किट फीस वसूली जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि अगर किसी के घरों के आसपास सरसों के अवैध भंडारण है तो उसकी सूचना दे सकते हैं। जिनके नाम गुप्त रखे जाएंगे ।

**मेरी फसल मेरा ब्योरा पर किए गए पंजीकरण की हो जांच :** सरकारी केन्द्रों पर फसल बेचने के लिए किसानों को नियमानुसार मेरी फसल मेरा ब्योरा पर पंजीकरण करवाना जरूरी है। ऐसे में क्षेत्र के काफी किसानों ने इस पोर्टल पर पंजीकरण करवाया हुआ है, लेकिन इन किसानों के साथ काफी ऐसे फर्जकार भी हैं जिन्होंने किसानों के साथ ही फर्जीवाड़ा कर उनकी जमीन का अपने नाम से रजिस्ट्रेशन करवा रखा है। पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। अब फिर से ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं। इसकी जांच हो तो काफी फर्जकार पकड़े जा सकते हैं। एसडीएम ने कहा यदि किसी किसान को लगता है कि उसके साथ फर्जीवाड़ा हुआ है तो वो आनलाइन के अलावा उनके कार्यालय में शिकायत दे सकता है। तुरंत प्रभाव से ऐसे फर्जी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मंडी में बंपर आ रही सरसों के चलते सरसों के बैग हुए खत्म :** स्थानीय अनाज मंडी में बंपर सरसों आ रही है जिसके चलते सभी एजेंसियों के पास सरसों के बैग कम पड़ गए हैं । जिसके चलते गत तीन-चार दिनों से क्षेत्र के किसानों को काफी इंतजार सरसों को बेचने के लिए करना पड़ रहा है। उच्च अधिकारियों को सारी जानकारी होने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया है। जिस क्षेत्र के किसान लगातार हरि परेशान दिखाई दे रहे हैं।

मार्केट कमेटी सचिव राजवीर सिंह का कहना है कि गत 12 दिनों में मंडी में 75 हजार क्विंटल की सरसों खरीद की जा चुकी हैं। जबकि 3603 किसानों के गेट पास काटे गए हैं। सरसों की लगातार आ रही फसल को देखते हुए उच्च अधिकारियों से सरसों के बैग मांगे गए हैं, जिससे किसानों की पूरी फसल खरीदी जा सके और उन्हें बैग में भरा जा सके।



मंडी में सरसों के स्टॉक की जांच करने पहुंची एसडीएम डॉ. चिनार चहल।

## आचार संहिता समाप्ति के बाद भोंडसी में मांगों को प्राथमिकता से किया जाएगा पूर्ण : संजय सिंह

**सोहना।** आचार संहिता समाप्ति के बाद गुरुग्राम नगर निगम के गांव भोंडसी में 100 बेड का अस्पताल समेत खेल स्टेडियम और शहीद समारक का सौंदर्यीकरण पूर्ण किया जाएगा। शहीद स्मारक के लिए आम रास्ता का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। हरियाणा सरकार में खेल एवं वन-पर्यावरण मंत्री बनने पर संजय सिंह को रविवार को भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में स्वागत समारोह किया गया।

इस अवसर पर गांव के गणमान्य लोग समेत आसपास के गांवों से आए लोग भी भारी संख्या में मौजूद थे। प्रदेश मंत्री के सामने ग्रामीणों ने मुख्य रूप से चार मांगे रखीं। यें सभी मांगे आरबीएसएम स्कूल के निदेश भागीरथ सिंह राघव द्वारा रखी गई। जिसमें पदमावत फिल्म के विरोध प्रदर्शन के दौरान गांव के युवाओं पर दर्ज मामलों को वापस लिया जाए। गांव में बना शहीद स्मारक का रास्ते समेत सौंदर्यीकरण किया जाए। प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 100 बेड का अस्पताल जल्द से जल्द बनाया जाए। उक्त सभी मांगों को सुनने के बाद




भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल में प्रदेश सरकार में खेल एवं वन-पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ग्रामीणों का सम्मान के बाद ग्रामीणों का आभार प्रकट करते हुए।

प्रदेश सरकार में खेल एवं वन-पर्यावरण मंत्री संजय सिंह ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के कारण मंच से कोई किसी प्रकार की घोषणा नही की जा सकती। आचार संहिता समाप्ती के बाद ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। प्रदेश खेल मंत्री ने कहा कि भोंडसी के खेल स्टेडियम का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

## डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान को आज की हुकूमत से खतरा : आफताब अहमद

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**कॉंग्रेस** विधायक दल के उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बीजेपी सरकार से संविधान को खतरे की बात कही है। कांग्रेस नेता जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर देशभर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती बाबा साहब के दिए संविधान को बचाने की है।

बीजेपी सरकार देश के मौजूदा संविधान को खत्म करना चाहती है । इसके बाद विधायक आफताब अहमद झज्जर में आयोजित संविधान बचाओ आक्रोश रैली को संबोधित करने पहुंचे जिसके मुख्य अतिथि सांसद दीपेन्द्र हुड्डा व संयोजक विधायक गीता भुक्कल रही। इसके अलावा विधायक रघुवीर कादयान, जगबीर मलिक, कुलदीप वत्स, जयवीर बाल्मीकि, नीरज शर्मा, इंदु राज नरवाल, बलबीर बाल्मीकि आदि मौजूद थे। बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव में संविधान और बाबा साहब दोनों ही बड़ी पार्टियों कांग्रेस और भाजपा के लिए अहम मुद्दा है। कांग्रेस ने इस बार चुनाव में संविधान और लोकतंत्र खतरे में होने की बात प्रमुखता से उठाई है।



कांग्रेस के नेता मुखर होकर कह रहे हैं कि इस बार भाजपा की सरकार आई तो भाजपा बाबा साहब के बनाए संविधान को बदलने की तैयारी में है। इधर, बीजेपी के कई नेता मौखिक रूप से अपने चुनाव प्रचारों में संविधान बदलने के लिए 400 सीट मांगते दिखे हैं। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस समावेशी विकास में विश्वास करती है और उसने न्याय पत्र में गारंटी योजनाओं को लागू करके अपनी बात रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विभिन्न समुदायों के बीच दरार पैदा करना चाहती है और बांटो और राज करो की नीति में विश्वास करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों से देश में कोई महत्वपूर्ण विकास या वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों का भाजपा से मोहभंग हो गया है और उन्होंने विश्वास जताया कि इंडिया ब्लॉक विजयी होगा और केंद्र में अगली सरकार बनाएगा। उन्होंने बीजेपी पर संविधान विरोधी होने का भी आरोप लगाया और कहा कि अगर संविधान बचाना है तो आने वाले चुनाव में बीजेपी को हराना होगा।

## भाजपा को मजबूती देने दिन रात मेहनत कर रहे हैं आमिर



**नूंह।** मेवात क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पुराने सिपाही युवा कार्यकर्ता आमिर खान बीबीपुर मेवात क्षेत्र में पार्टी को मजबूती देने के लिए दिन रात मेहनत कर रहा हैं।

आपको बता दे कि जब मेवात क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता थे उसे समय उनके परिवार भारतीय जनता पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में काम करते थे। भाजपा में युवा कार्यकर्ता आमिर खान बीबीपुर काफी समय से किसान मोर्चा में जिला महामंत्री का कार्यभार को संभाल रहे थे और उसके बाद किसान मोर्चा में जिम्मेदारी दी हुई है उनकी मेहनत को देखते हुए पंचायत राज प्रकोष्ठ में प्रदेश का कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। कुल मिलाकर आमिर खान बीबीपुर भारतीय जनता पार्टी में निस्वार्थ पार्टी को मजबूती देने के लिए दिन रात क्षेत्र में मेहनत कर रहा है उनका अपना युवाओं में काफी प्रभाव है।

## ओवरलोडिंग के नाम पर पुलिस का डर दिखाकर अवैध वसूली करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

**ओवरलोडिंग** के नाम पर पुलिस का डर दिखाकर अवैध वसूली करने वाले तीन आरोपियों को स्थानीय पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां पुलिस ने उक्त आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जिला पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं । इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि ओवरलोडिंग के नाम पर पुलिस का ख़ौफ दिखाकर अवैध वसूली करने वाले कुछ लोग दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के पास अपने वाहनों में बैठकर पुलिस की मिनट मिनट की लोकेशन एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सभी ओवरलोड वाहन चलाने वाले चालकों को देते हैं। जो पुलिस आगे पीछे होने पर सावधानी से निकल जाते हैं । पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौके पर आकिब पुत्र ईसब निवासी अहमदबास एक इनोवा गाड़ी सहित



ओवरलोडिंग के नाम पर पुलिस का भय दिखाकर अवैध वसूली करने और पुलिस की लोकेशन देने वाले तीन आरोपी पुलिस गिरफ्त में ।

धर दबोचा। पुलिस द्वारा जांच करने पर मालूम हुआ की आकिब गाड़ी में बैठकर सारी लोकेशन एक व्हाट्सएप ग्रुप चलते रहो, चलते रहो के नाम से बनाया हुआ हैं के माध्यम से रूप के लगभग 892 सदस्य जो जुड़े हुए थे। पुलिस के लोकेशन की पल-पल की जानकारी ऑडियो चैटिंग और रिकॉर्डिंग के माध्यम से भेजने का कार्य करता था। जिसका रूप एडमिन ए के जान नामक व्यक्ति बना हुआ है। जिसका मोबाइल नंबर और एक अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी एडमिन के नाम से अंकित है। पुलिस ने मौके से आकिब को गिरफ्तार कर जब पूछता शुरू की तो इस मामले से जुड़े दो अन्य आरोपी साहुन पुत्र साहबुद्दीन निवासी मेवली थाना नूह, सरपुद्दीन पुत्र सलाउद्दीन निवासी अलीपुर तिघरा को भी ओवरलोडिंग के नाम पर अवैध वसूली करने और चालकों को पुलिस की लोकेशन देने के मामले में दबोच लिया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के मोबाइल और दूसरी स्कॉर्पियो गाड़ी भी बरामद की है। क्षेत्र में पुलिस की रेकी कर लोकेशन देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में ओवर लोडिंग चलाने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं इस मामले से जुड़े अन्य आरोपी भूमिगत हो गए हैं। क्षेत्र में ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रबंधक अमन सिंह कर कहना है कि इस मामले से जुड़े किसी भी आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा सारी लोकेशन और डाटा साइबर के माध्यम से जुटाया जा रहा है। इस मामले से जुड़े सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## नप शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए चुनाव आयोग से लेगी अनुमति

**सोहना।** नगर परिषद शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए चुनाव आयोग से मंजूरी लेगा। जिसके लिए परिषद अधिकारियों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मंजूरी के लिए कवायद शुरू कर दी है। देश में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर 17 मार्च से आचार सहिता लागू हो चुकी है।

हरियाणा में लोकसभा चुनाव छठे दौर में 25 मई को होगा। आचार सहिता जून मध्य तक रहने की संभावना है। जिसके चलते शहर में विकास कार्य पर ब्रेक लग गया है। लेकिन शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए परिषद प्रशासन जल्द ही चुनाव आयोग से मंजूरी लेगा। पिछले दो दिन से खराब मौसम के देखते हुए बरसात होने पर जलभराव की समस्या के आसार बने हुए है। नगर परिषद प्रशासन बरसात होने से पहले शहर के सभी बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई करना चाहता है। ताकि जलभराव का संकट न बनें। इसके साथ-साथ शहर के अंबेडकर बाईपास चौक से लगती तीन गंदे पानी की डेऊन की सफाई

> “ **चुनाव** आयोग से मंजूरी लेने के लिए कवायद शुरू हो गई है। उक्त पत्र पर परिषद अधिकारियों के सोमवार को हस्ताक्षर होने के बाद चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। अनुमति आने पर तेजी से कार्य को पूरा किया जाएगा।
>
> **( दिगम्बर सिह-जेई नगर परिषद )**

कराना अति आवश्यकत है। उक्त सभी कार्य को नगर परिषद प्रशासन आचार संहिता लागू होने से पहले टेंडर लगा चुका था। लेकिन ठेकेदारों को कार्य करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

**डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य :** नगर परिषद की डोर टू डोर कूड़ा उठाने का टेंडर आचार सहिता लागू होने से पहले छोड़ नहीं सका। अब परिषद शहर में जगह-जगह कूड़े ढेर लगाने से पहले ही डोर टू डोर कूड़ा उठाने का अभियान अपने दम पर करना चाहती है। जिसके लिए ट्रैक्टर-ट्राली हायर करने की अनुमति चुनाव आयोग से लेने के बाद ही हो सकेगा।

## जांच में शामिल नहीं होने वाले निजी बस मालिकों को जल्द दिए जाएंगे नोटिस : एसडीएम भट

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**मान्यता** प्राप्त स्कूलों के वाहन जांच के दौरान भारी खामियां मिली। रविवार को 11 स्कूलों की 73 बसों की जांच के दौरान 68 का चालान किया गया। दो दिन में 102 बसों के चालान किए गए।

जिला उपायुक्त के आदेश पर स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में खंड के मान्यता प्राप्त निजीर स्कूलों के वाहनों की जांच अभियान रविवार को समाप्त हो गया। दो दिन तक चला इस अभियान में दो दिन में कुल 110 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 102 बसों में यातायात एवं शिक्षा विभाग के नियमानुसार मापदंड पूर्ण न पाए जाने पर चालान किया गया। जांच के दौरान निजी स्कूलों के वाहनों में भारी खामियां मिली। मुख्य रूप से निजी स्कूलों के वाहनों में सीसीटीवी कैमरे सही नहीं पाए गए।

वाहनों में जीपीएस का न होना, वाहन चालकों के नेम प्लेट न होना, बसों पर स्कूल संचालक से लेकर चालक का मोबाइल नंबर अंकित न होना, रूट प्लेट का न होना, अग्निसंबंधी यंत्रों में दूसरे दिन भी भारी खामियां पाई गई। इसके साथ-साथ वाहन की जांच से एक दिन पहले स्कूल संचालकों द्वारा मापदंडों के अनुसार खामियों को दूर करने का भरस्क प्रयास किया गया। लेकिन सभी नियम पूर्ण नहीं हो सके।



ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी वाहन चालकों से यातायात व सुरक्षा संबंधी सवाल पूछते हुए।



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में जांच में शामिल होने के लिए पहुंची मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों की बसें।

**बाजार में नहीं मिली वर्दी :** निजी स्कूल संचालकों द्वारा वाहन जांच की सूचना मिलने के बाद बसों पर चालक की वर्दी पूरी करने का प्रयास किया। लेकिन बाजार में सभी स्कूल संचालक को अपने वाहना चालकों के लिए वर्दी की मांग को पूरा नही कर सके। बसों में एक दिन पहले सीसीटीवी कैमरे लगवाएं गए। जिनके जल्दबाजी में कनेक्शन न होने के कारण बंद मिले।

> “ **जिन** मान्यता प्राप्त स्कूल के वाहन जांच में शामिल नहीं हुए है। ऐसे स्कूलों को सोमवार के बाद जांच शामिल होने के नोटिस जारी किए जाएंगे। जिसको लेकर जल्द ही इस संबंध में बैठक करके फैसला लिया जाएगा।
>
> **( सोनू भट-एसडीएम सोहना )**

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## मणिपुर पर प्रधानमंत्री का बड़ा दावा

**पूर्वोत्तर** राज्य मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री का दावा है कि केंद्र सरकार के समय रहते दखल देने और राज्य सरकार की कोशिशों के कारण मणिपुर के हालात में सुधार आया है। द असम ट्रिब्यून नाम के अखबार को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि हालात से संवेदनशीलता के साथ निपटना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मैंने इस बारे में संसद में पहले भी कहा है। हमने अपने सबसे अच्छे संसाधनों, प्रशासन को इस संघर्ष को सुलझाने में लगाया हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में तब रुके, जब संघर्ष अपने चरम पर था। इस संघर्ष से जुड़े पक्षों के साथ शाह ने 15 से ज्यादा बैठक की। राज्य सरकार को जो भी मदद चाहिए होती है, केंद्र सरकार मुहैया करवाती है।

गौरतलब है कि मणिपुर में हिंसा और अशांति का एक लंबा दौर चला है। मणिपुर हाई कोर्ट ने 27 मार्च 2023 को अपने एक आदेश में राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की बात पर शीघ्रता से विचार करने को कहा था। इसके बाद मई 2023 की शुरुआत में मैतेई और कुकी लोगों के बीच हिंसक झड़पों की शुरुआत हुई, जो बढ़ते-बढ़ते पूरे राज्य में फैल गई। इस हिंसा में घोषित तौर पर अब तक करीब 200 लोगों की जान जा चुकी है। हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर बाहर रहना पड़ रहा है। लगभग साल भर की अशांति के बाद फरवरी 2024 में मणिपुर हाई कोर्ट ने पिछले आदेश से उस अंश को हटा दिया है, जिसमें मैतेई समुदाय के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की सिफारिश का जिक्र था, लेकिन इसके बाद भी मणिपुर में हालात अब तक सामान्य नहीं हुए हैं। आलम ऐसा है कि हजारों मतदाता अब भी राहत शिविरों में हैं और चुनाव आयोग को वहीं से उनके मतदान का इंतजाम करना पड़ रहा है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। उनकी



भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत भी मणिपुर से ही हुई, ताकि इस राज्य की ओर शेष भारत का ध्यान खींचा जा सके और यहां हालात सामान्य करने का दबाव राज्य और केंद्र सरकार पर बनाया जा सके। यह हैरत की बात है कि राहुल गांधी ने हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा किया, उनके अलावा कई और विपक्ष के नेता मणिपुर चले गए, कई पत्रकारों ने मणिपुर जाकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए। बल्कि नवंबर-दिसंबर में जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, तो मणिपुर के पड़ोसी राज्य मिजोरम में प्रचार के लिए श्री मोदी नहीं गए, क्योंकि फिर उन पर मणिपुर जाने का दबाव भी बढ़ जाता। देश में कई बार प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किए गए कि वे सारे देश में घूम सकते हैं, विदेश जाने के लिए वक्त निकाल सकते हैं तो एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए।

प्रधानमंत्री से यह सवाल भी किया गया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में भाजपा की सरकार है, तो वहां के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह से अब तक त्यागपत्र क्यों नहीं लिया गया। लेकिन इनमें से किसी सवाल का जवाब श्री मोदी ने नहीं दिया। और अब चुनावों के पहले वे मणिपुर का जिक्र कर भी रहे हैं, तो उसमें यह दावा कर रहे हैं कि मणिपुर में समय रहते केंद्र सरकार के दखल के कारण स्थितियां सुधरी हैं, जबकि संसद के 2023 के मानसून सत्र में विपक्ष के सांसदों ने जब मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, तब जाकर खूब मिनटों का बयान मणिपुर पर प्रधानमंत्री ने दिया था। उसी दौरान मणिपुर में दो कुकी महिलाओं का वस्त्रहरण करके उनकी परेड करवाने का एक वीडियो भी सामने आया था, जिस पर विपक्ष ने गंभीर सवाल उठाए थे, और मजबूरन प्रधानमंत्री को बयान देना पड़ा था। अब एक तरफ नरेन्द्र मोदी दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार ने समय रहते हालात संभाले और वहीं मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने अभी कहा है कि दो कुकी महिलाओं के यौन उत्पीड़न और उनकी परेड करवाने का वीडियो विपक्ष ने वायरल किया था ताकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार को बदनाम किया जा सके। बीरेन सिंह ने दावा किया कि इस वीडियो के वायरल होने के कारण ये बात पूरी तरह नजरअंदाज कर दी गई कि उन महिलाओं को मैतेई समुदाय की कुछ महिलाओं और युवाओं ने बचाया था।

# रिजर्व बैंक ने बनाए रखी यथास्थिति

भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति पर नजर रखते हुए कठोर मौद्रिक नीति बनाए रखी है। हालांकि, इसके आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर थोड़ी चिंता है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**भा**रतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 5 अप्रैल, 2024 को वर्तमान वित्ता वर्ष की पहली छमाही के लिए छः सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति-एमपीसी बैठक के निर्णयों की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'अब हाथी टहलने चला गया है और लगता है कि वह जंगल में लौट रहा है। हम चाहते हैं कि हाथी जंगल में लौट जाए और वहां स्थाई रूप से बना रहे। शक्तिकांत दास हाथी के प्रतीक का प्रयोग खुदरा मुद्रास्फीति के लिए कर रहे थे जिसका प्रतिनिधित्व उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-सीपीआई से होता है। अप्रैल, 2022 में 7.8 प्रतिशत की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद सीपीआई में गिरावट आई ओर वह दिसंबर, 2023 में 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गया। इसके बाद उसमें और गिरावट आई तथा वह जनवरी-फरवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गया।

उनकी इच्छा है कि सीपीआई में गिरावट जारी रहे और वह टिकाऊ आधार 'लक्ष्य' पर स्थिर बना रहे। चीजों को सही परिप्रेक्ष्य में देखने के लिए हमें कुछ तथ्यों पर गौर करना चाहिए। 2016 में केन्द्र सरकार ने एक संस्थागत ढांचा तैयार किया ताकि एमपीसी को मौद्रिक नीति बनाने तथा मुद्रास्फीति को लक्षित प्रमुख ब्याज दरें निर्धारित करने में सफलता मिले। इसने आरबीआई को नीतिगत दर, यानी आरबीआई द्वारा बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दर इस तरीके से निर्धारित करने का आदेश दिया जिससे सीपीआई को 4 प्रतिशत के दो प्रतिशत अधिक या कम के लक्ष्य पर पांच साल के लिए निर्धारित करना संभव हो। यह अवधि 31 मार्च 2021 तक के लिए निर्धारित थी, लेकिन इसके बाद यह सीमा रेखा बढ़ा कर 31 मार्च, 2026 कर दी गई।

आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए दो प्रमुख मौद्रिक नीति उपकरणों का प्रयोग करती है जिनमें नीतिगत दर तथा तरलता, यानी बैंकिंग व्यवस्था को उपलब्ध होने वाला कर्ज। इसके साथ ही वह उच्च तथा समावेशी आर्थिक विकास बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। लेकिन व्यवहार में वह मुद्रास्फीति को सीमा में रखने पर ज्यादा ध्यान देती है। इसके बावजूद मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भी वह पूरी तरह सफल नहीं है। कुछ तथ्यों पर गौर करें। दिसंबर 2018 में शक्तिकांत दास के जिम्मेदारी संभालने के समय अर्थव्यवस्था ढलान पर थी ओर 2018-19 की की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर गिर रही थी। उस समय उनके पूर्ववर्ती उर्जित पटेल के कठोर दृष्टिकोण के कारण नीतिगत दर 6.5 प्रतिशत के शिखर पर थी। फरवरी 2019 के बाद दास ने नीतिगत दर में आक्रामक रूप से कटौती की जो मई, 2020 में 4 प्रतिशत पर पहुंच गई, लेकिन इस कटौती के बावजूद आर्थिक वृद्धि तेज नहीं हुई। 2019-20 में जीडीपी वृद्धि दर ऐतिहासिक रूप से गिर कर 4 प्रतिशत पर पहुंच गई। 2020-21 में यह कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के दुष्प्रभाव के कारण माइनस 6.6 प्रतिशत पहुंच गई। 2021-22 में जीडीपी वृद्धि दर में तेजी आई और हय 8.9 प्रशित पहुंची। हालांकि, तर्क दिया जा सकता है कि कम ब्याज दर ने वृद्धि में सहायता की, पर यह तथ्य अपनी जगह है कि इसका कारण कोराना संबंधी नियंत्रण हटने से आर्थिक गतिविधियों की बहाली थी। हालांकि, उस वित्त वर्ष में पहली तीन तिमाहियों में मुद्रास्फीति कम ब्याज दर के बावजूद लक्षित सीमा में बनी रही।

जनवरी, 2022 के बाद से मुद्रास्फीति में बढ़ोत्तरी हुई और 2022-23 में अधिकांश समय तक यही स्थिति बनी रही। इस वृद्धि के कारण आरबीआई ने 'मुद्रास्फीति लक्षित' रणनीति पर कदम बढ़ाए। मई, 2022 में इसने वित्त वर्ष की पहली छमाही में नीतिगत दरों में 1.4 प्रतिशत वृद्धि की। इसके बाद उसने दूसरी छमाही में फिर इसमें 1.1 प्रतिशत वृद्धि की। इस प्रकार फरवरी, 2023 तक इसमें कुल 2.5 प्रतिशत वृद्धि हुई और यह पहले की तरह 6.5 प्रतिशत के शिखर पर पहुंच गई। इसके बावजूद मुद्रास्फीति पूरे 2022-23 में पहले की तरह बनी रही।

अप्रैल 2023 में इसे स्वीकार करते हुए शक्तिकांत दास ने कहा था, 'जब हमने फरवरी, 2019 में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए दरों में कटौती की तो सीपीआई मुद्रास्फीति लगभग 2 प्रतिशत तथा नीतिगत रेपो दर 6.50 प्रतिशत थी। अब नीतिगत दर 6.50 प्रतिशत है, पर मुद्रास्फीति 6.4 प्रतिशत है। दूसरे शब्दों में आरबीआई ने स्वीकार किया कि वह नीतिगत दरों को बढ़ा कर भी मुद्रास्फीति को 6.4 प्रतिशत पर ही बनाए रख सका था। फरवरी, 2023 के बाद छह नीतिगत समीक्षायें हो चुकी हैं, पर आरबीआई ने नीतिगत दर बिना किसी परिवर्तन के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि सीपीआई मुद्रास्फीति दर जुलाई, 2023 में 7.4 प्रतिशत से गिर कर सितंबर, 2013 में 5 प्रतिशत, अक्टूबर, 2023 में 4.8 प्रतिशत तथा जनवरी-फरवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस प्रकार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5.4 प्रतिशत पर बनी रही जो अधिकतम लक्षित सीमा 6 प्रतिशत से कम है।

अप्रैल, 2024 की समीक्षा में आरबीआई ने नीतिगत दर को अपरिवर्तनीय 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखा है। यह उसके इस आंकलन के बावजूद है कि सीपीआई मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत पर बनी रहेगी, जो 4 प्रतिशत से दो प्रतिशत अधिक या कम की लक्षित सीमा में है। इसके बावजूद केन्द्रीय बैंक का निर्णय शक्तिकांत दास द्वारा परिभाषित 'अंतिम स्तर पर मुद्रासंकुचन सुनिश्चित' करने की आवश्यकता पर आधारित है। ऐसे में जब तक मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य पर नहीं आ जाती है, तब तक ब्याज दरों में कटौती शुरू नहीं होगी। यदि वास्तव में रिजर्व बैंक का यही इरादा था तो दो प्रतिशत अधिक या कम की अवधारणा क्यों बनाए रखी गई है। आरबीआई ने एक नीतिगत दृष्टिकोण और बनाए रखा है जिसका लक्ष्य 'विड्राल आफ एकमोडेशन' है। यह शब्दावली दास ने जून 2019 में गढ़ी थी, जब उन्होंने नीतिगत दरों में कटौती और कर्ज उपलब्धता में वृद्धि के मामले में 'एकमोडेटिव' दृष्टिकोण की बात कही थी। जून, 2022 के बाद से आरबीआई ने अपना यह दृष्टिकोण उलट दिया है और अब तक विड्राल आफ एकमोडेशन पर दृढ़ है। दास ने दिसंबर, 2023 में द्वैमासिक नीति समीक्षा में एक नई शब्दावली गढ़ी जिसे अब 'एक्टिवली डिसइन्फ्लेशनरी' कहा जाता है। आखिरकार आरबीआई अपना कठोर नीतिगत दृष्टिक्रोण क्यों नहीं छोड़ना चाहता है। जब ईंधन व भोजन को छोड़ कर प्रमुख मुद्रास्फीति 3.4 प्रतिशत पर बनी हुई है जो आरबीआई के वर्तमान 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है और ईंधन की कीमतों में पूरे साल कोई परिवर्तन नहीं आया है।


उसकी मुख्य चिंता खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति की है। जुलाई, 2023 में यह 11.8 प्रतिशत से गिर कर अक्टूबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत रह गया। हालिया महीनों में इसमें थोड़ी वृद्धि हुई है और यह 8 प्रतिशत है। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति पर बहुत अधिक ध्यान देना उचित नहीं है। पहला, वर्तमान सीपीआई बास्केट में खाद्य पदार्थों का हिस्सा लगभग 39 प्रतिशत है, लेकिन इसका आधार 2011-12 का उपभोक्ता खर्च सर्वेक्षण-सीईएस है। 2022-23 के आंकड़ों से स्पष्ट है कि सीईएस में काफी गिरावट आई है। इस सुधार के साथ सीपीआई में खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति के प्रभाव में काफी गिरावट आएगी। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति का प्रमुख कारण मुख्यतः मौसमी कारणों से सप्लाई श्रृंखला में आने वाली बाधा होती है।

पिछले दो साल में गेहूं की पैदावार 2021-22 में ज्यादा गरमी तथा 2022-23 में बैमौसम बरसात तथा ओले गिरने से प्रभावित हुई। जुलाई, 2023 में सब्जियों के दाम में वृद्धि भी मौसमी कारणों से थी। ऐसे में आरबीआई नीतिगत दरें बढ़ाने या कर्ज उपलब्धता घटाने के माध्यम से ज्यादा कुछ प्राप्त नहीं कर सकता है। उसे मांग पक्ष के बजाय समस्या ग्रस्त सप्लाई पक्ष पर ध्यान देना चाहिए। शक्तिकांत दास ने कहा है कि कृषि एवं ग्रामीण गतिविधियों में सक्रियता उत्साहजनक है। ऐसे में रिजर्व बैंक को उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

# एक बड़े राजनीतिक पतन को दर्शाते हैं चुनावी बॉन्ड्स

"भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली एनिमल स्पिरिट्स को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था"

जगदीश रत्तनानी
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)






**भारत** का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली एनिमल स्पिरिट्स को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी।

किसी भी समझदार व्यक्ति के सामने यह बात तय और स्पष्ट है कि चुनावी बॉन्ड्स की योजना एक जबरन वसूली रैकेट थी। भले ही इसे जारी करते समय इसका वह (इसे बनाने वालों के चैरिटेबल होने का कलंक लगाने का) इरादा नहीं था, जिस इरादे के साथ इसे तैयार किया गया था। इस योजना से जो वैध दिखाई देने वाला भ्रष्टाचार फैलाया गया, उसका लंबे समय तक अध्ययन और विश्लेषण किया जाएगा। यह घोटालों के इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज किया जाएगा जिसने अपने पीछे असाधारण और ऑडिट किए गए दस्तावेजों को देखते हुए कल्पना के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है। इसकी विभीषिका यह है कि लेन-देन की बारीकियों में विशेष रूप से जब यह सामने आता है- (अ) फार्मा कंपनियों की दवाओं की गुणवत्ता की जांच का मुद्दा और उनके दान, (ब) विभिन्न प्रकार की शुरू हुई जांच जो दान के बाद बंद हो गई, इनमें से एक प्रकार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रक्रिया की ओर अग्रसर है, (स) भुगतान के बाद व्यापारिक घरानों के पक्ष में लंबे समय से लंबित मंजूरी और अन्य सुविधाएं प्रदान करना; और (द) विदेशी धन के लिए दान के रूप में आने वाला एक स्पष्ट रास्ता सिर्फ शीर्ष चिंताएं हैं। ये न केवल चुनावी बॉन्ड्स योजना के राष्ट्र-विरोधी चरित्र की ओर इशारा करती हैं बल्कि भ्रष्टाचार को निमंत्रण देने के रूप में भी सामने आती हैं- एक खुली नीति जो भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करने का स्पष्ट रास्ता बताती है।

कीमत का पता हो तो एक कारोबारी नेता या निहित स्वार्थ क्या नहीं कर सकता, खास तौर पर जब कानूनी कवर की गारंटी हो, कानून में गोपनीयता लिखी गई हो और भारत के प्रधानमंत्री की पार्टी लूट की प्राप्तकर्ता हो? यह भ्रष्टाचार की रेट-कार्ड पद्धति को वैध बनाता है जो लगान वसूली की मांग को एक कुशल, पूर्वानुमानित और मात्रात्मक उद्यम बनाता है, केवल यह कि सत्ता के उच्चतम सोपानों पर काम करता है। यह वैध है और वह आपका कोई भी काम हो, उसे पूरा करता है। एक आधुनिक लोकतांत्रिक देश के रूप में यह भारत के पतन और बनाना रिपब्लिक बनने की दिशा में निश्चित प्रवेश का प्रतीक है जिसमें शांति की दिखावटी भावना उस आंतरिक व्यवहार को मुश्किल से छुपाती है जहां गंदे काम किए जाते हैं। यह भारत की विकास गाथा की आंतरिक सड़ांध है, बढ़ती जीडीपी की बात तो छोड़िए, यह एक ऐसे देश का खुद का थोपा गया उपनिवेशीकरण है जिसने अपनी प्रतिष्ठा खो दी है।

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रह चुके एआर अंतुले को चुनावी बॉन्ड्स योजना के शुरुआती संस्करण के रूप में वर्णित किया जा सकता है। फर्क सिर्फ इतना था कि उनका धन संग्रह गरीबों के लिए था, न कि चुनाव लड़ने के लिए। जब उनके द्वारा नियंत्रित ट्रस्टों को दान के बारे में पता चला तो 1982 में दबाव डालकर अंतुले को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया था। यह सार्वभौमिक रूप से एक महत्वपूर्ण और बड़ा घोटाला माना जाता था। यह भाजपा ही थी जिसने अंतुले के खिलाफ मामला दर्ज किया था जिन्होंने शार्टेज के समय बिल्डरों को आंशिक रूप से सीमेंट आवंटन के बदले में ट्रस्ट फंड में 50 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। जैसे ही यह घोटाला राष्ट्रीय सुर्खियों में आया तो भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाने में भाजपा सबसे आगे थी।

लालकृष्ण आडवाणी ने इस घोटाले को उजागर करने के प्रयासों का नेतृत्व किया। आज वही पार्टी एक ऐसे चरण में पहुंच गई है जहां उसका नेतृत्व संग्रह के यथानुपात औचित्य की बात करता है। जैसा कि अमित शाह द्वारा धन प्राप्त के औचित्य के लिए पेश किए प्रयास से पता चलता है, जिसमें उन्होंने कहा कि इतने सारे सांसदों के कारण हमें इतना मिला और विपक्ष को कम सांसद होने के कारण इतना धन मिला। फिर भी, चुनावी बॉन्ड्स से राष्ट्र को हुए गहरे नुकसान में उपरोक्त सभी को शामिल नहीं किया गया है। बड़ा झटका तो यह है कि भारत को स्वीकारोक्ति के इस अहसास के साथ आना होगा कि उदारीकरण और निजीकरण के युग में 1991 की उसकी दिशा विफल हो गई है।

भारत का उदारीकरण निजी क्षेत्र को लाइसेंस-नियंत्रण-राज से मुक्त करने, जॉन मेनार्ड कीन्स के शब्दों में आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली एनिमल स्पिरिट्स को बढ़ाने और आर्थिक पलायन के वेग से बचने के लिए था ताकि हम तथाकथित हिंदू विकास दर (आजादी के समय देश में ढांचागत विकास और सुविधाओं का अभाव था। देश के अधिकांश लोग आजीविका के लिए खेती पर ही निर्भर थे। इस वजह से 1970-80 के दशक तक भारत की आर्थिक गति सुस्त थी और जीडीपी ग्रोथ 3.5 फीसदी हुआ करती थी। अर्थशास्त्री राजकृष्णा ने 1950 से 1970 के दशक में देश की धीमी आर्थिक गति को ही हिन्दू रेट ऑफ ग्रोथ कहा था, उससे ऊपर उठ सकें। सुधारों से पहले व्यवसायियों ने व्यापार-सरकार संपर्क की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए नई दिल्ली में संपर्क कार्यालय रखे। बहुत समय पहले 1970 के दशक के वैश्विक तेल संकट के मद्देनज़र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए उठाये गये एक कदम के रूप में साबुन पर लगाए गए मूल्य नियंत्रण को समाप्त करने के लिए भारत में यूनिलीवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से मिलने के लिए कहा गया था। प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 24 जुलाई, 1991 को औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया जिसके बाद इस लाइसेंस-नियंत्रण-राज की जरूरत ही नहीं रही। मनमोहन सिंह ने घोषणा की थी-समग्र रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक कुशल और आधुनिक बनने से लाभान्वित होगी और औद्योगिक प्रगति की दुनिया में अपना सही स्थान लेगी। इस बदलाव से क्या मिला है? हमारे पास जीडीपी वृद्धि है, लेकिन सरकारी खर्च इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। निजी क्षेत्र हमेशा की तरह कम बोलता है लेकिन अभी भी सत्ता के गलियारों में बातचीत करने और उन लोगों को खुशी से तुरंत पैसा देने के लिए तैयार है, जो उनके लिए उपयोगी हैं। जो लोग सत्ता के सबसे करीब हैं उन लोगों की ही सबसे ज्यादा तरक्की हुई हैं।

इससे भी बदतर यह है कि इससे व्यवस्था में जो अक्षमताएं पैदा होती हैं वे एक तरफ निजी क्षेत्र को परिपक्व होने की अनुमति नहीं देंगी और दूसरी तरफ़ आर्थिक संकट या आर्थिक अनिश्चितता के समय आने वाली एनिमल स्पिरिट्स से सत्ता को मजबूत होने, शासन प्रणाली बनाने, साहसिक निर्णय लेने और जोखिम उठाने से रोकती है। फिर भी जब प्रक्रिया को प्रबंधित करने के लिए एक साइड गेट मौजूद हो तो ये सारे जोखिम क्यों उठाए जाएं? ये आरोपित खिलाड़ी हैं जो झुकी हुई रीढ़ के साथ शासन करना जारी रखेंगे और हमारे पास निजी क्षेत्र के नाम पर (कुछ अपवादों को छोड़कर) जो है उसे हर कीमत पर कम से कम जोखिम के साथ पैसा बनाने में मदद करेंगे। समाज की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए भारत का यह सपना नहीं हो सकता। इस वजह से यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उदारीकरण नीति के साथ हमने ब्रिटिश राज के दौरान प्राप्त धन और आय असमानता को अधिक बढ़ाया है। वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब के भारती, चांसल, पिकेटी और सोमांची के वर्किंग पेपर इनकम एंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023: द राइज ऑफ द बिलियनेयर राज में यह बात लिखी गई है। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि भारत का निजी क्षेत्र वास्तव में परिपक्व नहीं हुआ है और केवल सरकार की नौकरानी के रूप में खुद को सहज महसूस करता है।

इसलिए यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत में नाम लेने लायक कोई सशक्त और उद्देश्यपूर्ण निजी क्षेत्र नहीं है। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि कई भारतीय अभी भी निजी उद्यमों पर भरोसा नहीं करते। भारत में आज भी एक कीमत चुकाकर शांति खरीदने और पैसा बनाने की काम करने की प्रणाली है। सरकार और वे लोग जिनके पास ऐसे साधन हैं वे जनविरोधी एजेंडे में एक साथ खड़े होते हैं।

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **pioneerhry@gmail.com** पर भी भेज सकते हैं।

# हरियाणा में जेजेपी सभी दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के पूर्व डिप्टी सीएम और जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने अगले तीन से चार दिनों के भीतर जननायक जनता पार्टी के सभी 10 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित करने के संकेत दिए हैं। दुष्यंत ने अपने चाचा इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला को चुनौती दी है कि यदि उनमें दम है तो वे भी सभी 10 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित करने का साहस जुटाएं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में पता चल जाएगा कि भाजपा की बी टीम कौन है।

चंडीगढ़ में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए जेजेपी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने यह दावा भी किया है कि करनाल विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। बातों ही बातों में दुष्यंत ने संकेत दिया कि पार्टी अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला यदि चाहेंगे तो करनाल में वे स्वयं भी भाजपा उम्मीदवार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सामने चुनाव लड़ सकते हैं। उन्होंने भाजपा पर हमलावर होने का भी कोई मौका नहीं चूका। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा भी अब नई कांग्रेस बन चुकी है। लोकसभा के 10 उम्मीदवारों में छह उम्मीदवार कांग्रेस की पृष्ठभूमि के हैं। भाजपा के पास अपने स्वयं के उम्मीदवार नहीं हैं। फील्ड में अजय सिंह चौटाला, दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय चौटाला के विरोध से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इनेलो नेता एक योजनाबद्ध तरीके से राजनीतिक माहौल को खराब करने के लिए विरोध करवा रहे हैं। दिग्विजय का डबवाली के पीपली गांव में विरोध करने वाले कांग्रेस व इनेलो कार्यकर्ता के रूप में चिन्हित किए जा चुके हैं। कुंगड गांव में अजय सिंह चौटाला का विरोध करने वाले कांग्रेस के पदाधिकारी हैं।

जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि यदि हम कुरुक्षेत्र में अभय सिंह चौटाला की गाड़ी के आगे जेजेपी कार्यकर्ताओं को हाथ में किसानों के झंडे देकर खड़ा कर दें तो क्या यह बात अच्छी है। हमारे साथ यही हो रहा है। किसानों द्वारा विरोध के नाम पर कांग्रेस व इनेलो हमारी लोकप्रियता को खत्म करने की षड्यंत्र रच रहे हैं। दुष्यंत चौटाला ने



एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने कभी इनेलो व जेजेपी की एकजुटता की बात नहीं की। अजय सिंह चौटाला ने जब भी बोला, यही कहा कि यदि ओमप्रकाश चौटाला चाहेंगे तो यह परिवार एक हो सकता है, मगर अभय सिंह को परिवार की एकजुटता पसंद नहीं है तो ठीक है।

दुष्यंत चौटाला ने यह भी आशंका जताई कि आने वाले समय में अभय सिंह चौटाला अपनी पार्टी इनेलो का किसी दूसरे दल में विलय कर सकते हैं। उनके पास उम्मीदवार नहीं है। साढ़े चार साल भाजपा के साथ सत्ता में रहकर मलाई खाने से जुड़े विपक्ष के आरोप पर दुष्यंत ने कहा कि दीनबंधु सर छोटू राम और स्व. देवीलाल हमेशा कहा करते थे कि नीतियां और काम सरकार में रहकर पूरे किए जा सकते हैं। हमने साढ़े चार साल में अपने चुनाव घोषणा पत्र के सभी वादे पूरे करने का काम किया है। 40 हजार करोड़ रुपये का औद्योगिक निवेश और किसानों को 14 फसलों पर एमएसपी व दो दिन में किसानों के खातों में ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था जेजेपी ने कराई है।

दुष्यंत चौटाला पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह पर भी हमलावर हुए। उन्होंने कहा कि मेरे पास ऐसे वीडियो हैं, जिसमें बीरेंद्र सिंह कभी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कोसते हुए नहीं थकते थे। कहते थे कि हुड्डा पूरी कांग्रेस खा गए। अब जबकि बीरेंद्र सिंह का राजनीतिक आधार पूरी तरह से खत्म हो चुका है तो वे हुड्डा के हाथों ही अपने गले में कांग्रेस का पटका पहनते हुए अपनी शान समझ रहे हैं। दुष्यंत ने आरोप लगाया कि भाजपा का नई सरकार का ध्यान किसानों की तरफ नहीं है। तीन सौ रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों से सरसों की फसल में नमी के नाम पर कटौती की जा रही है। भाजपा ने मंडियों में आढ़ती से खरीद प्रक्रिया बंद करवाकर एजेंसियों के माध्यम से अपने चहेते कमीशन एजेंटों को आगे कर दिया है।

# समस्त नारी जाति के मान-सम्मान के लिए डॉ. अंबेडकर जी ने लड़ी लड़ाई : जरावता



**सोनीपत।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 133वीं जयंती रविवार को ककरोड रोड़ स्थित पर अंबेडकर भवन में दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी के द्वारा मनाई गई। अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ठ अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर नमन करते हुए पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम भीम वंदना के बाद विधिवत जयंती शुभारंभ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुभाष सिसोदिया ने किया। मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश जरावता विधायक पटौदी, चेयरमैन, एससी/एसटी/बीसी वर्ग कल्याण समिति हरियाणा विधानसभा, कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेशचंद्र भौरिया, सेवानिवृत्त अवर सचिव, विदेश मंत्रालय भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि डॉ. सतीश कुमार, आर्युवेदिक मेडिकल आफिसर, सुरेश कुमार सेवानिवृत्त डीआरओ, राजीव जैन मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जी जयंती के अवसर विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश जरावता विधायक पटौदी ने कहा कि महापुरूष किसी भी एक जाति विशेष के नहीं होते, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत होते हैं। हमें ऐसे महापुरूषों की जयंतियां बड़ी धूमधाम के साथ मनानी चाहिए और हमें उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए। अंबेडकर के जीवन चरित्र प्रकाश डालते हुए उपस्थितजनों को बाबा साहेब द्वारा बताये गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा : त्रिलोचन सिंह



**करनाल।** करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हरियाणा शहरी विकास प्रधाकरण (एचएसवीपी) की पॉलिसी में बदलाव किया जाएगा ताकि आम आदमी को भी प्लॉट मिल सके और उसका अपना घर बनाने का सपना पूरा हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण नो प्रोफिट नो लॉस की सोच के साथ गठित किया गया था। ड्रा के माध्यम से प्लाटों का आबंटन होता था और इससे आम आदमी को प्लॉट मिल जाते थे। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ऑक्शन सिस्टम लेकर आई, जिससे इस विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ा। अपना घर आम आदमी की पहुंच से दूर हो गया। इसी वजह से अवैध कालोनियों का निर्माण हुआ। इन अवैध कालोनियों में लोगों ने प्लॉट और मकान ले लिए, लेकिन यहां डीटीपी की कार्रवाई से उनके आशियाने उजड़ गए। ऐसे में आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। भाजपा सरकार ने चारों तरफ से आम आदमी का शोषण करने का काम किया। त्रिलोचन सिंह ने वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की पॉलिसी में बदलाव करते हुए ऑक्शन सिस्टम बंद किया जाएगा। ड्रॉ के माध्यम से ही प्लॉटों की बिक्री होगी ताकि आम आदमी को लाभ मिल सके।

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई



**जगाधरी।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती जगाधरी विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें दर्शन लाल खेड़ा पूर्व प्रधान नगर परिषद जगाधरी ने मांड खेड़ी की टपरिया, ढाक वाली टपरिया, गांव उधमगढ़, छछरौली, गांव जड़ौदी मे शिरकत कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को नमन किया। मांड खेड़ी की टपरिया जगाधरी में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहब की जीवनी को दर्शाया। इस मौके पर दर्शन लाल खेड़ा ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान भारत को दिया उससे देश आज भी उन्नति के पथ पर अग्रसर है। संविधान ने देश को आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर अंबेडकर युवा मंच के बंटी, मोहित, भानु, मनीष, इंद्रजीत, करण, मोनू, राजेश, हर्ष, अनिकेत, सुनील, अरुण, हरीश ,साहिल, आदि उपस्थित रहे। बच्चों की टीम से निष्ठा, नोशी, गरिमा ,राखी, नैंसी, पल्लवी, प्रिया, चीनू, तमन्ना आदि ने संस्कृत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### महंत से फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी रिमांड पर

**कैथल।** फिरौती मांगने के मामले में चौकी संगतपुरा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महंत की शिकायत के अनुसार वह गांव बाबा लदाना स्थित डेरा में 2011 से मंहन्त हैं। पट्टी अफगान कैथल निवासी बलविन्द्र उर्फ काला का पिछले करीब दो महीने से उसके पास आना जाना था। हाल ही में 15 दिन पहले एक विवादित जमीन का फैसला डेरे के पक्ष में आया था जिसके कुछ दिनो बाद उसके पास बलविन्द्र उर्फ काला का दो लाख की फिरौती के लिए फोन आया और पुलिस को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर के मारे उसने आरोपी को 10 हजार रुपये नगद व 40 हजार का चैक दे दिया। उसके बाद 12 अप्रैल को आरोपी का बकाया पैसों के लिए फिर फोन आया और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। इस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच चौकी संगतपुरा पुलिस प्रभारी एएसआई विक्रम की टीम द्वारा करते हुए पट्टी अफगान कैथल निवासी बलविन्द्र उर्फ काला को काबू कर लिया गया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपी का पूछताछ के लिए न्यायालय से दो दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

### शकुंभरी देवी मंदिर के बाहर पांच दिवसीय प्रदर्शनी शुरू



**शाहाबाद मारकंडा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाहाबाद की ओर से श्रीमद् देवी शकुंभरी देवी मंदिर के बाहर आध्यात्मिक प्रदर्शनी लगाई गई, जो 17 अप्रैल तक चलेगी। इस आध्यात्मिक प्रदर्शनी का उद्घाटन मंदिर सभा के प्रधान सुरेंद्र जैन ने रिबन काट कर किया। उन्होंने ब्रह्माकुमारी द्वारा समाज सुधार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। जैन ने कहा कि आज हर व्यक्ति किसी न किसी कारण मानसिक तनाव में है। ऐसे में राजयोग करके ही वह स्वस्थ रह सकता है। ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुभूति भवन शाहाबाद सेवा केंद्र की प्रभारी राजयोगिनी नीति दीदी के मार्गदर्शन में लगाई गई इस आध्यात्मिक प्रदर्शनी का संचालन कर रही बी.के निजा दीदी ने बताया कि संस्थान के भाई बहनों द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत स्कूलों-कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, बाल संरक्षण के बारे भी आमजन को जागरूक करने के अभियान जारी है। उन्होंने मददेवी शाकुंभरा देवी मंदिर सभा के प्रधान सुरेंद्र जैन और मददेवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर के प्रधान पवन गर्ग को ईश्वरीय सौगात भेंट की।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संस्था थे

**सोनीपत।** मेयर निखिल मदान ने देश के संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर शहरवासियों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। मेयर निखिल मदान वार्ड 17 में वेस्ट राम नगर में संत शिरोमणि रविदास धर्मशाला में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संस्था थे, एक विचार थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित और शोषित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबा साहेब सामाजिक समरसता के अग्रदूत के तौर पर सदैव याद रखे जाएंगे। बाबा साहब ने बेहद सीमित संसाधनों के साथ गरीब मजदूर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी। अपनी विद्वता और योग्यता के चलते बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री और भारतीय संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने और उन्होंने देशवासियों को एक बेहतरीन संविधान दिया। आज के दौर में हम सबको भारतीय संविधान के मूल्यों और उसमें वर्णित नीतियों पर चलना चाहिए यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने पुरखास अड्डे पर संत शिरोमणि गुरु रविदास कल्याण सभा, गौतम नगर पुरखास अड्डा द्वारा बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में भाग लिया। मेयर निखिल मदान इसके बाद आर्य नगर की पुरानी कचहरी परिसर में बने कम्युनिटी सेंटर में पहुंचे, जहां पहल ज़िंदगी की सामाजिक संस्था द्वारा टैलेंट एंड अवार्ड शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मेयर निखिल मदान ने सभी लोगों को बाबा साहब की जयंती की शुभकामनाएं दी और बच्चों का हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर सुरेंद्र नैय्यर, नवीन तंवर, संदीप सूद, भारत बंजन, बलराज कटारिया, ईश्वर वाल्मिकी, मनोज सैनी, अशोक, देवेंद्र, मनोज नागर, सविंदर सिंह आदि मौजूद थे।

# दुनियाभर के लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी अति जरूरी : सरोज दीदी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**दुनिया** भर के लोगों के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य भी अति जरूरी है, इसलिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सभी 21 प्रभाग विश्वभर में पूरा वर्ष विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभा रहे हैं। यह जानकारी ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन माउंट आबू में चल रही आठ दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेकर लौटी विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र प्रभारी राजयोगिनी सरोज दीदी ने यहां प्रात:कालीन सभा में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वर्ष 2024-2025 की बैठक में निर्णय लिया गया है कि ब्रह्माकुमारीज के सभी रिट्रीट सेंटर, सेवा केन्द्र, उप-सेवा केन्द्र और पाठशालाओं में



आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ समाज थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन पूर्ववत जारी रहेगा। साथ ही इस बैठक में 60 सूत्रीय एजेंडे को लेकर सामाजिक सेवाओं को गति देने के लिए रूप रेखा बनाई गई है। इस दौरान सभी 21 प्रभागों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजकों ने वर्ष भर के लिए अपने-अपने प्रभाग का सेवा के लिए एजेंडा तय किया है। सभी ने सर्वसम्मति से तय किया कि मुख्यालय में दो बार प्रत्येक प्रभाग का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। एक प्रश्न के जवाब में सरोज बहन ने बताया कि नशामुक्ति अभियान के तहत स्कूलों- कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताए जाएंगे। इतना ही नहीं, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, बाल संरक्षण व समाज सेवा बारे भी रूपरेखा तैयार की गई है।

# चौधरी बीरेंद्र सिंह और पुत्र बृजेंद्र सिंह के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोला

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह और पुत्र बृजेंद्र सिंह की कांग्रेस में वापसी के बाद भी मुश्किल कम नहीं हुई है। जहा बृजेंद्र सिंह को भाजपा में रहते हिसार लोकसभा सीट से दूसरी बार टिकट न मिलने का डर सता रहा था वही परिवार की उचाना विधानसभा सीट भी छिन जाने का खतरा महसूस किया जा रहा था। लेकिन कांग्रेस में आने के बाद किसान नेताओं ने पिता पुत्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

**हिसार से टिकट न देने के लिए सोनिया और खरगे से करेंगे अपील**

संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य एवं किसान नेता आजाद पालवां के नेतृत्व में रविवार सुबह छह बजे दर्जनों किसान ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए। किसान वहां कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिर्काजुन खडगे व राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। वह कांग्रेस नेताओं के सामने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह व उनके पिता पूर्वमंत्री बीरेंद्र सिंह के खिलाफ विरोध दर्ज करवाएंगे।

आजाद पालवां ने मीडिया को कहा कि कांग्रेस हिसार लोकसभा से बृजेंद्र सिंह या बीरेंद्र सिंह को टिकट दे सकती है। जब बृजेंद्र सिंह सांसद थे, वह किसानों के बीच कभी नहीं आए। करीब 16 महीने उचाना में किसानों का धरना चला, बृजेंद्र सिंह व बीरेंद्र सिंह ने कभी किसानों से बात नहीं की।

उचाना में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाए। बृजेंद्र सिंह तो कभी लोगों से मिले भी नहीं। इसलिए उन्होंने सांसद गुम होने के पोस्टर भी लगाए थे। अब इनको भाजपा की टिकट नहीं मिली तो यह कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस नेताओं से दिल्ली में मुलाकात करके कहा जाएगा कि वह हिसार लोकसभा से इन दोनों में से किसी को भी टिकट नहीं दे। यदि कांग्रेस ने इनको टिकट दी तो वह उनका विरोध करेंगे।

चौधरी बीरेंद्र सिंह वर्ष 2014में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। राज्यसभा के रास्ते पहली मोदी सरकार में मंत्री रहे।वर्ष 2019में बेटे को हिसार लोकसभा सीट से टिकट दिलाकर सांसद बनवाया।वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीरेंद्र सिंह ने भाजपा पर दवाब बनाया कि हरियाणा में जेजेपी से गठबंधन समाप्त किया जाए। भाजपा ने सरकार चलाने के लिया जेजेपी का समर्थन छोड़ दिया लेकिन इससे पहले ही बृजेंद्र सिंह कांग्रेस में चले गए।

## जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को दिए सख्त निर्देश

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने जिला के प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे बिना जांच पड़ताल व नियमों के विरूद्ध जाकर कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित न करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान मुद्रक व प्रकाशक के नाम के बिना चुनाव से संबंधित पम्पलेट व पोस्टर आदि छापना जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए का उल्लंघन है और ऐसा करने वाले प्रिंटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को यह भी निर्देश दिए हैं कि चुनाव से संबंधित हर सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम अवश्य छापें। उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग ने लोकसभा उम्मीदवारों के खर्च की सीमा निर्धारित की हुई है।

## सावधान : एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान के फर्जी वीडियो हुए वायरल, जिनमें वे स्टॉक की अनुशंसा कर रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हाल** ही हमने ऐसा पाया है कि एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान के चेहरे/आवाज का उपयोग करके कुछ ऑडियो और वीडियो क्लिप बनाए गए हैं और इनमें एनएसई के लोगो का इस्तेमाल भी किया गया है। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए गलत तरीके से बनाए गए ऐस ऑडियो-वीडियो क्लिप में निवेश संबंधी सलाह दी गई है।ऐसा लगता है कि ऐसे वीडियो एनएसई के एमडी और सीईओ श्री आशीषकुमार चौहान की आवाज और चेहरे के भावों की नकल करते हुए परिष्कृत तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए हैं। निवेशकों को आगाह किया जाता है कि वे ऐसे ऑडियो और वीडियो पर विश्वास न करें और ऐसे फर्जी वीडियो या अन्य माध्यमों से आने वाले किसी भी निवेश या अन्य सलाह का पालन न करें। यह ध्यान दिया जाए कि एनएसई के कर्मचारी किसी भी स्टॉक की सिफारिश करने या उन शेयरों में सौदे करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, एनएसई इन प्लेटफार्मों से जहां भी संभव हो, इन आपत्तिजनक वीडियो को हटाने का अनुरोध करने का प्रयास कर रहा है।एनएसई की प्रक्रिया के अनुसार, कोई भी आधिकारिक संचार केवल इसकी आधिकारिक वेबसाइट और एक्सचेंज के सोशल मीडिया हैंडल-ट्विटर, फेसबुक, इन्स्ताग्राम, यूट्यूब- के माध्यम से किया जाता है। सभी से अनुरोध है कि एनएसई की ओर से भेजे गए संचार और सामग्री के स्त्रोत को सत्यापित करें और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल की जांच करें।सभी निवेशकों से अनुरोध है कि वे इस पर ध्यान दें और एनएसई की वेबसाइट पर आने वाली जानकारी को एनएसई या उसके अधिकारियों से इसे आधिकारिक जानकारी के रूप में सत्यापित करें। निवेशकों और आम जनता को उपरोक्त बातों पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है।

## एग्जिट पोल दिखाया तो हो सकती है दो साल की कैद : प्रशांत पंवार



**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार ने कहा कि 19 अप्रैल से एक जून तक कोई भी व्यक्ति और मीडिया किसी भी प्रकार का एग्जिट पोल का आयोजन नहीं कर सकता। यदि कोई इस आदेश उल्लंघन करता है तो उसको दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों दंड दिए जा सकते हैं। प्रशांत पंवार ने कहा कि 19 अप्रैल को पूर्वाह्न सात बजे से एक जून अपराह्न साढ़े छह बजे तक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क व भारत निर्वाचन आयोग की उप धारा दो के उपबंधों के दृष्टिगत कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा। इसके अलावा किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम को प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन, प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रचार नहीं करेगा। अगर कोई भी इस धारा का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार साधारण निर्वाचन व उप निर्वाचनों की दशा में यह अवधि मतदान के पहले दिन के संबंध में मतदान के लिए नियत समय के आरंभ होने से शुरू होगी। सभी राज्यों में मतदान समाप्त होने के आधे घंटे तक जारी रहेगी।

# फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम ने लॉन्च किया महिलाओं के लिए समर्पित मेनोपॉज क्लीनिक : मैत्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फोर्टिस** मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के मद्देनजर, मेनोपॉज हैल्थकेयर के लिए आज एक समर्पित क्लीनिक - मैत्री शुरू किया है। इस क्लीनिक का उद्घाटन सुश्री सुनीता मुखर्जी, पूर्व स्वास्थ्य सचिव, भारत सरकार ने किया। इस क्लीनिक में अन्य कई प्रीवेंटिव हैल्थ सेवाओं जैसे पैप स्मीयर टेस्ट, मैमोग्राफी, ट्रांसवैजाइनल अल्ट्रासाउंड, पेट का अल्ट्रासाउंड, गाइनी कंसल्टेशन वगैरह सेवाएं उपलब्ध करायी गई हैं। क्लीनिक हर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक कार्यरत रहेगा।

ज्यादातर महिलाओं में 45 से 52 साल की उम्र के दौरान मेनोपॉज (रिप्रोडक्टिव आयु समाप्त होने की लाइफ स्टेज) होता है जो उनकी बायोलॉजिकल एजिंग का एक पडाव है। लेकिन पेरीमेनोपॉज यानि ट्रांजिशनल पीरियड मेनोपॉज से कई साल पहले से लेकर मासिक धर्म बंद होने के बाद एक साल तक रह सकता है।



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, पेरीमेनोपॉजल और पोस्टमेनोपॉजल के लक्षणों से पर्सनल और प्रोफेशनल जिंदगी पर काफी असर पडता है, और महिलाओं की हैल्थ प्रभावित होती है। इसलिए, पेरीमेनोपॉजल केयर महिलाओं की हैल्दी एजिंग और लाइफ क्वालिटी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होती है। लॉन्च के अवसर पर, प्रोफे. डॉ सुनीता मित्तल, सीनियर डायरेक्टर एवं एचओडी, ऑब्सटैट्रिक्स एंड गाइनीकोलॉजी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, रिपोर्टों के अनुसार, 40 से 45 साल की आयुवर्ग की महिलाओं में अर्ली मेनोपॉज (सामान्य उम्र से पहले) के लक्षण दिखायी देने लगते हैं और साथ ही, हॉट फ्लश, वजन बढने, मूड स्विंग्स, अनियमित ब्लीडिंग, जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं। चूंकि महिलाओं को कई तरह की हैल्थ समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में वे इस क्लीनिक में गाइनीकोलॉजिकल हैल्थ, मेनोपॉल हैल्थ, मेंटल हैल्थ तथा डायट एवं वेट कंट्रोल से लेकर हार्ट और बोन हैल्थ जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकती हैं।

# इंद्री ने 599% की वृद्धि के साथ भारत में 30% मार्केट शेयर पर कब्जा किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**पिकाडिली** डिस्टिलरीज की भारत की नंबर एक और सबसे पसंदीदा ट्रिपल कास्क सिंगल माल्ट इंद्री सिंगल माल्ट व्हिस्की ने इंद्री-ट्रिनी के साथ भारत की विकास गाथा को और मजबूत किया है, और यह %दुनिया में अब तक की सबसे तेजी से बढ़ने वाली सिंगल माल्ट व्हिस्की% बन गई है। स्कॉटलैंड, जापान, ताइवान या दुनिया में कहीं भी कोई भी सिंगल माल्ट व्हिस्की अपने लॉन्च के दो साल के भीतर 1,00,000 पेटी का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। इस उपलब्धि के साथ, इंद्री-ट्रिनी ने सभी रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं और यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाली सिंगल माल्ट व्हिस्की के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गई है। पिछले वर्ष के मुकाबले 599% की शानदार वृद्धि दर के साथ, इंद्री न केवल रिकॉर्ड तोड़ रहा है; बल्कि यह खेल के नए मानक गढ़ रहा है। इंद्री भारत में 30 प्रतिशत मार्केट शेयर पर कब्ज़ा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिकाडिली डिस्टिलरीज अपनी महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं के साथ दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाली 5 सिंगल माल्ट व्हिस्की में से एक बनने की आकांक्षा रखती है।

पिकाडिली डिस्टिलरी के सीईओ प्रवीण मालवीय ने कहा आज आयातित ब्रांड के प्रभुत्व वाले बाजार में, इंद्री भारतीय उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में मजबूती से खड़ा है। यह सिर्फ एक ब्रांड नहीं है; यह राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, जो भारतीय लोगों की स्थिति को ऊंचाइयों तक ले जाता है। इंद्री सिर्फ इस व्हिस्की की अगुवाई नहीं कर रही है, यह एक क्रांति का नेतृत्व कर रही है।

## संजीव कुमार बने भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष



**कैथल।** भारतीय मजदूर संघ जिला कैथल का अधिवेशन संघ कार्यालय कैथल में जिला अध्यक्ष संजीव कुमार की अध्यक्षता में हुआ। मंच का संचालन जिला मंत्री सुनील राणा ने किया। इधिवेशन में प्रदेश महामंत्री हवा सिंह महला और केंद्रीय पदाधिकारी सोहन लाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अधिवेशन में कर्मचारियों को आ रही समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया और आगे की रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया और फिर प्रदेश महामंत्री हवा सिंह महला ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष संजीव कुमार, जिला मंत्री सुरेंद्र जांगड़ा और कोषअध्यक्ष राज कुमार को नियुकत किया गया।

# अंबेडकर द्वारा बनाये गये संविधान के अनुसार यदि गरीबों को उनका हक दिया तो संविधान को खतरा बता रहे विपक्षी दल



संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की 132वीं जयंती पर सतीश नांदल का स्वागत करते रिषी पहलवान

## अंत्योदय जैसी अनेक योजनाओं का धरातल पर लागू कर डॉ. अंबेडकर की शिक्षा व संदेश का अनुसरण कर रही है भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**हरियाणा** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर की 132वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब ने सदैव दलित-गरीब उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके अंत्योदय के सिद्धांत को ही आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश की राज्य सरकार पिछले दस साल से लागू कर देश-प्रदेश को विकास पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं।

सांपला खंड के गांव भैसरू कलां में सर्वसमाज की ओर से आयोजित बाबा साहब की जंयती में बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे भाजपा नेता सतीश नांदल ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की शिक्षा व संदेश का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में जुटे हैं। इसमें अंत्योदय बहुत आवश्यक है, जिसके लिए उन्होंने गरीब वर्ग को स्टार्टअप शुरु करने के लिए दो करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने की योजना शुरू की है।

वे भारत को विश्वगुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस दिशा में सबको योगदान देना चाहिए। हमें देश को पुन:विश्व गुरु बनाने के लिए एकजुटता के साथ आगे बढ़ते हुए हर प्रकार के भेदभाव को मिटाना होगा। बाबा साहब डा. अंबेडकर ने भी सर्वसमाज के कल्याण के लिए काम किया। वे मात्र दलित नेता नहीं अपितु देश की 135 करोड़ जनता के नेता हैं। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी विकास पथ पर अग्रसर हैं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि गांव भैसरू कलां पूरे प्रदेश में मिसाल कायम करने वाला गांव है इस गांव के ग्रामीणों का सभी महापुरूषों के प्रति जो सम्मान का भाव है उस भाव का सभी को अनुसरण करना चाहिए। उन्होंनें कहा कि समाज में सभी महापुरूषों की स्वीकार्यता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज कुछ विपक्षी दल बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को खतरा बता कर वोट हासिल करना चाहते हैं, उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद बनाते हुए पुछा कि क्या आपको अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए किसी सरपंच, नंबरदार या किसी राजनेता के दरबार में सिफारिस लगवाई, क्या किसी ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए किसी के हाथ जोड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा ने समाज के जरूरत मंद लोगों के लिए उसका हक देने के लिए यदि कारगार कदम उठा दिये तो विपक्षी लोग कह रहे हैं कि संविधान खतरे में है। यदि किसी गरीब के बच्चे को बिना किसी पर्ची खर्ची के उसकी योग्यता के अनुसार नौकरी दे दी तो क्या संविधान खतरे में आ गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान को पूरी तरह लागू कर भाजपा ने देश के भ्रष्ट लोगों को जेल भिजवाने की व्यवस्था कायम की है तो विपक्ष के भ्रष्ट नेता आज संविधान को खतरे में बता रहे हैं।

उन्होंनें कहा कि पिछली बार की तरह अबकी बार भी आप निश्चित होकर भाजपा को वोट देकर प्रदेश में फिर से कमल खिलाओं आपको आपका हक बराबर मिलता रहेगा। इस अवसर पर गांव के सरपंच रिषी पहलवान की ओर सतीश नांदल का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनंदन भारद्वाज, कुश्ती संघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश बोहर, महामंडेश्वर विद्यास्वरूप, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेद्र ठेकेदार,नरेश खुंडिया,नान्हा सरपंच गढ़ी सांपला, पवन खत्री, हेमंत भारद्वाज, शिवकुमार थानेदार, रामअवतार नंबरदार, बालकिशन पहलवान विकास कौशिक, राजसिंह मेहरा, रामचंद्र मेहरा, लक्ष्मीनारायण सिंहमार आदि उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत



**स्थानीय** भगत सिंह स्मारक स्वतंत्रता सेनानी कामरेड टीका राम सखुन सभागार में सीपीआई की पानीपत जिला कौंसिल की ओर से प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर बुद्धिजीवी एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड पूरण चंद जोशी का 118 वां जन्म दिवस एवम भारत रतन, भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर हुई सभा की अध्यक्षता कामरेड दरियाव सिंह कश्यप हरियाणा राज्य सचिव ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन सीपीआई के जिला सहायक सचिव राम रतन एडवोकेट ने किया। सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने बताया कि पूरण चंद जोशी का जन्म 1907 में हुआ था। वह स्वाधीनता सेनानी और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। पूरण चंद जोशी को सन् 1929 में मेरठ षडयंत्र केस सजा सुनाई गई थी। सन् 1936 में वह सीपीआई राष्ट्रीय महासचिव चुने गए थे।। इसके बाद उन्होंने सन् 1951 में इलाहाबाद से इंडिया टुडे पत्रिका का प्रकाशन किया तथा एमए व एलएलबी पास करने के बावजूद मजदूरों के लिए लगातार संघर्ष किया। सीपीआई हरियाणा राज्य कार्यकारिणी सदस्य व जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट, सहायक सचिव राम रतन एडवोकेट, आदि ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष, उनके विचारों, उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। हमारा संविधान देश के तमाम नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, विचार की अभिव्यक्ति, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता और अवसर की समानता प्रदान करता है।

सभा में शीशराम, ओम सिंह यादव, भूपेंद्र कश्यप, सन्नोवर राणा, राम कुमार, जय भगवान दरियापुर, रामदास रामनगर, धनपत कश्यप, रुपेश सैनी, भानु प्रताप आदि शामिल रहे। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर बुद्धिजीवी एवं सीपीआई के पूर्व महासचिव कामरेड पूरण चंद जोशी का जन्मदिवस होने के चलते सभा में उनको याद किया गया और देश व मेहनतकश जनता के हितो में किये गये उनके कार्यों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी ने डॉ. भीम राव अंबेडकर एवं कामरेड पूरण चंद जोशी के चित्रों पर पुष्प अर्पित किये।

## प्रेरणादायी है बाबा साहब का जीवन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**गांव** संभली में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में ग्राम पंचायत सम्भली द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डीएवी कॉलेज करनाल के राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ बलराम शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

उनका कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव साम्भली के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार व अन्य ने स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ बलराम शर्मा ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को विश्व का सबसे विस्तृत संविधान बनाया है।

महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। उन्होंने युवाओं को देश के विकास की कड़ी के रूप में जोड़ने का कार्य किया। पिछड़े, दलित, मजदूर एवं निम्न वर्गों के लोगों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया। गांव संभली के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार ने कहा कि हमें बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाएं रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर बरास गांव के सरपंच विनोद कुमार, बरास खुर्द के सरपंच बलराज सिंह, प्राध्यापक निशान सिंह व राकेश रॉकी ने भी अपने विचार रखें।

कार्यक्रम के अंत में गांव के मेघावी छात्रों को धनराशि एवं समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत सम्भली के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि डॉ बलराम शर्मा एवं सभी विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद किया। मंच संचालन का कार्य एडवोकेट मानसिंह ने किया। इस अवसर पर रोशन लाल, ओमप्रकाश, राजकिशन रोहिल्ला, बहादुर सिंह, प्रदीप कुमार, पुनीत कुमार एवं सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर सभा जडौदी व रसूलपुर द्वारा बाबा साहब जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

पायनियर समाचार सेवा। जगाधरी



**भारत** रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सभा जडौदी व रसूलपुर की ओर से बाबा साहब की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें इंजिनियर रिशी पाल चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं गंदापुरा में सढौरा विधायक रेनूबाला ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंच कर कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समरसता, बंधूता और भाईचारे के लिए जीवन भर प्रयास किया। रेनूबाला ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा दबे, कुचले व शोषितों के लिए जीवन भर संघर्ष किया और प्रताड़ित समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी ने हमेशा शिक्षा पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो व संघर्ष करो का मूल मंत्र दिया उस पर चलना है और समाज को शिक्षित बनाना है, तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर राजेश गंदापुरा, मुकेश पाल, अशोक कुमार मस्ताफाबाद, चंद्र प्रकाश प्रधान अंबेडकर सभा गंदापुरा, जगमाल प्रधान अंबेडकर सभा जड़ौदी, अशोक कुमार, शिवचरण, गुलाब सिंह नंबरदार सुरेश कुमार, राजकुमार व कैलाश सिंह सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में अशोक विहार जगाधरी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। जगाधरी

**बीआर** अंबेडकर एसोसिएशन की ओर से संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में अशोक विहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वकर्मा धीमान समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक राज धीमान पहुंचे। विधिवत रूप से रक्त दान शिविर की शुरुआत कराई।

**रक्तदान एक महादान : तिलक राज धीमान** : हर साल की तरह बी आर अंबेडकर एसोशिएशन की ओर से अशोक विहार कॉलोनी में बाबा भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारे के साथ रक्तदान सेवा का भी आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तिलक राज धीमान ने कहा कि रक्तदान एक महादान माना गया है। इसलिए सभी युवाओं व लोगों को बढ़-चढ़कर इस पुनीत कार्य में हिस्सा लेना चाहिए। बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे संविधान से आज देश चल रहा हैं। उस महान आत्मा की जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम में पहुंचे तिलक राज धीमान ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित करते हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस मौके पर आयोजकों के द्वारा रक्तदान शिवर के साथ-साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसे लोगों ने पहुंचकर ग्रहण किया। तिलक राज धीमान ने खुद अपने हाथों से लोगों को भंडारा वितरित किया और उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को ही दिया जा सकता है। इसका कोई अलग से माध्यम नहीं है जिसे बना कर व्यक्ति को चढ़ाया जा सके।

इसलिए अपने जीवन में व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए एक व्यक्ति के रक्त दान करने से चार लोगों की जान बचती है। बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के उपलक्ष में उन्होंने उपस्थित सभी लोगों और आयोजकों को सफल कार्यक्रम की बधाई भी दी। आयोजकों की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया।

## चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया टोल फ्री नंबर

**यमुनानगर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संबंधित शिकायत कर सकता है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान करें व अन्य व्यक्तियों को जागरूक करें। मतदान हर पात्र का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर कोई व्यक्ति आपको वोट के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी भी सूचना जिला प्रशासन को करें ताकि उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में लिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**पूर्व** मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा से प्रत्याशी मनोहरलाल ने तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में माथा टेका व आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर के भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज तथा अन्य जैन संत उपस्थित थे जिन्होंने पूर्वमुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया।

मनोहर लाल ने जैन संत श्री आत्ममुनि मनोहर जैनजी की समाधि के चरणों में माथा टेका व आरती की। इस अवसर पर भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा पूर्वमुख्यमंत्री मनोहर लाल का पूज्य संत श्री आत्म मनोहर जैनजी के चरणों विशेष श्रद्धा भाव रखते हैं। उन्होंने गुरुजी के आर्शीवाद से अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में जनता की खूब सेवा की है। अब वे लोकसभा चुनाव में करनाल से चुनाव लड़ रहे हैं। गुरुजी के आशीर्वाद से वे करनाल लोकसभा से विजयी होकर केंद्र में बड़ी जिम्मेदारी निभाएंगे व समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सभी की अतुलनीय सेवा करेंगे।

मीडिया से बात करते हुए मनोहर लाल ने कहा 2014 में जब मैं इस स्थल पर आशीर्वाद लेने आया था, तब स्वयं श्री आत्ममुनि मनोहर जी सशरीर उपस्थित थे। ऐसे स्थलों पर आकर मन को अत्यंत सुकून मिलती है। यह एक शांति व अच्छे संस्कारों का स्थान है।

यहां जो लोग आते हैं, उन्हें एक अच्छी दिशा मिलती है, जो अपने हित के साथ समाज के लिए भी काम करते हैं। अत: यह एक बहुत बड़ा संस्कार स्थान है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे स्थलों को बढ़ते हुए देखने में हृदय को आनंद मिलता है और मैं स्वयं अपनी ओर से ऐसे स्थलों को बढ़ने में जो भी मदद हो सकती है उसे करने के लिए तैयार रहता हूं। इस अवसर पर अनेक लोगों ने उनका स्वागत किया।

## विरसा संभल ने गतका प्रदर्शन की मेजबानी की

पायनियर समाचार सेवा। जालंधर



**सीटी** ग्रुप ने बैसाखी और खालसा पंथ सजना दिवस के शुभ अवसरों के साथ, पंजाब की सांस्कृतिक विरासत और मार्शल परंपराओं का एक जीवंत उत्सव, विरसा संभाल गतका प्रदर्शन का गर्व से आयोजन किया। प्रसिद्ध कलाकारों सरताज और नीरू बाजवा के विशेष प्रदर्शन से समारोह को और भी उत्शाह कायम किया, जिन्होंने अपनी आकर्षक उपस्थिति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिससे कार्यक्रम में उत्साह और मनोरंजन की एक अतिरिक्त परत जुड़ गई।इस कार्यक्रम में बाबा फतेह सिंह गतका अखाड़ा, मीरी पीरी गतका अखाड़ा, अमितोज गतका स्पोर्ट्स क्लब, पंजाब गतका अकादमी और शेर खालसा गतका अखाड़ा सहित विभिन्न शहरों की क्षेत्रीय टीमों ने भाग लिया। प्रदर्शन में पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका में प्रतिभागियों के कौशल और कौशल का प्रदर्शन किया गया, जो पंजाब के मार्शल इतिहास की वीरता और भावना को दर्शाता है। टीमों ने अपनी सटीकता और अनुशासन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हुए, गतिशील प्रदर्शनों की एक श्रृंखला में अपनी विशेषज्ञता प्रदर्शित की। इस कार्यक्रम में भवनजीत सिंह, अध्यक्ष दोआबा जोन, खालसा गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया, तरना दल और हरिया बेला ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एसजीपीसी, दोआबा और मालवा क्षेत्र के सचिव डॉ. परमजीत सिंह जी सरोया ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान के अनुसार कार्य कर रही है भाजपा सरकार



**करनाल।** सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पवित्र संविधान के निर्माता महानयक डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर जनकल्याण के कार्य कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस ने हमेशा डॉ. अंबेडकर का अपमान करने का काम किया। डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न गैर कांग्रेसी सरकार के समय दिया गया था। मुख्यमंत्री रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित विजय संकल्प रैली करनाल विधानसभा में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉ. अंबेडकर जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुए संविधान की पालना करने व उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर हर व्यक्ति हर वर्ग को समान अधिकार देने का काम किया। भाजपा की डबल इंजन सरकार उसी रास्ते पर चलकर जन सेवा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना संकट काल में 80 करोड़ परिवारों को राशन देने की योजना शुरू की। चार करोड़ से ज्यादा मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए गए। घर-घर जल पहुंचाने का कार्य भी पीएम मोदी ने ही किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल लोकसभा सीट से उम्मीदवार मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा में बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी नौकरियां युवाओं को दी। साढ़े नौ साल में बहुतेरी जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि संकल्प लें कि इस बार मनोहर लाल को देश में सबसे ज्यादा वोटों से जितवा कर लोकसभा में भेजेंगे। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, विधायक हरविंद्र कल्याण, जिला प्रधान योगेंद्र राणा, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, संजय बठला, निर्मल बैरागी, अमरनाथ सौदा व जिलेराम शर्मा आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर लगाया जूस का लंगर




**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर रियल नारियल पानी का विशाल भंडारा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। उन्होने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का बहुत बड़ा योगदान है। राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को मापा नहीं जा सकता है। जब तक देश और संविधान रहेगा, तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। हमें बाबा साहब की तीन प्रमुख शिक्षाएं- शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो, को ग्रहण कर जन कल्याण की राह यूं ही प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ते जाना है। सेवा ट्रस्ट के खण्ड कोआर्डिनेटर राजेश सैन, सुमंत सैनी, विजय पंघाल, सेवा ट्रस्ट की महिला कोआर्डिनेटर पूजा सैनी ने सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल नारियल पानी का अटूट लंगर लगाया गया। इस दौरान मास्टर जितेंद्र व रमेश कुमार ने सेवा ट्रस्ट यूके की इस कार्य के लिए मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर विक्की बिशनगढ, मास्टर प्रवीन गोयल, नरेश शर्मा, दिलबाग सोथा, मास्टर रमेश गुप्ता, राजकुमार मेहता, राष्ट्रीय सेवा योजना से वॉलंटियर स्नेहा, तेजस मित्तल मौजूद रहे।

### कुलपति ने डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन किए अर्पित



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने सभी को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर 20वीं शताब्दी के श्रेष्ठ चिंतकों में से एक रहे हैं। वे एक ओजस्वी लेखक, यशस्वी वक्ता थे। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठा कर लोगों को एकजुट किया। उन्होंने महात्मा बुद्ध, कबीर, संत रविदास और महात्मा ज्योतिबा फुले की परम्परा को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, प्रो. अमित लूदरी, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. प्रीति जैन, डॉ. सीआर जिलोवा, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, कुटा प्रधान डॉ. आनंद कुमार, डॉ. महाबीर रंगा, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. हुकम सिंह, प्रो. गोपाल प्रसाद, लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर, डॉ. रमेश कैत, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. दीप्ति चौधरी, डॉ. गुरचरण सिंह, उपकुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा, सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### मतदान करना हर मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात



**यमुनानगर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा है कि जो युवक एवं युवती एक जनवरी 2024 को 18 साल की आयु पार कर चुके हैं, उन्हें लोकसभा नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपना वोट बनवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान करना भी प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व व गौरव की बात है। लोकसभा आम चुनावों में वोट बनवाने का नागरिकों के पास अब भी आखिरी मौका है। नागरिक 26 अप्रैल, 2024 तक अपना वोट बनवा सकते हैं और चुनाव का पर्व-देश का गर्व में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव-2024 को चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन दिया है, जो कि बिल्कुल सही है। हर चुनाव में हर एक मतदाता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नया वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए इस तिथि से पहले युवाओं को आवेदन करना होगा। जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु के हो चुके हैं, वे अपने नजदीक के पोलिंग स्टेशन से संबंधित बीएलओ से फार्म संख्या 6 लेकर ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सीईओ.ईसीआईहरियाणा.जीओवी.इन वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक और हेल्पलाइन एनवीपीएस पोर्टल है। इसके बारे में वोटर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 से भी जानकारी ली जा सकती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी से मतदान महापर्व में भाग लेने का आह्वान किया, जिससे हम एक अच्छी सरकार चुन सकें।

# केव दीदी : ओडिशा के गांवों में मुर्गी पालन में ला रहीं बदलाव

एजेंसी। भुवनेश्वर

**सबिता** मोहंती अतीत में घर और खेत का काम पूरा करने के बाद खाली बैठी रहती थीं। लेकिन अब स्थिति बदल गई है, वह अपने समुदाय की साथी महिला मुर्गीपालकों द्वारा मदद के लिए फोन करने के लिए हरपल तैयार रहती हैं। यह ओडिशा के गांवों में आ रहे सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं। एक समय था जब मयूरभंज जिले के मिटुआनी गांव की रहने वाली मोहंती केवल साधारण गृहणी थीं लेकिन आज उनकी एक नई पहचान है। वह 200 सामुदायिक कृषि -पुशपालन उद्यमियों या आसपास ऐसी महिलाओं के लिए प्रयुक्त लोकप्रिय उपनाम केव दीदियों में से एक हैं। उन्होंने मुर्गी पालन में लगी महिलाओं को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करके राज्य के क्योंझर और मयूरभंज जिलों के गांवों में जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

मोहंती (37) ने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की है और अब उन्हें न केवल एक नई पहचान मिली है, बल्कि जीवन में उद्देश्य और सशक्तिकरण की भावना भी जगी है। मोहंती ने गांव कनेक्शन से कहा, मुर्गी पालन हमेशा से हमारे समुदाय का हिस्सा रहा है, लेकिन शुरू में जागरूकता सीमित थी। जब सम्मानित व्यक्तियों ने हमारे गांव का दौरा किया और सुझाव दिया कि मैं केव दीदी बन सकती हूं, दूसरों की सहायता कर सकती हूं, तब मुझे बदलाव लाने की ताकत महसूस हुई।



सबिता इस समय न केवल 80 से अधिक मुर्गियों की देखरेख करती हैं बल्कि दूसरों की मुर्गियों की भी देखभाल करती हैं।

इस परिवर्तनकारी कदम को हेफर इंटरनेशनल की ओर से कार्यान्वित हैचिंग होप ग्लोबल इनिशिएटिव द्वारा बढ़ावा दिया गया। इसका उद्देश्य मुर्गीपालन में शामिल आदिवासी महिलाओं और किसानों का उत्थान करना है। क्योंझर और मयूरभंज जिलों के गांवों में काम करने वाली समर्पित दीदियां मुर्गीपालन कर रही महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन में सकारात्मक बदलाव कर रही हैं।

मोहंती की तरह ही मिटुआनी गांव की जयंती महतो भी हैं जो आजीविका के लिए मुर्गियां पालते हैं। पहले, उनकी मुर्गियां अक्सर बीमार पड़ जाती थीं, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक क्षति पहुंचती थी। हालांकि,अब मुर्गी पालन करने वाली दीदियां हमेशा मदद के लिए उपलब्ध रहती हैं। जयंती (32) ने कहा, अब, जब भी मुर्गियां बीमार पड़ती हैं, तो एक फोन कॉल दीदी को हमारी सहायता के लिए ले आता है। वे हमें बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। नवंबर 2018 में मयूरभंज जिले में शुरू की गई, हैचिंग होप पहल का उद्देश्य घर में मुर्गी पालन और पोल्ट्री उत्पादों की खपत को बढ़ावा देकर पोषण और आय के स्तर को बढ़ावा देना है। समृद्ध प्रोटीन स्रोतों के रूप में चिकन और अंडे की सामर्थ्य और पहुंच को पहचानते हुए हैचिंग होप ग्लोबल इनिशिएटिव ने दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण कार्य किया। इस पहल को विशेष रूप से केव दीदियों के अमूल्य समर्थन से लाभ मिल है, जो मुर्गीपालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और टीकाकरण प्रदान करते हैं। इस परियोजना ने पिछले पांच वर्षों में अंडा उत्पादन में 33.31 प्रतिशत की वृद्धि में योगदान दिया है, जिससे क्षेत्र में प्रोटीन स्रोतों की उपलब्धता पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा है। ओडिशा में हैचिंग होप के राज्य समन्वयक अक्षय बिस्वाल ने गांव कनेक्शन को बताया, 2018 में शुरू की गई यह परियोजना तीन साल से चल रही है, जिससे ओडिशा में लगभग 30,000 आदिवासी परिवारों को लाभ हुआ है।

# रायगढ़ में हाथी के हमले में महिला की मौत, एक व्यक्ति घायल

एजेंसी। रायगढ़

**छत्तीसगढ़** के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झींगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे महुआ फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपए की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा।


अधिकारी ने कहा, तमनार क्षेत्र में पांच हाथियों का झुंड घूम रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है और वन कर्मी झुंड की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद, बलरामपुर और कांकेर जैसे जिलों में नियमित रूप से हाथियों के हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं। वन विभाग के अनुसार पिछले तीन वर्षों में राज्य में हाथियों के हमले में लगभग 250 लोगों की जान जा चुकी है।

# पूरी दुनिया कह रही, तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी : राजनाथ

एजेंसी। जमुई

**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि पूरी दुनिया बोल रही है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार के जमुई जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण मिल रहे हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि दुनिया मानती है कि सत्ता में उनकी वापसी अपरिहार्य है। रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक ऐसी शक्ति बन गया है, जो सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने में सक्षम है, जैसा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान देखा गया था।

सिंह ने कहा, भारत के वैश्विक कद में वृद्धि का एक और उदाहरण सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों (कतर



की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी) की मोदी द्वारा उक्त पश्चिम एशियाई देश के प्रमुख को एक टेलीफोन कॉल के बाद की रिहाई है। दिल्ली में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने के कुछ घंटों बाद यहां अपने संबोधन में भाजपा के घोषणापत्र समिति के प्रमुख सिंह ने कहा, अन्य पार्टियों के विपरीत हम जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं। चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर हो या अनुच्छेद 370 को निरस्त करना हो।

तीन तलाक के खिलाफ कानून का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, हमने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचनाओं की परवाह किए बिना इस अमानवीय प्रथा जिससे हमारी मुस्लिम माताओं और बहनों को अनकहा दुख झेलना पड़ता था, पर रोक लगा दी। हालांकि सिंह ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को पुराना मित्र बताते हुए उनकी बेटी मीसा भारती के हालिया विवादास्पद बयान पर नाराजगी व्यक्त की। सिंह ने कहा, लालू जी के परिवार के सदस्यों का कहना है कि अगर भाजपा सत्ता से बाहर हो गई तो नरेन्द्र मोदी को जेल भेज दिया जाएगा। मुझे उनकी इस सोच पर दया आती है क्योंकि भाजपा चुनाव जीतने जा रही है।

वहीं भारती ने अपने बयान को मीडिया द्वारा तोड़-मरोड़कर पेश किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बारे में बोल रही थीं। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने नवरात्रि के दौरान मछली खाने का उल्लेख करते हुए कहा, आप मछली, सूअर या हाथी खा सकते हैं लेकिन ऐसे समय में जब लोग व्रत कर रहे हों तब आप अपने कृत्य का दिखावा करके क्या साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# इंडोनेशिया में भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत, तीन लापता

**ताना तोराजा।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से प्रभावित घरों में से एक में पारिवारिक समारोह हो रहा था। मुंडू ने कहा कि दर्जनों सैनिक, पुलिसकर्मी और स्वयंसेवकों को दूरदराज के पहाड़ों के गांवों में लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान में लगाया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर तक मकाले गांव में कम से कम 11 शव और दक्षिण मकाले में तीन शव बरामद कर लिए थे और तीन साल की बच्ची सहित तीन अन्य की अभी भी तलाश जारी है। ताना तोराजा में कई लोकप्रिय पर्यटक स्थल हैं।

# खराब स्वास्थ्य के कारण आजीविका के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता : अदालत

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति को केवल बुढ़ापे और खराब स्वास्थ्य के आधार पर आजीविका और सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने एक संपत्ति में रह रहे किराएदार को बेदखल करने का आदेश बरकरार रखा। मकान मालिक ने अपना व्यवसाय चलाने के लिए किराएदार को बेदखल करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए किराएदार की इस दलील को खारिज कर दिया कि मकान मालिक की वृद्धावस्था और स्वास्थ्य को देखते हुए, यह विश्वास करने योग्य नहीं है कि वह उस परिसर से कोई व्यवसाय करेगा, जिसे खाली करने की मांग की गई थी।

अदालत ने अतिरिक्त किराया नियंत्रक (एआरसी) के उस आदेश को चुनौती देने वाली किराएदार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें बेदखली का आदेश पारित किया था।




न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने एआरसी के आदेश को बरकरार रखते हुए फैसला दिया, मकान मालिक द्वारा निर्धारित आवश्यकता की प्रामाणिकता को ऐसे संदेह के अनुमानित तर्कों से खारिज नहीं किया जा सकता। केवल इसलिए कि मकान मालिक बुजुर्ग है और उसका स्वास्थ्य खराब है, यह नहीं माना जा सकता कि उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए किराए के कब्जे वाले परिसर की आवश्यकता नहीं है या आजीविका कमाने में सक्षम नहीं है।

अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि मकान मालिक बिस्तर पर था या स्वतंत्र व्यवसाय में लगा उसका बेटा उसकी आर्थिक देखभाल कर रहा था।

पीठ ने कहा, केवल बुजुर्गावस्था और खराब स्वास्थ्य के कारण, किसी व्यक्ति को आजीविका के अधिकार और उसके परिणामस्वरूप सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। पहाड़गंज इलाके में एक दुकान का मालिक होने का दावा करने वाले मकान मालिक ने अधीनस्थ अदालत में याचिका दायर कर किराएदार को इस आधार पर बेदखल करने की मांग की थी कि अब उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए परिसर की आवश्यकता है।

# 12 लोगों की मौत के मामले में दो लोग हिरासत में

एजेंसी। बीजिंग

**उत्तरपूर्वी** चीन में एक नदी में एक पर्यटक नाव के पलटने की घटना में 12 पर्यटकों की डूबने से मौत होने के मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। चीन की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार दोपहर को हेबेई प्रांत के तट के पास किनहुआंगदाओ शहर के बाहर हुई थी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार कुल 31 लोग इस हादसे में पानी में गिर गए थे। नाव स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बनाई गई थी



और इसमें लाइफ जैकेट या अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं थे। लाइफ जैकेट लोग पानी में डूबने के जोखिम को रोकने के लिए पहनते हैं। नाव के मालिक और संचालक को पकड़ लिया गया और दुर्घटना की जांच की जांच की जा रही है।

# आप विधायक अमानतुल्ला की अग्रिम जमानत अर्जी पर आज होगी सुनवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये कथित अनियमितताएं खान के वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने खान को मामले में राहत देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने जांच एजेंसियों द्वारा बार-बार जारी किए गए समन की खान द्वारा अवहेलना किए जाने को गलत बताते हुए 11 मार्च को खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

यह उल्लेख करते हुए कि ओखला विधायक छह समन के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए, उच्च न्यायालय ने कहा था कि विधायकों को पता होना चाहिए कि कानून की अवहेलना करने पर कानूनी कार्रवाई होगी क्योंकि कानून की नजर में सभी नागरिक समान हैं। अदालत ने कहा था, विधायक या कोई सार्वजनिक हस्ती देश के कानून से ऊपर नहीं है। खान के खिलाफ धन शोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की



तीन शिकायतों से संबद्ध है। ईडी ने पूर्व में विधायक के परिसरों पर छापेमारी की थी। संघीय एजेंसी ने दावा किया कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती के माध्यम से अपराध की आय नकद में अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।

ओखला विधायक ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए उनकी अर्जी एक मार्च को निचली अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। हालांकि, ईडी द्वारा हाल में दाखिल किए गए आरोपपत्र में खान को आरोपी के रूप में नामजद नहीं किया गया है। इसने कहा है कि कर्मचारियों की अवैध भर्ती और 2018-2022 के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर आरोपियों द्वारा हासिल किए गए अनुचित व्यक्तिगत लाभ से संबंधित मामले में तलाशी ली गई। खान उक्त अवधि के दौरान बोर्ड के अध्यक्ष थे। ईडी ने कहा है कि छापे के दौरान साक्ष्य के रूप में कई आपराधिक सामग्री जब्त की गई, जो धन शोधन के अपराध में खान की संलिप्तता का संकेत देती है।

# कन्नड़ फिल्म निर्माता सौंदर्य जगदीश की मौत

**बेंगलुरु।** कन्नड़ फिल्म निर्माता एवं व्यवसाई सौंदर्य जगदीश द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस और निर्माता के नजदीकी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक निर्माता ने सुबह यहां महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। पुलिस ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में जांच जारी है और सभी उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। सौंदर्य जगदीश के मित्र श्रेयस ने यहां संवाददाताओं से कहा, जगदीश ने आत्महत्या का प्रयास किया, हम उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके पीछे कारण क्या था, यह जानने के लिए आगे की प्रक्रिया चल रही है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं थी, हम आपको अचानक हुई इस घटना का कारण बताने में असमर्थ हैं। ए आज सुबह हुआ। बैंक की ओर से नोटिस भेजे जाने के संबंध में सवाल पूछे जाने पर श्रेयस ने कहा, नहीं, इसका उससे कोई संबंध नहीं है।

# इजराइली जहाज पर सवार बेटे की सलामती की दुआ कर रहा केरल का बुजुर्ग दंपती

एजेंसी। कोझिकोड

**उत्तरी** केरल के कोझिकोड जिले में एक बुजुर्ग दंपती अपने बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित है, जो खाड़ी क्षेत्र में इजराइल के एक मालवाहक जहाज पर सवार है और वे उसकी वापसी की दुआ कर रहे हैं। उनका बेटा श्यामनाथ उन 17 भारतीयों में शामिल है, जो इजराइल से जुड़े एक मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर सवार है जिसे शनिवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के निकट ईरानी सेना ने जब्त कर लिया।

श्यामनाथ के माता-पिता विश्वनाथन और श्यामला ने यहां कहा कि उन्होंने शनिवार को भी अपने बेटे से बात की थी। बाद में उन्हें शिपिंग कंपनी के मुंबई कार्यालय से एक फोन आया, जिसमें उन्हें इस दुखद घटना के बारे में बताया गया।

विश्वनाथन ने मीडिया से कहा, हम मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं...हमें



अपने बेटी की सुरक्षा की काफी चिंता है। कंपनी प्राधिकारियों ने कहा कि वे जहाज के जब्त होने के बाद चालक दल के सदस्यों से संपर्क नहीं कर पाए हैं। इस जिले के वेल्लीपराम्बा से ताल्लुक रखने वाले श्यामनाथ पिछले 10 वर्ष से एमएससी एरीज में बतौर इंजीनियर काम करते रहे हैं। उनके माता-पिता ने कहा कि श्यामनाथ आखिरी बार पिछले साल अपने गृह नगर आया था। विश्वनाथन ने बताया कि श्यामनाथ के अलावा पड़ोसी पालक्काड और वायनाड जिलों के दो व्यक्ति भी चालक दल में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उनकी जानकारी के मुताबिक चालक दल के सदस्यों में भारतीयों के अलावा, फिलीपीन, पाकिस्तान और रूस के नागरिक भी शामिल हैं।

श्यामनाथ की मां मीडिया से बात करने की कोशिश करते हुए रो पड़ी। चिंता के बीच परिवार ने उम्मीद जताई कि केंद्र के हस्तक्षेप से उनके बेटे और उसके सहकर्मियों को जल्द ही रिहा कराने में मदद मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया था कि भारत ने अपने नागरिकों की सलामती और उन्हें शीघ्र मुक्त कराने के लिए राजनयिक माध्यमों से तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के समक्ष यह विषय उठाया है। एमएससी (मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी) ने कहा कि वह चालक दल के 25 सदस्यों की सलामती और जहाज की वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# अयोध्या धाम में रामनवमी पर्व को मद्देनजर सुरक्षा चाक चौबंद

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के अयोध्या में स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार मनाई जाने वाली राम नवमी के मद्देनजर लाखों श्रद्धालुओं के यहां पहुंचने की उम्मीद है, जिसको लेकर सुरक्षा इंतजाम कड़े किए गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया मेले की चाक चौबंद व्यवस्था के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र को कुल सात जोन तथा 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को दो जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मेले के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 150 निरीक्षक, 400 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, 1305 मुख्य आरक्षीआरक्षी, 270 महिला मुख्य आरक्षीआरक्षी, 15 कंपनी पीएसी, बाढ़ राहत की दो कंपनी, राज्य आपदा मोचन बल की एक टीम व आतंकवाद निरोधक दस्ते की एक टीम को अतिरिक्त तैनात है।

बयान के मुताबिक, संपूर्ण मेला क्षेत्र में 50 स्थानों पर पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं व विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से एलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है। बयान में बताया गया कि इसके अतिरिक्त सरयू नदी व राम की पैड़ी पर सुरक्षा के लिए जल पुलिस, विभिन्न मंदिरों व मेला क्षेत्र में पुलिस एवं पीएसी बल की व्यवस्था की जाएगी। अयोध्या धाम में चारों तरफ विभिन्न स्थानों पर 24 एएनपीआर कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन किया जाएगा। बयान के मुताबिक, अयोध्या धाम क्षेत्र में विभिन्न कंट्रोल रूम में स्थापित कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं की आवाजाही की निगरानी की जाएगी।

# मुर्मू, मोदी, पटनायक ने ओडिया नववर्ष पर ओडिशा के लोगों को शुभकामनाएं दीं

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को ओडिया नववर्ष और महा बिशुबा संक्रांति के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पना संक्रांति के अवसर पर, मैं ओडिशा के लोगों और विदेश में रहने वाले लोगों को हार्दिक बधाई देती हूं। पना संक्रांति या महा बिशुबा संक्रांति पूरे ओडिशा में खुशी के साथ मनाई जाती है। मैं प्यारे भाइयों और ओडिशा की बहनों के लिए ओडिया नववर्ष खुशहाल और समृद्ध हो, जो सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है और मैं राज्य के लोगों की समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं। मोदी ने ओडिशा के लोगों को ओडिया नववर्ष की भी शुभकामनाएं दीं और एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महा बिशुबा पना संक्रांति और ओडिया नववर्ष पर शुभकामनाएं। हमें अद्भुत ओडिया संस्कृति पर बहुत गर्व है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आने वाला साल मंगलमय हो। आपके सभी सपने पूरे हों और सभी स्वस्थ रहें। पटनायक ने कहा, महा बिशुबा संक्रांति और ओडिया नववर्ष के अवसर पर सभी को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। महाप्रभु श्री जगन्नाथ की असीम दया सभी के जीवन को खुशियों और समृद्धि से भर दे। महा बिशुबा संक्रांति के उत्सव को चिह्नित करते हुए, पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। नए तैयार किए गए पंचांग को भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के सहोदर देवताओं के सामने पढ़ा जाता है। लोग व्रत रखते हैं और विभिन्न मंदिरों में देवताओं को नए कपड़े, पना (मीठा जल) चढ़ाते हैं। पना को पानी, गुड़, दही और ठंडे गुणों वाले मसालों को मिलाकर तैयार किया जाता है। इस दिन को भगवान हनुमान के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है।

# 'मिट्टी में खरबों टन कार्बन जमा है, जिसे हम नजरअंदाज कर रहे हैं'

एजेंसी। बीजिंग

**हम** सभी पृथ्वी के वायुमंडल में मौजूद कार्बन के बारे में जानते हैं तथा पौधों और पशुओं के शरीर में मौजूद कार्बन से भी वाकिफ हैं, लेकिन ग्रह के भूमि-आधारित पारिस्थितिकी तंत्र यानी मिट्टी में कार्बन का एक बड़ा हिस्सा इतनी स्पष्ट तरह से जमा है कि हम इसे नजरअंदाज कर जाते हैं। जब भी हम मिट्टी में कार्बन के बारे में विचार करते हैं, हम आम तौर पर मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों में कार्बन के बारे में सोचते हैं, जैसे कि पौधे का कूड़ा, जीवाणु या जानवरों का मल। हालांकि, मिट्टी के अजैविक व खनिज घटक में भी कार्बन होता है। साइंस पत्रिका में हाल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, हमने पाया है कि मिट्टी में जितना अजैविक कार्बन किसी ने सोचा है उससे कहीं अधिक मौजूद है, और यह पृथ्वी के कार्बन चक्र में आश्चर्यजनक रूप से बड़ा प्रभाव डालने वाला हो सकता है। हमने यह गणना करने के लिए दुनिया भर की 2,00,000 से अधिक मिट्टियों का विश्लेषण किया और पाया कि विश्व स्तर पर मिट्टी की शीर्ष दो मीटर सतह में लगभग 2.3 खरब टन अजैविक कार्बन है। हमारा अनुमान है कि इस कार्बन का लगभग 23 अरब टन (लगभग एक फीसदी) अगले 30 वर्षों में जारी हो सकता है, जिसका पृथ्वी पर भूमि, जल और वायुमंडल पर खराब प्रभाव



पड़ेगा। मृदा अजैविक कार्बन क्या है? मिट्टी में अजैविक कार्बन विभिन्न रूपों में मौजूद होता है। इसमें कार्बनडाइऑक्साइड गैस की मौजूदगी हो सकती है, कार्बन पानी या अन्य तरल पदार्थों में घुला हो सकता है या यह बतौर कार्बोनेट खनिज ठोस रूप में हो सकता है।

वजन के हिसाब से अधिकांश अजैविक कार्बन ठोस कार्बोनेट होते हैं, जैसे कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर, संगमरमर और चाक जैसी सामग्रियों में पाया जाने वाला एक सामान्य पदार्थ)। वे मिट्टी को सफेद रंग का रूप देते हैं जबकि कार्बनिक कार्बन इसे काला बना देता है। ऑस्ट्रेलिया जैसे शुष्क और अर्ध-शुष्क वातावरण में मिट्टी में अजैविक कार्बन अधिक मात्रा में जमा होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब पानी मिट्टी में बहता है तो वह कुछ कार्बोनेट अपने साथ बहा ले जाता है। हमारे अनुमान से पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया की मिट्टी के शीर्ष दो मीटर सतह में दुनिया का लगभग 160 अरब टन (7 फीसदी) अजैविक कार्बन मौजूद है। हमें परवाह क्यों करनी चाहिए?

कार्बन का यह विशाल भंडार पर्यावरण में बदलाव, विशेषकर मिट्टी के अम्लीकरण से प्रभावित होता है। अम्ल कैल्शियम कार्बोनेट को घोलता है, जिसका अर्थ है कि कार्बन पानी में घुल जाता है या कार्बन डाइऑक्साइड गैस के रूप में निकल जाता है। दुनिया के कई क्षेत्रों (जैसे चीन और भारत) में मिट्टी अम्लीय वर्षा और औद्योगिक व सघन कृषि गतिविधियों से होने वाले अन्य प्रदूषण के कारण अधिक अम्लीय होती जा रही है। पृथ्वी के इतिहास की विशाल अवधि में अजैविक कार्बन मिट्टी में जमा हुआ है। इस कार्बन से मिट्टी की गुणवत्ता पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। इसके चलते मिट्टी की अम्लता को बेअसर करने, पोषक तत्वों के स्तर को नियंत्रित करने, पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने और कार्बनिक कार्बन को स्थिर करने की क्षमता प्रभावित होती है।

# संकल्प पत्र मोदी सरकार के अगले ढाई दशक के विकास का रोडमैप है : भाजपा

## बोले, स्वावलंबी, स्वरोजगारी, स्वच्छ, सफल भारत के निर्माण को समर्पित है, जो भाजपा को 400 के पार ले जाएगा



प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रदेश** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी भाजपा के संकल्प पत्र का स्वागत करते हुए कहा है की यह संकल्प पत्र मोदी सरकार के 10 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित है और अगले ढाई दशक के विकास का रोडमैप दिखाता है।

देश में ओलंपिक के आयोजन की इच्छा शक्ति युवाओं को उत्साहित करेगी। कर गई है। सचदेवा ने कहा है कि आज प्रधानमंत्री ने संकल्प पत्र 2024 की पहली प्रति पूर्वी दिल्ली के हॉकर रघुवीर छोले कुलचे वाले को देकर गरीब रेहड़ी पटरी वालों एवं अन्य श्रमिकों को उनके जीवन में बड़े बदलाव का संकेत दिया है।

सचदेवा ने कहा है कि प्रधान मंत्री मोदी ने गत एक दशक में भ्रष्टाचार को काबू किया है और भविष्य में भ्रष्टाचारियों पर पूरी नकेल कसने का वादा किया है जो पारदर्शी भारत का निर्माण करेगा। आटो, कैब, चलाने वालों, घरों में काम करने वालों एवं छोटे श्रमिकों को ई श्रम कार्ड देने का प्रस्ताव शहरी गरीबों को मुख्य धारा से जोड़ जायेगा। 70 वर्ष से बड़े भारत के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना से जोड़ने की घोषणा से बुजुर्गों को भी अब लाभ मिलना तय है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गत एक दशक में गरीबों को प्रधान मंत्री आवास योजना से मकान देने पर बहुत काम हुआ पर आज मध्यम वर्ग को भी प्रधान मंत्री आवास योजना से मकान देने की सोच सामने आने से दिल्ली में प्रसन्नता की लहर है। सचदेवा ने कहा जहाँ यह संकल्प पत्र विकसित भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की सोच को दर्शाता है तो वहीं समाज को चार वर्गों गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी में बांट कर इनके सामूहिक विकास की बात करता है।

स्वावलंबी, स्वरोजगारी, स्वच्छ, सफल भारत के निर्माण को समर्पित भाजपा का यह संकल्प पत्र 2047 के भारत की कल्पना करता है और निश्चय ही भाजपा को 400 के पार ले जायेगा इस बीच प्रदेशा भाजपा की मंत्री बाँसुरी स्वराज एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की भाजपा का संकल्प पत्र 2024 युवाओं, शहरी गरीबों एवं महिलाओं के विकास को समर्पण का संकल्प है जो 2047 में भारत को उज्जवल भारत बनायेगा।

लोकहित को समर्पित भाजपा के संकल्प पत्र 2024 को देख कर आम आदमी पार्टी नेता आतिशी एवं उनके सहयोगियों कांग्रेस समेत अन्य को अपनी हार साफ दिखाई रही है और अब वह राजनीतिक निराशा के बीच संकल्प पत्र पर टीका टिपण्णी कर खबरों में बना रहना चाह रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा है की आतिशी यह समझ लें की भारत आज युवकों का भारत है जो भ्रष्टाचार का अंत देखना चाहते हैं और आज का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं रोजगार देने वाला बनना चाहता है। युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप भाजपा का संकल्प पत्र स्वरोजगार सृजन करने वाला पत्रक है।

आतिशी समझ लें की भारत में ओलंपिक आयोजन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रकट सम्भावना ने युवाओं के बीच राष्ट्र गौरव के भाव को बढ़ाया है।

## पीएम मोदी ने घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया : आतिशी




प्रेस वार्ता में शिक्षा मंत्री आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● बोली, भाजपा द्वारा पिछले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा देश के सामने आया

**आम** आदमी पार्टी ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमलों से भरा संकल्प पत्र करार दिया है। पार्टी की वरिष्ठ नेता व मंत्री आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्र जारी किया है। जुमला पत्र के जरिए भाजपा द्वारा पिछले 10 सालों में पूरे न किए गए वादों का कच्चा चिट्ठा पूरे देश के सामने आ गया है।

उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने पिछले 10 सालों में देश के लोगों को अपने जुमलों से बस धोखा देने का काम किया है। पीएम ने अगर 10 साल में काम किया है तो उसके आधार पर वोट माँगकर दिखाए, 10 साल के वादों के आधार पर नहीं।

आतिशी ने कहा कि हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा करने वाले पीएम ने 75 पन्नों के जुमला पत्र में ये आँकड़ा तक नहीं दिया कि 10 सालों में उन्होंने कितने युवाओं को रोजगार दिया। महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज अपने जुमलापत्र में इसका आँकड़ा नहीं दिया। 10 सालों में देश में महंगाई का स्तर कम होने के बजाय बढ़कर दुनिया में दूसरे नंबर पर पहुँच गया। किसानों की आय दोगुना करने का वादा करने वाली भाजपा के जुमला पत्र में किसानों के आय की बात नहीं है। एमएसपी के कानून की बात नहीं। भाजपा किसानों से अपने किए वादों पर मुकर गई। जिस आयुष्मान भारत की आज भाजपा पूरे देश में अपने जुमला पत्र में डुगडुगी बजा रही है, उसपर पिछले साल दिल्ली जैसे छोटे राज्य के स्वास्थ्य बजट से भी कम खर्च हुआ। भाजपा द्वारा जारी घोषणा पत्र पर देश का कोई भी व्यक्ति विश्वास नहीं करने वाला है।

उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री ने जब 2014 में चुनाव लड़ा तो उन्होंने देश के युवाओं को रोजगार का वादा करते हुए नारा दिया था कि, बहुत हुई बेरोजगारी की मार, अबकी बार मोदी सरकार। तब उन्होंने कहा था कि हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। आतिशी ने देश की बेरोजगारी का आँकड़ा देते हुए कहा कि, आज भारत के इतिहास में सबसे ज़्यादा बेरोजगारी है। आज भारत में युवा बेरोजगारी दर 25 फीसदी है।

# अंबेडकर जयंती पर आप नेताओं ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

● कार्यकर्ता और नेता संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ शपथ समारोह में हुए शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने रविवार को बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। आप के कार्यकर्ता और नेता संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ शपथ समारोह में भाग लेने के लिए यहां राउज एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में एकत्र हुए।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, जब तक आम आदमी पार्टी है, उसके कार्यकर्ता आखिरी सांस तक संविधान की रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे। भाजपा संविधान में संशोधन करना चाहती है। सिंह ने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीट पर विपक्षी गुट इंडिया के उम्मीदवारों को वोट देने को कहा।

उन्होंने कहा, यदि आप चाहते हैं कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आएं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि दिल्ली की सभी सात सीट पर भाजपा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो। आपको सभी सात सीट पर आप और कांग्रेस उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करनी होगी। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जय भीम और बाबासाहेब अमर रहेंगे के नारे लगाए। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ईडी ने राष्ट्रीय राजधानी में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया है और वह तिहाड़ जेल में बंद हैं। देशभर में संविधान निर्माता आंबेडकर के अनुयायियों ने आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आंबेडकर की 133वीं जयंती पर पूरे महाराष्ट्र में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हजारों लोग मुंबई के दादर में चैत्यभूमि और नागपुर स्थित दीक्षाभूमि पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले नागपुर में दीक्षाभूमि पहुंचे। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दादर में आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।




फोटो: रंजन डिमरी

संविधान की प्रस्तावना पढ़ते राज्यसभा सांसद संजय सिंह, मंत्री आतिशी, सौरभ, गोपाल राय व अन्य

## संविधान बचाओ कार्यक्रम विफल रहा : सचदेवा

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*आम आदमी पार्टी के संविधान बचाओ कार्यक्रम पर दिल्ली भाजपा ने निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से आम आदमी पार्टी जो भी राजनीतिक अभियान छेड़ रही है वह पूरी तरह से विफल हो रहा है। इससे पहले रविवार 31 मार्च को आप ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रैली बुलाई जो असफल रही, फिर रविवार 7 अप्रैल को आप ने केजरीवाल के समर्थन में उपवास रखा उसमें भी जनसमर्थन जुटाने में विफल रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा की लगातार दो रविवार की विफलता के बाद आप ने आज फिर केजरीवाल के समर्थन में संविधान बचाओ नामक अभियान छेड़ा पर आज उसमे भी जनसमर्थन नही जुटा पाये। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है लगातार तीन रविवार आप का हर राजनीतिक अभियान फ्लाप हुआ है, ऐसा में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी की आज आप की राजनीतिक विफलता का हैट्रिक संडे है।*

*सचदेवा ने कहा है की जब से सांसद संजय सिंह जेल से बाहर आये हैं उनके और केजरीवाल परिवार के बीच दूंद की स्थिती है, संजय ने केजरीवाल की पत्नी सुनिता केजरीवाल को ही नहीं सबसे बड़बोली मंत्री आतिशी को भी पीछे धकेल दिया है और अब नित नये अभियान चला कर खुद को सुर्खियों में बनाए रखने की कोशिश में लगे हैं।*

## फरारी के बीच स्कूली दोस्त से की शादी,परिवार ने निकाला,पकड़ गया

**नई दिल्ली।** दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में गोली मारने की धमकी देकर कार लूटने वाले एक कार जैकर सूरज गुलिया उर्फ उल्लू को अपराध शाखा ने लाडो सराय इलाके से दबोचा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार को आरोपी सूरज गुलिया उर्फ उल्लू के श्मशान घाट, लाडो सराय, एमजी रोड से लिंक रोड के पास आने की जानकारी मिली थी। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला गिरोह गोली मारने की धमकी देकर ड्राइवरों का अपहरण करता था। फरारी के दौरान उसने अपनी पुराने की दोस्त से शादी की थी।

## आप ने पैदा किया संवैधानिक संकट : बिधूड़ी

● बोले, उपराज्यपाल संभाले हुए हैं स्थिति, मुख्यमंत्री केजरीवाल तुरंत इस्तीफा दें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिण** दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को धन्यवाद दिया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद आम आदमी पार्टी ने जिस प्रकार संवैधानिक संकट पैदा किया हुआ है, उसमें वह बखूबी स्थिति संभाल रहे हैं। इसके लिए दिल्ली वाले उनके आभारी है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद स्थिति यह पैदा हो गई है कि एक मंत्री इस्तीफा दे रहा है और उसका इस्तीफा स्वीकार नहीं हो पा रहा। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में अन्य जरूरी काम रुके हुए हैं।

मंत्रिमंडल की बैठक तक नहीं हो पा रही। आम आदमी पार्टी जिद पर अड़ी हुई है कि केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे।

इस संवैधानिक संकट के समय जनता के मन में अनेक आशंकाएं पैदा हो रही हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे संकट के समय उपराज्यपाल ने जनता को जो आश्वासन दिया है, उससे जनता ने राहत की सांस ली है। एलजी ने जनता को भरोसा दिया है कि दिल्ली सरकार की कोई भी सबसिडी योजना बंद नहीं होगी।

बिजली, पानी समेत अन्य योजनाएं जारी रहेंगी क्योंकि ये योजनाएं भारत सरकार और उपराज्यपाल द्वारा अनुमोदित बजट का हिस्सा हैं। बजट का हिस्सा बनने के बाद ये किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल की नहीं होती।

दिल्ली में वर्तमान हालात अभूतपूर्व हैं क्योंकि ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई मुख्यमंत्री जेल से सरकार चलाने की जिद कर रहा हो। इसलिए केजरवाल को यही सलाह दी जाती है कि वह इस्तीफा दे दें ताकि दिल्ली की जनता को किसी संकट में पड़ने के लिए मजबूर नहीं किया जाए।

# अमानतुल्ला की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

● सुप्रीम कोर्ट में वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन का है मामला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में अग्रिम जमानत का अनुरोध करने संबंधी आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा। ये कथित अनियमितताएं खान के वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष रहने के दौरान हुई थीं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ खान की अर्जी पर सुनवाई करने वाली है, जिसमें आप विधायक ने उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती दी है।

उच्च न्यायालय ने खान को मामले में राहत देने से इनकार कर दिया था। अदालत ने जांच एजेंसियों द्वारा बार-बार जारी किए गए समन की खान द्वारा अवहेलना किए जाने को गलत बताते हुए 11 मार्च को खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। यह उल्लेख करते हुए कि ओखला विधायक छह समन के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए, उच्च न्यायालय ने कहा था कि विधायकों को पता होना चाहिए कि कानून की अवहेलना करने पर कानूनी कार्वाई होगी क्योंकि कानून की नजर में सभी नागरिक समान हैं। अदालत ने कहा था, विधायक या कोई सार्वजनिक हस्ती देश के कानून से ऊपर नहीं है।

खान के खिलाफ धन शोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबद्ध है। ईडी ने पूर्व में विधायक के परिसरों पर छापेमारी की थी। संघीय एजेंसी ने दावा किया कि खान ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती के माध्यम से अपराध की आय नकद में अर्जित की और उसे अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदने के लिए निवेश किया।

ओखला विधायक ने मामले में अग्रिम जमानत के लिए उनकी अर्जी एक मार्च को निचली अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। हालांकि, ईडी द्वारा हाल में दाखिल किए गए आरोपपत्र में खान को आरोपी के रूप में नामजद नहीं किया गया है।

इसने कहा है कि कर्मचारियों की अवैध भर्ती और 2018-2022 के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर आरोपियों द्वारा हासिल किए गए अनुचित व्यक्तिगत लाभ से संबंधित मामले में तलाशी ली गई। खान उक्त अवधि के दौरान बोर्ड के अध्यक्ष थे।

ईडी ने कहा है कि छापे के दौरान साक्ष्य के रूप में कई आपराधिक सामग्री जब्त की गई, जो धन शोधन के अपराध में खान की संलिप्तता का संकेत देती है।

## 'टर्बन अप एंड रन' में पहुंचे प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में रविवार को आयोजित सुपरसिख 'वैसाखी टर्बन अप एंड रन' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिस्सा लिया, जिसमें फिटनेस, कल्चर और एकता के माध्यम से वैसाखी की भावना का जश्न मनाया गया। वर्ल्ड पंजाबी आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूपीओ) और सन फाउंडेशन के सहयोग से एआईपीएल (एडवांस इंडिया प्रोजेक्ट्स लिमिटेड) द्वारा आयोजित सुपरसिख टर्बन अप एंड रन का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने इस दौरान अपना दमखम और स्किल्स दिखाते हुए अपने अपने वर्गों में जीत भी हासिल की। कार्यक्रम में महान धावक फौजा सिंह भी मौजूद थे। एआईपीएल के डायरेक्टर शमशीर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशा मुक्त भारत को बढ़ावा देना एक अच्छा संदेश है।

## कर्मचारियों ने 69वां संस्थापक दिवस मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सर** गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी, बोर्ड ऑफ सर गंगा राम अस्पताल के प्रबंधन, सलाहकारों और कर्मचारियों ने 69वां संस्थापक दिवस मनाया। स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. जितेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि थे। माहौल उस दूरदर्शी के प्रति कृतज्ञता और प्रशंसा की भावना से भरा हुआ था जिसने अनगिनत व्यक्तियों के जीवन पर इतना महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। इस अवसर पर बोलते हुए, सर गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. डी.एस. राणा, जो एक प्रसिद्ध नेफ्रोलॉजिस्ट और प ?द्म पुरस्कार विजेता भी हैं, ने कहा, इस अस्पताल ने लगन से उनके नक्शेकदम पर चलने का काम किया है। सुजाता शर्मा वाइज चेयरमैन सर गंगा राम ट्रस्ट सोसाइटी की उपाध्यक्ष सुजाता शर्मा ने सर गंगा राम को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो प्रतिष्ठित परोपकारी और एक सिविल इंजीनियर थे, जिन्होंने समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की दृष्टि से प्रतिष्ठित सर गंगा राम अस्पताल की स्थापना की।




## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नई दिल्ली।** भीम राव अम्बेडकर की 133 वी जयंती शाहदरा इलाके में धूमधाम से मनाई गई। इलाके में प्रभात फेरी निकाली गयी जिसका नेतृत्व भारतीय बौद्ध महासभा, शाखा सिद्धार्थनगर, रामनगर, शाहदरा के अध्यक्ष डॉ सुनील सागर ने अन्य उपासकों के साथ किया। प्रभात फेरी सिद्धार्थ बौद्ध विहार (रामनगर) मंडोली रोड से शुरू हुई ओर रामनगर, भगवानपुर खेड़ा, जगजीवन नगर, चंद्रलोक, न्यू मॉडल शाहदरा में निकाली गई। स्थानीय लोगों ने केक काटकर ओर भंडारा बांट कर जयंती मनाई, इस अवसर पर विनय कुमार, दीपक, रविंद्र कुमार, भूषण, विजय कुमार, शैलेन्द्र, मनोज कुमार, दिनेश, भवंर सिंह, सतवीर, योगेंद्र, लवनीश, विनीत, गौरव ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया ओर बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### ईद मिलन समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली प्रदेश की ओर से रविवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से आए यूनानी चिकित्सकों को संबोधित करते हुए डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि ईद मिलन जैसे समारोह सोशल हेल्थ को सुंदर माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण स्वास्थ्य का अर्थ शारीरिक मानसिक, सोशल और रूहानियत का फिट होना है। प्राय- आजकल सोशल हेल्थ में बड़ी गिरावट आ रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अहसान अहमद सिद्दीकी और डॉ. फैजान अहमद सिद्दीकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हकीम आफताब आलम, हकीम मोहम्मद मुरतजा देहलवी और डॉ. फहीम मलिक ने सहयोग प्रदान किया।

### कन्या विवाह सुमंगला योजना शुरू



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स क्राइम कंट्रोल काउंसिल के चीफ़ डॉक्टर वीपी सिंह ने आईएचआरसीसी कन्या विवाह सुमंगला योजना शुरूआत की है। यह अभियान पूरे देश भर में शुरू किया जाएगा। दिल्ली से कल इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने बताया की नवम्बर 2024 तक 51 कन्याओं का विवाह संपन्न करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर डॉ. वीपी सिंह ने कहा कि यह योजना उनके जीवन की अब तक की सबसे अच्छी योजनाओं में से एक है इस योजना के तहत गरीब कन्याओं के विवाह पूरे विधि विधान और भव्य तरीके से आयोजित किए जाएंगे। डॉ वी. पी. सिंह ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं क्योंकि आज नवरात्रि का पर्व भी पूरा देश मना रहा है और इस नवरात्र के मौके पर आईएचआरसीसीसी के द्वारा एक कन्या का विवाह भी हम लोगों ने दिल्ली में संपन्न करवाया है।

# धूम फिल्म से तर्ज पर करते थे लूटपाट, तीन गिरफ्तार

● दिल्ली-एनसीआर समेत कई शहरों के कर चुके है 26 वारदातें



**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली

**हिन्दी** फिल्म धूम से प्रभावित होकर हाई स्पीड बाइक से दिल्ली-एनसीआर में लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान अशरफ उर्फ गुल्लू, तौफिक और इस्तेकार के रूप में हुई है। पिछले कुछ ही महीने में आरोपियों ने दिल्ली, नोएडा, आगरा और कानपुर और गाजियाबाद में लूट और सोने की चेन और आई-फोन छीनने की 26 वारदातें कीं। आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो बाइकें भी बरामद की हैं। आरोपी लूट का सामाना कहां और किसको बेचा करते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बाद उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ महीने से दिल्ली और एनसीआर में हाई-एंड बाइक का उपयोग करके लूट और सोने की चेन और आई-फोन की छीनने की घटनाओं की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अपराध शाखा की एक टीम को इसमें शामिल गिरोह की पहचान करने, पता लगाने और पकड़ने का काम सौंपा गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी और मैन्युअल इनपुट के माध्यम से सुराग जुटाए। सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। हेड कांस्टेबल भूपेंद्र एवं नितिन राठी की जानकारी के बाद जौहरीपुर, नंद नगरी, और बेहटा हाजीपुर, लोनी के इलाकों में छापे मारी करके अशरफ उर्फ गुल्लू, तौफीक और इश्तिकार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि नजाकत अली उर्फ केटीएम उर्फ भूरा गिरोह का सरगना है। वारदात करने के लिए हाई स्पीड बाइक चुराते हैं। नजाकत को अपना उपनाम केटीएम भी मिला क्योंकि वह अपराध करने के लिए केवल हाई-स्पीड बाइक का उपयोग करता है। नजाकत पहले दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा और कानपुर में हाई-एंड बाइक का उपयोग करके सोने की चेन और आई-फोन लूटने/छीनने के 40 से अधिक मामलों में शामिल रहा है। नज़ाकत अली उर्फ केटीएम उर्फ भूरा एक खतरनाक अपराधी है और उसका गिरोह हाई-स्पीड बाइक पर सड़क पर डकैती करने में माहिर है। कई घटनाओं में, उन्होंने सड़कों पर चलते समय दूसरी बाइक पर सवार लोगों को लूट लिया और भाग गए।

एक बार पहले भी नजाकत ने पुलिस को चुनौती दी थी कि वह एनसीआर के शहरों में लोगों को सोने की चेन पहनना बंद करवा देगा। यूपी पुलिस के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ों में दो बार गोली लगने के बाद भी वह नहीं रुका और उसने लूट और स्नैचिंग जारी रखी। उन्होंने यह भी चुनौती दी थी कि पुलिस उन्हें नहीं पकड़ सकती. वे इतने आश्वस्त थे कि बाइक पर उन्हें कोई नहीं पकड़ सकता, इसलिए उन्हें सीसीटीवी कैमरे के सामने भी अपराध करने में कोई झिझक नहीं हुई। पुलिस या प्रत्यक्षदर्शियों को भ्रमित करने के लिए वे चलती बाइक पर कपड़े बदलते थे। नजाकत इस गिरोह को बहुत चालाकी से चला रहा है और अपने सहयोगियों का उपयोग करके अपनी गतिविधियों को छिपाने की कोशिश करता है। पकड़े जाने से बचने के लिए वह अपना पता, मोबाइल नंबर और बाइक बदलता रहता है। उसे पकड़ने के लिए कई छापे मारे जा रहे हैं, लेकिन वह अब तक गिरफ्तारी से बचता रहा।

## राजधानी से फरार बदमाश पंजाब से पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली से फरार एक बदमाश रत्नाकर पपनेजा को बाराखंभा रोड पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। जो पुलिस को काफी समय से चकमा दे रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पटियाला हाउस कोर्ट में दर्ज एक मामले में वांछित था। एसीपी अतुल कुमार की देखरेख में एसएचओ महावीर सिंह के निर्देशन में हेड कांस्टेबल अंकुर कुमार और आकाश राणा काफी समय से आरोपी की तलाश में मैन्यूअल और तकनीकी तरीके से पता लगाने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस टीम ने दिल्ली और पंजाब में दिए गए पतों की जांच की, लेकिन आरोपी का पता नहीं चल सका, क्योंकि वह कहीं और स्थानांतरित हो गया था। आरोपी के जलालपुर, पटियाला, पंजाब में रहने का पता चला।

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह: राजनाथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को 24 कैरेट सोने की तरह देखा जाता है।

सिंह ने यहां पार्टी के संकल्प पत्र को जारी करने के मौके पर कहा कि भाजपा के घोषणापत्र को विश्व राजनीति में स्वर्ण मानक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राम मंदिर के निर्माण के अलावा केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विकास के विभिन्न कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं। सिंह लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि समिति को 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

## पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीति से जुड़ी वस्तुओं की मांग बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही माध्यमों में राजनीति से जुड़े सामान का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है और खेला होबे, नेशन विद नमो और नमो अगेन जैसे नारों वाली टी-शर्ट की बिक्री बढ़ गई है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि बड़ाबाजार और कोलकाता के कैनिंग स्ट्रीट के थोक बाजार में तृणमूल कांग्रेस के समर्थन वाले सामान की बिक्री बढ़ गई है जबकि भाजपा के समर्थन वाले सामान ऑनलाइन मंचों पर काफी बिक रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से में खासतौर पर राजनीति से जुड़े सामान की मांग बढ़ रही है जहां पहले कुछ चरणों में ही मतदान होना है। पूर्वी महानगरों के थोक बाजार में सैकड़ों दुकान राजनीति से जुड़े सामान से पटी हुई हैं जिसमें झंडों से लेकर चाबी के छल्ले, टोपियां, छातें और राजनीतिक दलों के चिह्न वाले चश्मे शामिल हैं। बहरहाल, थोक बाजार में उपलब्ध सामान की गुणवत्ता और कीमत ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध सामान से काफी अलग हैं।

बड़ाबाजार में थोक में बिक रही प्रत्येक टी-शर्ट की कीमत 50 से 70 रुपए है जबकि ऑनलाइन मंचों पर यह कहीं अधिक दाम पर बिक रही हैं। वहीं, राजनीतिक तस्वीरों वाली पॉलिस्टर साड़ी की थोक बाजार में कीमत प्रति साड़ी 150 से 300 रुपए है जबकि ऑनलाइन बाजार में एक साड़ी की कीमत 500 रुपए से अधिक है। शिवम टेक्सटाइल्स के संजय



चंद्राणा ने पीटीआई-भाषा से कहा, थोक बाजार में इन सामान की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है और टीएमसी से जुड़े सामान ज्यादा बिक रहे हैं। इसके बाद माकपा और कांग्रेस से जुड़े सामान की बिक्री हो रही है। हालांकि, भाजपा से जुड़े सामान की मांग कम है। गुजरात के सूरत में गौरीसुट टेक्सटाइल्स के शिवम पागड़ ने बताया कि उनसे राजनीति से जुड़े सामान के बारे में लगातार पूछा जा रहा है जो कि इनकी मांग में आई तेजी को दिखाता है। उन्होंने अनुमान जताया कि त्योहारी मौसम के बाद इन सामान की मांग बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि कपड़ा निर्माता इस मांग को पूरा करने के लिए अपना उत्पादन बढ़ाने को तैयार हैं। नोइज टी की सयांतनी साहा ने बताया कि राजनीतिक नारों वाली पॉलिस्टर टी-शर्ट की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, टीएमसी के सामान की ज्यादा मांग है जबकि भाजपा और अन्य दलों के सामान की ज्यादा मांग नहीं है। हम और मांग बढ़ने पर अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अमेजन, मीशो और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच भी लोकसभा चुनावों के लिए लोगों के उत्साह का फायदा उठा रहे हैं और चलन में मौजूद परिधानों से लेकर चाबी के छल्लों और घर की साजसज्जा के सामान तक कई राजनीतिक सामान की बिक्री कर रहे हैं। एक प्रमुख ई-कॉमर्स मंच के एक विक्रेता ने बताया कि अन्य दलों के मुकाबले भाजपा के सामान की बिक्री अधिक हो रही है। भाजपा प्रवक्ता सामिक भट्टाचार्य ने बताया कि टी-शर्ट और साड़ियां जैसे रंगीन राजनीतिक परिधान किसी पार्टी की जनता के बीच मौजूदगी को बढ़ाते हैं लेकिन मतदान प्रवृत्ति राजनीतिक समझ और चुनाव की प्रकृति पर निर्भर करती है चाहे यह राष्ट्रीय स्तर पर हो या स्थानीय स्तर पर। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता शांतनु सेन ने कहा कि लोगो और तस्वीरों के माध्यम से दृश्य प्रभाव का मतदाताओं पर बड़ा असर पड़ता है।

# उप्र के श्रावस्ती में औद्योगिक विकास के लिए काम करेंगे: भाजपा उम्मीदवार साकेत मिश्रा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार साकेत मिश्रा ने कहा है कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास सुनिश्चित करना है। पूर्व पुलिस अधिकारी और बैंकर ने मिश्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वह क्षेत्र में नए उद्योग स्थापित करने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के संपर्क में हैं।

मिश्रा का कहना है, इस बौद्ध तीर्थस्थल क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक विकास अनिवार्य है। इसलिए में नए उद्योग एवं निवेश के लिए निजी क्षेत्र के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से संपर्क में हूं। मुझे आशा है कि इस संकल्प को पूरा करने के लिए उनके दो दशक के वित्त और बैंकिंग क्षेत्र के दीर्घकालिक संबंधों का भरपूर उपयोग होगा। साकेत मिश्रा राम जन्मभूमि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा के बेटे हैं। नृपेंद्र मिश्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव भी रहे हैं। भाजपा ने करीब नौ माह पहले साकेत मिश्रा को विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) मनोनीत किया था। सत्तारूढ़ दल ने 2022 के विधानसभा चुनाव में दो पुलिस अधिकारियों-असीम अरुण और राजेश्वर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था और दोनों कामयाब होकर विधानसभा पहुंचे थे। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए श्रावस्ती संसदीय सीट से पार्टी ने पूर्व पुलिस अधिकारी और बैंकर साकेत मिश्रा को मैदान में उतारा है। साकेत मिश्रा ने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से अर्थशास्त्र में बीए किया है और उन्होंने फिर भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) कलकत्ता से प्रबंधन डिग्री ली। उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय बैंक में नौकरी मिली पर लोकसेवा की तैयारी के लिए उन्होंने नौकरी छोड़ दी। वह 1994 में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी बन गए। वह और असीम अरुण (पूर्व आईपीएस और वर्तमान में उप्र की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री) एक ही बैच के है। मिश्रा ने विश्व स्तर पर बड़े बैंकों के साथ काम किया लेकिन समाज सेवा करने की इच्छा के चलते वह भारत लौट आए। मिश्रा ने कहा, श्रावस्ती मेरा ननिहाल है और यहां से बचपन से मेरा नाता रहा है। जब मैंने समाज सेवा का मन बनाया तो अपने इस क्षेत्र के लिए मैंने इस शहर को चुना क्योंकि यहां के लोगों और उनकी समस्याओं से मैं अच्छी तरह से परिचित हूं। यह पूछने पर कि



बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में विदेश में शानदार नौकरी करने के बाद किन कारणों से वह भारत वापस लौटे, इस सवाल के जवाब में मिश्रा कहते हैं, जब मैं छात्र था तो मैं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व से काफी प्रभावित था और जब मैं बैंकिंग और वित्त क्षेत्र में कार्यरत था तो मैं विकास कार्यों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर दृष्टि का कायल हो गया। सब कुछ छोड़कर मैं समाज सेवा के काम में लग गया। मिश्रा ने कहा, मैं राजनीति में सेवा भाव से आया हूं। मैं श्रावस्ती में स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग क्षेत्र में काम कर रहा हूं। श्रावस्ती के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलें इसके लिए मेरे पास एक विस्तृत कार्य योजना है। वह कहते हैं, बैंकिंग एवं वित्त व उद्योग के तजुर्बे और दो दशक तक निवेश बैंकिंग में काम करने की वजह से देश विदेश में मेरे अच्छे संपर्क हैं। मैं निजी क्षेत्र के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के अपने संपर्कों का इस्तेमाल करते हुए इस इलाके में औद्योगिक निवेश लाने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने बताया कि उनकी शोध टीम के लोगों ने क्षेत्र का अध्ययन करने के बाद सुझाव दिया है कि श्रावस्ती और आसपास के इलाकों में कृषि व खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित औद्योगिक इकाइयां क्षेत्र और यहां की युवा शक्ति के उत्थान के लिए बहुत लाभप्रद साबित होंगी। भाजपा नेता ने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों से किसानों को लाभ मिलेगा तथा खाद्य प्रसंस्करण से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा का पैतृक गांव कसली, देवरिया जिले में है। उनके पिता नृपेंद्र मिश्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1967 बैच के अधिकारी थे।

साकेत मिश्रा के नाना पंडित बदलूराम शुक्ल बहराइच से 1971 में कांग्रेस के टिकट पर सांसद बने थे और उससे पहले विधायक भी रहे थे। मिश्रा कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वह पिछले कई महीनों से क्षेत्र में काम कर रहे हैं और ग्रामीण इलाकों में सघन संपर्क कर रहे हैं। वह कहते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश के साथ-साथ श्रावस्ती के लिए बहुत काम किया है। उन्होंने कहा कि यहां के गांवों में 18 घंटे से अधिक बिजली आती है तथा कानून व्यवस्था इतनी अच्छी है कि व्यावसायिक एवं नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही श्रावस्ती से लगाव के कारण वह यहां के लोगों की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन यह चुनाव मोदी के विकसित भारत की गारंटी और उनके दस साल के कार्य पर ही लड़ा जा रहा है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो श्रावस्ती संसदीय सीट पर मुख्य मुकाबला बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राम शिरोमणि वर्मा और भाजपा के दद्दन मिश्रा के बीच था। पिछला चुनाव समाजवादी पार्टी और बसपा ने गठबंधन कर लड़ा था और वर्मा इस सीट से चुनाव जीत गए थे। 2014 में भाजपा के दद्दन मिश्रा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अतीक अहमद को हराया था। श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें हैं - दो (भिंगा और श्रावस्ती) श्रावस्ती जिले में और तीन (गैंसड़ी, तुलसीपुर और बलरामपुर सदर) बलरामपुर जिले में हैं। बलरामपुर सदर सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में सपा को भिनगा और गैसड़ी सीट पर जीत मिली थी तो तीन सीट भाजपा के खाते में गई थीं। सपा और बसपा ने अब तक आगामी चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। श्रावस्ती में 25 मई को मतदान है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के अंतिम 25 वर्ष श्रावस्ती में बिताए थे। जनपद का प्रमुख पर्यटन स्थल पर भगवान बुद्ध की तपोस्थली कटरा श्रावस्ती थाना इकौना में है। कटरा श्रावस्ती में बौद्ध के धर्म अनुयायियों द्वारा बौद्ध मंदिरों का निर्माण कराया गया है।

## त्रिपुरा में माकपा अब भी भाजपा के लिए चुनौती : मुख्यमंत्री माणिक साहा

पायनियर समाचार सेवा। अगरतला



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा है कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) छह साल से राज्य की सत्ता से बाहर है, लेकिन वह अब भी राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत है और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उसे नजरअंदाज नहीं कर सकती है।

साहा ने एक साक्षात्कार में कहा कि माकपा के 1978 से 1988 तक एक दशक तक पहली बार और फिर 1993 से 2018 तक 25 साल तक राज्य में शासन करने के कारण उसके बड़ी संख्या में समर्थक और शुभचिंतक हैं। उन्होंने कहा कि चाहे लोकसभा हो या नगर निकाय, कोई भी चुनाव जीतना हमेशा आसान नहीं होता जैसा कि नजर आता है। उन्होंने कहा कि पार्टी को पिछले साल के विधानसभा चुनाव में कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा था। वह अगरतला और बनमालीपुर निर्वाचन क्षेत्रों का उल्लेख कर रहे थे, जहां भाजपा को कांग्रेस से शिकस्त मिली थी। बहरहाल, साहा ने विश्वास जताया कि राज्य की दो लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार- पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देव (त्रिपुरा पश्चिम) और कृति सिंह देबबर्मा (त्रिपुरा पूर्व) विजई होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पार्टी के लिए 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए 400 का लक्ष्य तय किया है। हम इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और विश्वास कीजिए हम इस लक्ष्य को पार करेंगे। उन्होंने माकपा के संदर्भ में कहा, भाजपा किसी भी चुनाव में अपने विरोधियों को हल्के में नहीं लेती है। इसलिए हम बेपरवाह नहीं हैं। हम संभावित रूप से चुनौती देने वाले नेताओं से अवगत हैं और चुनाव जीतने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। साहा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया के उन आरोपों की आलोचना की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का लोकतंत्र खतरे में आ गया है। उन्होंने कहा, त्रिपुरा में कम्युनिस्टों का रक्तपात का इतिहास रहा है, क्योंकि उसके शासन में सैकड़ों लोगों की हत्या हुई। अकेले दक्षिण त्रिपुरा जिले में विपक्षी पार्टी के 69 नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या हुई, बल्कि वाम दल के शासन में एक मौजूदा मंत्री और कुछ विधायकों की भी हत्या हुई थी। साहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले टिपरा मोथा के भाजपा नीत सरकार में शामिल होने से खासकर आदिवासी क्षेत्र में भाजपा की ताकत बढ़ी है। 13 विधायकों के साथ मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा सात मार्च को सरकार में शामिल हो गई।

## पुरानी गारंटी के लिए कोई जवाबदेही नहीं, कोरी बयानबाजी है : भाजपा के घोषणापत्र पर कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणापत्र को बयानबाजी से भरा जुमला पत्र करार दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी की गारंटी जुमलों की वारंटी है, क्योंकि वह पूर्व में किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर नौकरियां देने, किसानों की आय दोगुनी करने और मूल्य वृद्धि तथा महंगाई से निपटने के वादे को पूरा नहीं करने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि वह अब 2047 के बारे में बात करके मुद्दा ही बदल दे रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान कोई ऐसा बड़ा काम नहीं किया, जिससे देश की जनता, युवाओं और किसानों को फायदा हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए, गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित भाजपा का घोषणापत्र जारी किया और इस बात पर बल दिया कि जब दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है तो भारत में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार की आवश्यकता है। खरगे ने कहा कि युवा नौकरियों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, महंगाई के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं और लोग इससे परेशान हैं, लेकिन घोषणापत्र में इस पर कोई बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने पिछले 10 वर्षों में केवल बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाई है। उन्होंने हिंदी में एक पोस्ट में प्रधानमंत्री से 14 सवाल भी पूछे। खरगे ने कहा, पुरानी गारंटियों के लिए कोई जवाबदेही नहीं, कोरी बयानबाजी मोदी की गारंटी जुमलों की वारंटी के जैसी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 के अपने घोषणापत्र में मोदी ने एक विशेष कार्यबल बनाकर काला धन वापस लाने का वादा किया था।

## भाजपा के घोषणा पत्र में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को हटाने का जिक्र नहीं : तेजस्वी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र में महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को हटाने या कम करने का जिक्र नहीं है। पटना में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान यादव ने दावा किया, भाजपा के घोषणा पत्र में कहीं भी नौकरी और रोजगार का जिक्र नहीं है और ना ही महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी को हटाने अथवा कम करने का जिक्र है। घोषणा पत्र में देश के 60 फीसदी युवाओं, 80 प्रतिशत किसानों के साथ धोखा है।

## भाजपा का दुनियाभर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में काम करने का वादा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तमिलनाडु के लोगों से जुड़ने की कोशिश करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता (भाजपा) की सरकार पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में काम करेगी। तमिलनाडु में अपने पांव जमाने के लिए भाजपा पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी भी लगातार वहां के दौरे कर रहे हैं।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा



का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। भाजपा तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। तिरुवल्लुवर एक प्रसिद्ध तमिल कवि और दार्शनिक थे। प्रधानमंत्री ने पूर्व में कई मौकों पर युवाओं से तिरुवल्लुवर की पुस्तक कुरल पढ़ने के लिए कहा था, जो एक प्रसिद्ध तमिल ग्रंथ है और जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में नैतिकता पर ज्ञान प्रदान करता है। भाजपा के लिए तमिलनाडु और पड़ोसी केरल ऐसे राज्य हैं जहां वह अब तक कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीट है जबकि केरल में 20 सीट है। दोनों राज्यों में आम चुनाव के पहले दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को मतदान होना है। पांच दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु 39 सीट, कर्नाटक 28 सीट, हैं।

## भाजपा पर बाबा साहेब को दिखावटी सम्मान देने का मायावती ने आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर परोक्ष हमला बोलते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को दिखावटी सम्मान देने का उस पर रविवार को आरोप लगाया। यहां जारी एक बयान में मायावती ने किसी दल का नाम लिए बिना कहा, संकीर्ण चुनावी स्वार्थ के लिए बाबा साहेब का जितना दिखावटी सम्मान, उतना ही ज्यादा उनके अनुयायियों की उपेक्षा और तिरस्कार, जातिवादी पार्टियों और उनकी सरकारों की मुंह में राम, बगल में छुरी की कहावत को चरितार्थ करता है। यह आज भी जारी है और इस छलावे से सावधान रहने की बहुत जरूरत है।

कांग्रेस पर हमला करते हुए मायावती ने कहा, कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा सही नीयत एवं नीति के अभाव में केवल चुनावी नारा बनकर पूरी तरह से विफल रहा और अब बहुजनों का यही बुरा हाल भाजपा सरकार में हो रहा है क्योंकि आसमान छूती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन का अभिशाप लोगों के जीवन को बद से बदतर बना रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, इसलिए यह लोकसभा चुनाव वह सही समय है जब देश एवं जनहित में इन जरूरी बातों को ध्यान में रखकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें ताकि देश में सही संवैधानिक सोच वाली बहुजन हितैषी सरकार बन सके, यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देश के करोड़ों गरीबों, शोषितों, वंचितों, उपेक्षितों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित करती हूं।

## विजयवाड़ा में रोड शो के दौरान पथराव में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी घायल

पायनियर समाचार सेवा। विजयवाड़ा

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी पर अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख रेड्डी पर मेमंता सिद्धम (हम बिल्कुल तैयार हैं) नामक बस यात्रा के दौरान पत्थर फेंके गए और एक पत्थर उनकी आंख से ठीक ऊपर माथे पर लगा जिससे वहां छोटा सा कट लग गया। राज्य की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव से पहले शनिवार को रेड्डी के 21 दिवसीय चुनाव प्रचार का 14वां दिन था।

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री जब अपने बस यात्रा के दौरान सिंह नगर के विवेकानंद स्कूल सेंटर में भीड़ का अभिवादन कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें पत्थर लगा। बयान में बताया गया कि चिकित्सक की





सलाह के बाद उन्हें विजयवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया है जिसके बाद वह देर रात करीब साढ़े 12 बजे एनटीआर जिले में केसरपल्ले में अपने रात्रि विश्राम स्थल लौट आए। एक चिकित्सक ने पत्रकारों से कहा कि एक प्लास्टिक सर्जन ने रेड्डी के जख्म पर दो-तीन टांके लगाए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को पेट के बल नहीं सोने की सलाह दी गई है।

वाईएसआरसीपी ने शनिवार देर रात एक बजे जारी बयान में कहा कि बस यात्रा विराम लेगी और पार्टी रविवार को अगला कार्यक्रम जारी करेगी। बयान में कहा गया है, चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की जख्म की जांच की और घाव पर टांके लगाने से पहले लोकल एनेस्थीसिया दिया...चिकित्सकों ने उन्हें थोड़ा आराम करने की सलाह दी है।

अस्पताल के कर्मचारियों का अभिवादन करने के बाद, मुख्यमंत्री जगन केसरपल्ले प्रवास स्थल (रात्रि विश्राम) के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देर रात एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी गारू के शीघ्र स्वस्थ होने और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रेड्डी पर पथराव की निंदा की। उन्होंने एक्स पर कहा, राजनीतिक मतभेद कभी भी हिंसा तक नहीं बढ़ने चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने के साथ-साथ शिष्टता और आपसी सम्मान को बनाए रखें। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने एक्स पर कहा, मैं जगन जी पर हमले के बारे में सुनकर स्तब्ध हूं। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। विजयवाड़ा के पुलिस आयुक्त कांती राना टाटा ने कहा कि पुलिस अभी तक हमले में शामिल लोगों को नहीं पकड़ पाई है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, कुछ सुराग मिले हैं और हम वीडियो और ड्रोन फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं। हम आरोपियों की पहचान करेंगे। हमें लगता है कि यह (पत्थर) फूलों के साथ फेंका गया था। इतने सारे लोग (रेड्डी पर) फूलों की पंखुड़ियां बरसा रहे थे और उसी बीच किसी ने पत्थर फेंके। सीएमओ द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, रेड्डी अपनी दाहिनी और भीड़ का अभिवादन करते हुए दिखाई दे रहे हैं, तभी एक पत्थर उनके माथे पर आकर लगा। बस के अंदर एक चिकित्सक ने तत्काल उनका प्राथमिक उपचार किया। इस घटना के बावजूद मुख्यमंत्री ने शहर में अपना दौरा जारी रखा और चार घंटे तक प्रचार किया।

उन्होंने रात करीब 11 बजे अपना प्रचार समाप्त किया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा कि वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री वी श्रीनिवास को भी एक पत्थर लगा। वह रेड्डी के पास खड़े थे। इस बीच वाईएसआरसीपी नेताओं ने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे तेदेपा (तेलुगु देशम पार्टी) का हाथ है। वाईएसआरसीपी नेता हफीज़ खान ने कहा, इस कायरतापूर्ण कृत्य के पीछे तेदेपा है क्योंकि वे मुख्यमंत्री जगन को (तेदेपा के) तथाकथित गढ़ (विजयवाड़ा) में उनकी मेमंता सिद्धम यात्रा के दौरान मिल रही भारी प्रतिक्रिया को बर्दाश्त नहीं कर पाई। हम पुलिस से अपराधियों को पकड़ने का आग्रह करते हैं। तेदेपा को पता होना चाहिए कि वे इस तरह के हमलों से चुनाव नहीं जीत सकते। तेदेपा प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने रेड्डी पर हमले की निंदा की। उन्होंने एक्स पर कहा, मैं जगन पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से अनुरोध करता हूं कि वह घटना की निष्पक्ष जांच शुरू करे और जिम्मेदार अधिकारियों को दंडित करे। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता और तेलंगाना के पूर्व मंत्री के. तारक रामा राव ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। विजयवाड़ा की घटना के बाद वाईएसआरसीपी के कई कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने राज्य में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। राज्य में 175 सदस्यीय विधानसभा तथा 25 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को चुनाव होगा और चार जून को नतीजे आएंगे।

**संक्षिप्त समाचार**

## विश्व कप टीम में हार्दिक का सलेक्शन मुश्किल, छिड़ी बहस



**नई दिल्ली।** स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इन दिनों आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते नजर आ रहे हैं। अब तक खेले गए पांच मैचों में वह कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। गेंद और बल्ले से उनका प्रदर्शन निराशानक रहा है। ऐसे में उनका टी-20 विश्व कप स्क्वॉड में चुनाव मुश्किल माना जा रहा है। इस बीच मशहूर क्रिकेट कमेंटटेटर हर्षा भोगले ने पांड्या के सेलेक्शन को लेकर बड़ा बयान दिया है। हर्षा भोगले ने कहा, अगर हार्दिक पांड्या बॉलिंग नहीं कर रहे हैं, तो क्या उन्हें टी-20 विश्व कप की टीम में जगह मिलेगी। अगर वह गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं तो क्या वह भारत के टॉप 6 बल्लेबाजों में से एक है? मैं इस बारे में पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हूं, क्योंकि अगर वह गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं और वह उतनी मजबूती से फिनिश भी नहीं कर पा रहे हैं तो उन्हें ऊपर बल्लेबाजी करने की जरूरत है, जहां बहुत तगड़ा कॉम्पटीशन है। गौरतलब है कि आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत से पहले मुंबई इंडियंस की कप्तानी रोहित शर्मा से छीनकर हार्दिक पांड्या को सौंप दी गई। इसको लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल हुआ। शुरुआती तीन मैचों में टीम को लगातार हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, टीम ने दिल्ली के खिलाफ वापसी करते हुए लगातार दो मैचों में जीत दर्ज की है।

## गोल्फः अक्षय तीसरे दौर में चूके, शेफलेर को एकल बढ़त

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने 88वें आगस्टा मास्टर्स के तीसरे दिन दो ओवर 74 के स्कोर के साथ शीर्ष दस में रहने का मौका गंवा दिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया पांच ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय मूल के ही साहित थीगाला संयुक्त 36वें स्थान पर हैं, जिन्होंने छह ओवर के साथ लगातार तीसरे दिन 74 स्कोर किया। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने सात अंडर के साथ एकल बढ़त बना ली है।

# सनराइजर्स के खिलाफ आरसीबी की नजरें गेंदबाजों पर

### अभी तक अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन कर सकें हैं बेंगलुरु के बॉलर

**एजेंसी। बेंगलुरु**

**लगातार** खराब प्रदर्शन से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जो अभी तक चल नहीं सके हैं।

रॉयल चैलेंजर्स के पास नामी गिरामी खिलाड़ी और मशहूर कोच हैं, लेकिन अभी तक उनकी कोई रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। छह मैचों में एकमात्र जीत के साथ टीम 10वें स्थान पर है। इसका कारण उसके गेंदबाजों का असरदार साबित नहीं होना भी है। वे हालात के अनुरूप प्रदर्शन कर पाने में नाकाम रहे हैं। इस आईपीएल में गेंदबाजों ने वैरिएशन पर काम किया है ताकि अति आक्रामक बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया जा सके, लेकिन आरसीबी के गेंदबाज ऐसा नहीं कर पाए। वे एक ही दिशा में सोचते चले आ रहे हैं, जिससे बल्लेबाजों को



उन्हें खेलने में कोई मुश्किल नहीं हो रही। मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के बल्लेबाजों ने 196 रन बनाए, लेकिन मुंबई ने सिर्फ 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। ओस या छोटी सीमारेखा को बहाना नहीं माना जा सकता, जब गेंदबाज 13 रन प्रति ओवर से अधिक रन लुटा रहे हों। आरसीबी के गेंदबाजों में जीत की ललक या जुझारूपन का अभाव साफ दिख रहा है।

दूसरी ओर हैदराबाद के पास हेनरिच क्लासेन (186) और अभिषेक शर्मा (177) जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं, जबकि ट्रेविस हेड (133) भी लगातार अच्छा खेल रहे हैं। एक ईकाई के रूप में ये किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। पांच मैचों में छह अंक लेकर फिलहाल पांचवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स की भी कमजोर कड़ियां हैं। अभी तक गेंदबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। शाहबाज अहमद और मयंक मार्कंडेय ने 11 से अधिक की औसत से रन दिए हैं। हैदराबाद के पास हालांकि कप्तान पैट कमिंस के रूप में संकटमोचक है, जिसने छह विकेट लिए हैं और सात की औसत से रन दिए हैं। वह नई गेंद से या बीच के ओवरों में दूसरे बदलाव के तौर पर या डैथ ओवरों में हर जगह अच्छी गेंदबाजी करने में कामयाब रहे हैं।

टी नटराजन के आने से गेंदबाजी में संतुलन आ गया है। आरसीबी के पास विराट कोहली जैसा तुरूप का इक्का है जो इस समय आरेंज कैप पहने है। वहीं फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार और दिनेश कार्तिक ने भी मुंबई के खिलाफ अर्धशतक बनाए थे। ग्लेन मैक्सवेल का फॉर्म हालांकि चिंता का सबब बना हुआ है।


### दोनों टीम के खिलाड़ी

**सनराइजर्स हैदराबादः** कमिंस (कप्तान), जयदेव, जे सुब्रमण्यन, टी. नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर, फजलहक, वाशिंगटन, शाहबाज, सनवीर, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, मार्कराम, क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश सिंह, हसरंगा और उमरान मलिक।

**रॉयल चैलेंजर्स :** डु प्लेसी (कप्तान), मैक्सवेल, कोहली, पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार, आकाश दीप, मो. सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव।

**मैच : शाम 7.30 से**

## 'आरसीबी को हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत'



**सनराइजर्स** हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में खराब शुरुआत को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि सोमवार को मेजबान को हराने के लिए उनकी टीम को असाधारण प्रयास की जरूरत होगी।

आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में छह मैचों में से सिर्फ एक जीतकर दो अंकों के साथ आईपीएल तालिका में 10वें स्थान पर है। विटोरी ने रविवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम आरसीबी के स्तर को कम आंकती है। वे एक बहुत अच्छी टीम हैं इसलिए उन्हें हराने के लिए हमें असाधारण प्रदर्शन की जरूरत होगी। प्रत्येक (आईपीएल) मैच कठिन है और विशेष रूप से जब आप घर से दूर खेल रहे हों। विटोरी ने कहा कि आरसीबी ने अपनी पिछली हार से सबक सीखा होगा और घरेलू टीम सनराइजर्स को दबाव में डाल सकती है।

उन्होंने कहा, आरसीबी स्पष्ट रूप से पिछले मैचों में जो हुआ उससे सीखता रहेगा और वे काफी आक्रामक होने जा रहे हैं। हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में काफी दबाव में होंगे क्योंकि वह काफी आक्रमक हैं। विटोरी ने कहा, इसलिए हमें इसका मुकाबला करने के तरीके ढूंढने होंगे और फिर अपनी बल्लेबाजी फॉर्म को बरकरार रखना होगा जो वास्तव में अच्छा रहा है।

# साल्ट का अर्धशतक, सुपर जाइंट्स को नाइट राइडर्स ने आठ विकेट से रौंदा

### लखनऊ की 162 रन की चुनौती को कोलकाता ने सिर्फ 15.4 ओवर में किया पूर्ण

**एजेंसी। कोलकाता**

**फिल** साल्ट की नाबाद 89 रन की आक्रामक पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल टी-20 मैच में रविवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से करारी शिकस्त दी।

साल्ट ने 47 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाने के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 गेंदों में 120 रन की अटूट साझेदारी की। अय्यर ने 38 गेंद में नाबाद 38 रन की संयमित पारी के दौरान छह चौके जड़े। एलएसजी की पारी को सात विकेट पर 161 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 15.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। एलएसजी के मोहसिन खान ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिए। टीम ने 22 अतिरिक्त रन लुटाए। लखनऊ सुपरजायंट्स की यह छह मैचों में तीसरी हार है।

इससे पहले निकोल्स पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश



राहुल (27 गेंद में 39 रन) की उपयोगी पारियों से एलएसजी को 160 रन से अधिक स्कोर तक पहुंचाया। पूरन ने आखिरी ओवरों में चार छक्के और दो चौके लगाए जबकि राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाए।

इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नारायण ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का बचाव करते हुए एलएसजी के लिए पदार्पण कर रहे शमार जोसेफ का पहला ओवर घटना प्रधान रहा। नारायण (06) ने इस ओवर में चौका तो वहीं युवा बल्लेबाज फिल साल्ट ने छक्का लगाया जबकि 10 रन अतिरिक्त के कोटे में रहे।

टीम में वापसी कर रहे मोहसिन ने अपने अगले दो ओवरों में नारायण और अंगकृष रघुवंशी (सात) को पवेलियन की राह दिखाई। इस बीच तीसरे ओवर में कृणाल के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाने वाले साल्ट ने छठे ओवर में यश ठाकुर की शुरुआती दो गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर दो विकेट पर 58 रन था। एलएसजी की टीम इस मैच में स्थानीय दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपरजायंट्स की ऐतिहासिक लाल और हरे रंग की जर्सी में मैदान में उतरी थी।

## गुजराती को हराकर गुकेश ने बनाई संयुक्त बढ़त

### कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट

**हम्पी ने वैशाली को दी शिकस्त कारूआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर**



**नौवें दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना गुकेश से**

**एजेंसी। टोरंटो**

**भारत** के डी गुकेश ने हमवतन विदित गुजराती को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर के बाद रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ संयुक्त बढ़त बना ली है।

आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला, जबकि हिकारू नकामूरा ने फेबियानो कारूआना को हराया। नेपोम्नियाश्चि को निजात अबासोव ने ड्रॉ पर रोका। टूर्नामेंट के छह दौर अभी बाकी है। गुकेश और नेपोम्नियाश्चि के पांच अंक हैं, जबकि नकामूरा और प्रज्ञानानंदा के 4.5 अंक है। कारूआना चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर है। गुजराती के 3.5 अंक हैं, जबकि अबासोव के 2.5 अंक हैं। महिला वर्ग में कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया और अब उनके 3.5 अंक हैं।

चीन की झोंगई तान को हमवतन टी लेइ ने हराया। अब रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना और लेइ आठ में से पांच अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हम्पी और नूरगुल सलीमोवा पांचवें स्थान पर हैं। वैशाली 2.5 अंक लेकर आखिरी स्थान पर है। नौवे दौर में प्रज्ञानानंदा का सामना गुकेश से और नकामूरा का गुजराती से होगा।

## किंग्स के कप्तान धवन सात से दस दिन के लिए आईपीएल से बाहर : संजय बांगड़

**धवन जैसा अनुभवी खिलाड़ी टीम के लिए बहुत जरूरी**

**एजेंसी। मुल्लांपुर**

**राजस्थान** रॉयल्स से करीबी मुकाबला हारने के बाद पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने संकेत दिया कि कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण कम से कम सात से दस दिन बाहर रहेंगे। धवन रॉयल्स के खिलाफ भी नहीं खेल सके थे, जिनकी जगह सैम कुरेन ने कप्तानी की थी।

बांगड़ ने कहा, उसके कंधे में चोट लगी है और वह कुछ दिन और बाहर रहेगा। शिखर जैसा अनुभवी सलामी बल्लेबाज टीम के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा , देखना होगा कि उपचार कैसा रहता है। इस समय तो लग रहा है कि वह कम से कम सात से दस दिन नहीं खेल सकेगा। सत्र की शुरुआत में कप्तानों की बैठक में पंजाब की नुमाइंदगी जितेश शर्मा ने की थी चूंकि धवन बुखार के कारण मुल्लांपुर में ही रह गए थे। इसे देखते हुए रॉयल्स के खिलाफ टॉस के लिए कुरेन का आना हैरानी भरा था लेकिन बांगड़ ने कहा कि उनकी भूमिका हमेशा से तय थी।



उन्होंने कहा, सैम पिछले साल भी टीम की कप्तानी कर चुका है। वह ब्रिटेन से देर से आने वाला था और कुछ अभ्यास सत्र में भाग लेना चाहता था।

यही वजह है कि बैठक में हमने उसकी बजाय जितेश को चेन्नई भेजा। धवन और जॉनी बेयरस्टो टीम को अच्छी शुरूआत नहीं दे सके हैं। धवन की जगह आए अथर्व तायडे भी कुछ नहीं कर सके।

## मेसी के दम से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को दी मात

**मेसी और सुआरेज जैसे स्टार को देखने स्टेडियम में उमड़े प्रशसंक**



**एजेंसी। कैंसास सिटी**

**करिश्माई** खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई, जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3-2 से हराया।

इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेसी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा।

मेसी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

## बोबाट ने ग्लेन मैक्सवेल की चोट से जुड़ी चिंताओं को खारिज किया

**एजेंसी। बेंगलुरु**

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल की फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर किया।

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी के पिछले मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैक्सवेल के अंगूठे पर चोट लग गई थी, लेकिन बोबाट ने कहा कि यह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर चोट से अच्छी तरह से उबर गया है। बोबाट ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मैक्सी (मैक्सवेल) के कुछ स्कैन हुए हैं और वह फिलहाल ठीक हैं इसलिए चोट की कोई चिंता नहीं है। वह अभ्यास करने जा रहे हैं और फिर देखेंगे। मैक्सवेल आईपीएल के मौजूदा सत्र में खराब दौर से गुजर रहे हैं और छह मैचों में 5.33 की औसत



से सिर्फ 32 रन ही बना पाए हैं। हालांकि बोबाट ने जल्द से जल्द चीजों को बदलने के लिए मैक्सवेल का समर्थन किया।

बोबाट ने कहा, वह निराश है। वह शीर्ष स्तरीय खिलाड़ी है और उसके पिछले 12 से 24 महीने बहुत प्रभावशाली रहे हैं। वह हमारी योजनाओं का हिस्सा है और हमारे बल्लेबाजी क्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए अब तक हम उसका समर्थन करने की कोशिश कर रहे हैं और उसे अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में मदद करेंगे। बोबाट ने कहा कि पिछले मैच में (मुंबई इंडियंस के खिलाफ) रजत (पाटीदार) को फॉर्म में वापस आते देखना अच्छा है। हम वास्तव में खेल के बीच के चरण को लक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, जहां हमें लगता है कि हम शायद बेहतर गति से रन बना सकते हैं।

### सरिता मोर अप्रत्याशित हार के बाद एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप से बाहर

# पहलवान अंजू और हर्षिता फाइनल में पहुंचीं


**स्वर्ण पदक के लिए रेलवे की अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती शेष**

**एजेंसी। बिश्केक (किर्गिस्तान)**

**भारतीय** पहलवान अंजू और हर्षिता ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि अनुभवी सरिता मोर शुरुआती दौर में अप्रत्याशित हार के बाद बाहर हो गई।

हाल ही में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में विनेश फोगाट को हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता से





जीत दर्ज की।

सेमीफाइनल में उन्हें चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह 9-6 से जीत दर्ज करने में सफल रही। स्वर्ण पदक के लिए अंजू के सामने कोरिया की जि हयांग किम की चुनौती होगी। हर्षिता ने फाइनल तक के सफर में सिर्फ तीन अंक गंवाएं। उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाकिस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से मात दी। फाइनल में उनका मुकाबला चीन की कियान जियांग से होगा।

### सरिता को क्वार्टर फाइनल में मिली शिकस्त

भारतीय टीम को हालांकि 2021 विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता सरिता की हार से बड़ा झटका लगा। सरिता अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला मंगोलिया की गंटुया एनखबत से 4-8 से हार गईं। 28 साल की यह खिलाड़ी इस श्रेणी में पदक की प्रबल दावेदार थी। सरिता को हराने के बाद एनखबात अपना सेमीफाइनल हार गईं, जिससे भारतीय पहलवान के लिए रेपेचेज का रास्ता बंद हो गया। मनीषा भानवाला (62 किग्रा) और अंतिम कुंडू (65 किग्रा) कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## आईपीएल के जरिए टी-20 विश्व कप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं हेड

**एजेंसी। बेंगलुरु**

**आस्ट्रेलिया** के ट्रेविस हेड ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्हें पता है कि यह स्तर बनाए रखना चुनौतीपूर्ण है और इस सफर का पहला पड़ाव टी-20 विश्वकप होगा।

हेड ने विश्वटेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और 50 ओवरों के विश्वकप में शतक जमाए थे। अब वह इंडियन प्रीमियर लीग के जरिए जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारी पुख्ता करना चाहते हैं। हेड ने एक इंटरव्यू में कहा, एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और विदेश में भी उसी तरह खेलता हूं। अब लगातार अच्छा खेलने का दबाव है। उन्होंने कहा, सभी प्रारूपों में यह मैं सुनिश्चित करता हूं कि बेसिक चीजों पर अडिग रहूं। यही मेरी तकनीक और ब्लूप्रिंट है।

उन्होंने कहा, विश्वकप अब करीब है और उम्मीद है कि सनराइजर्स टीम में रहने और शीर्षक्रम पर खेलने से मेरी तैयारी पुख्ता होगी। इस लय को विश्वकप में लेकर जा



सकूंगा। आईपीएल का पूरा सत्र खेलने से विश्वकप से पहले थकान या चोट का मसला हो सकता है। यह पूछने पर उन्होंने कहा , यह अहम है कि पूरे आईपीएल में मानसिक रूप से तरोताजा रहूं और अपने खेल पर काम करता रहूं। यह सुनिश्चित करूं कि विश्वकप के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं तैयार हूं।